** वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच
मंगलवार, 08 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 274, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 638 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 638 अंक और लुढ़क गया। } 14

## नक्सली मानवाधिकारों के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा बल अब नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक अभियान चला रहे हैं और उन्होंने कहा कि वे मानवाधिकार के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं। } 16



### षष्ठम-कात्यायनी



**चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना। कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।**

महर्षि कात्यायन ने माता दुर्गा की तपस्या कर उनसे अपनी पुत्री होने का वर मांगा था। उनके यहां पुत्री रूप में प्रकट माता का नाम कात्यायनी हुआ। कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्ति के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। माता पार्वती का सबसे ज्वलंत स्वरूप देवी कात्यायनी हैं। देवी कात्यायनी को योद्धाओं की देवी भी कहा जाता है। असुरों के आतंक और अत्याचार से देवताओं तथा ऋषियों की रक्षा के लिए माता पार्वती कात्यायन ऋषि के आश्रम में अपने ज्वलंत स्वरूप में प्रकट हुईं।

# हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आज

एजेंसी

चंडीगढ़/जम्मू। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम मंगलवार को आएंगे।

दोनों राज्यों में किसकी सरकार बनेगी, इसका फैसला होने में अब कुछ ही देर बाकी है। मतगणना के लिए दोनोंक ही राज्यों में जहां विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं, वहीं एक्जिट पोल को देखते हुए राजनीतिक दलों के जीत के दावे भी तेज हो गए हैं। विपक्षी दल नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस जहां जम्मू चुनाव नतीजे अपने पक्ष में आने का दावा कर रहा है, वहीं भाजपा के नेता तेल देखो-तेल की धार देखो की रणनीति अपनाए हुए हैं और दावा कर रहे हैं कि इस बार केनतीजे चौंकाने वाले होंगे। हरियाणा में भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेसी मुख्यसमंत्री बनने के जहां दावे कर रहे हैं, वहीं भाजपा नेता अनिल बिज का दावा है कि हरियाणा में फिर भाजपासरकार बनेगी और इस बार वे ही मुख्यमंत्री बनेंगे। ज्यादातर एक्जिट पोल जहां कांग्रेस की सरकार बनाते दिख रहे हैं, वहीं भाजपा अभी हार मानने के पक्ष में नहीं है। उसके नेता मानते हैं, चुनावनतीजे आने दीजिए, हरियाणा में नतीजे पूरी तरह विस्मित करने वाले होंगे। जम्मू-कश्मीर में 1 अक्टूबर ...शेष पृष्ठ 14 पर

- कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच होगी मतगणना, सैन्य बल मुस्तैद
- जीत-हार पर भाजपा और कांग्रेस के अपने-अपने दावे

# विकसित भारत का लक्ष्य पूरा किये बिना मुझे चैन नहीं : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहले गुजरात और फिर केंद्र में सरकार के मुखिया के रूप में सार्वजनिक पद पर रहते हुए 23 वर्ष की अवधि पूरी करने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारतीयों को आश्वस्त किया कि वह और भी अधिक जोश के साथ अथक परिश्रम करते रहेंगे तथा तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे जब तक कि विकसित भारत का सामूहिक लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता।

मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ हासिल किया गया है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने एक्स पर कई पोस्ट में कहा कि सरकार के मुखिया के रूप में 23 वर्ष की अवधि पूरे होने पर मुझे आशीर्वाद और शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों का हार्दिक आभार। सात अक्टूबर, 2001 को मैंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करने की जिम्मेदारी संभाली थी। यह मेरी पार्टी भाजपा की महानता थी कि उसने मुझ जैसे कार्यकर्ता को राज्य प्रशासन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। मोदी ने कहा कि जब मैंने मुख्यमंत्री का पद संभाला था तो गुजरात कई चुनौतियों 2001 का कच्छ भूकंप, इससे पहले सुपर साइक्लोन, भयंकर सूखा और कई दशकों के कांग्रेस का कुशासन जैसे लूट, सांप्रदायिकता और जातिवाद का सामना कर रहा था। जनशक्ति से प्रेरित होकर हमने गुजरात का पुनर्निर्माण किया और इसे प्रगति की नई उंचाइयों पर पहुंचाया, यहां तक कि कृषि जैसे क्षेत्र में भी जिसके लिए राज्य को पारंपरिक ...शेष पृष्ठ 14 पर



### मालदीव के राष्ट्रपति से मिले प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से सोमवार को मुलाकात की और पिछले साल खराब दौर से गुजरने के बाद बेहतर हो रहे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दोनों नेताओं के बीच व्यापक चर्चा होने की संभावना है। मुइज्जू चार दिवसीय यात्रा पर रविवार शाम यहां पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत-मालदीव के विशेष संबंधों को आगे बढ़ाते हुएउ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति एम.एम. मुइज्जू का हैदराबाद हाउस में गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत और मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तृत चर्चा होगी। इससे पहले ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## तीन आईएएस और नौ पीसीएस के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार को तीन आईएएस और नौ पीसीएस का तबादला कर दिया है। आईएएस बृजेश नारायण सिंह को सहकारी समितियों का प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक, राजेश प्रकाश को मत्स्य विभाग का प्रभारी महानिदेशक और राजेश कुमार को वर्तमान पद के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर विवि के कुलसचिव पद का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा पीसीएस पुष्पराज सिंह को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव प्रो. राजेन्द्र सिंह विवि, प्रयागराज का अतिरिक्त प्रभार, हरिओम शर्मा को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर का अतिरिक्त प्रभार, विजय कुमार सिंह को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव राजा महेंद्र प्रताप सिंह विवि अलीगढ़ का अतिरिक्त प्रभार, प्रमोद कुमार को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव मां पाटेश्वरी विवि, बलराम का अतिरिक्त प्रभार, डॉ. विश्राम को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव मां विन्ध्वासिनी विवि, मीरजापुर का अतिरिक्त प्रभार, शशि भूषण को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव गुरू जम्भेश्रर विवि, मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार, दुर्गेश मिश्रा को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विवि गोरखपुर का अतिरिक्त प्रभार...शेष पृष्ठ 14 पर

# विरोध के नाम पर अराजकता बर्दाश्त नहीं

## सभी मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों अथवा साधु-संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

त्योहारों के दृष्टिगत सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए। महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच ...शेष पृष्ठ 14 पर



## मोदी के नेतृत्व में वैश्विक महाशक्ति बनने के मार्ग पर अग्रसर है भारत

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संवैधानिक पद पर 23 वर्ष पूर्ण कर लिए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। सीएम योगी ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक 23 वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शक और पाथेय हैं। मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में बिना थके, डिगे व रुके रही 23 वर्ष की लोकसाधना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के स्वप्नदृष्टा, 140 करोड़ देशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए अविराम साधनारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां भारती की सेवा और लोक-कल्याण को समर्पित गौरवशाली 23 वर्ष आज पूर्ण हो गए हैं। मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे आपकी 23 वर्षों की लोक साधना में आस्था, अस्मिता, आधुनिकता, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को संरक्षण-संवर्धन मिलने के साथ ही हर स्तर पर वंचित को वरीयता प्राप्त हुई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि उनकी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) प्रत्येक नीति और हर योजना ने वंचितों-गरीबों के समग्र उत्थान को नए आयाम प्रदान किए हैं। स्वामी समर्थ रामदास की 'उपभोग शून्य स्वामी' की संकल्पना और चाणक्य नीति सूत्र के श्राजा प्रथमोसेवकश की परिभाषा को साकार कर रहे प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में 'नया भारत' आज वैश्विक महाशक्ति बनने के मार्ग पर सतत अग्रसर है। वे सच्चे अर्थों में आधुनिक भारत में 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के वास्तुकार हैं। उनका जीवन लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला है। मां भारती को परम वैभव तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करते 23 वर्षों की यशस्वी यात्रा के लिए प्रधानमंत्री को हार्दिक बधाई।

# स्वास्थ्य और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने को सरकार प्रतिबद्ध

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के लिए पूरी सरकार और पूरे समाज के दृष्टिकोण को अपनाती है, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया है।

नड्डा ने कहा कि सभी को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप, केंद्र सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य आश्वासन योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) शुरू की है। उन्होंने यहां विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिणपूर्व एशिया क्षेत्र (एसईएआरओ) के 77वें सत्र के उद्घाटन भाषण में कहा, इस पहल के तहत 12 करोड़ से अधिक परिवार शामिल हैं और प्रत्येक परिवार को सालाना 6,000 अमेरिकी डॉलर का अस्पताल में भर्ती पर होने वाले खर्च का लाभ मिलता है। यहां जारी एक बयान में कहा गया कि नड्डा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार ने हाल ही में इस योजना का विस्तार 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए किया है। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से लगभग 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा, जिनमें छह करोड़ बुजुर्ग आबादी शामिल है, क्योंकि उन्हें मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान किया जाएगा। यह भारत की बढ़ती बुजुर्ग आबादी के लिए सार्वभौमिक और समावेशी स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से उत्पन्न बढ़ती सार्वजनिक ...शेष पृष्ठ 14 पर



## मेडिसिन का नोबेल दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को

**वाशिंगटन।** नोबेल प्राइज 2024 के लिए विजेताओं की घोषणा आज यानी सोमवार, 7 अक्टूबर से शुरू हो गई है। आज मेडिसिन या फिजियोलॉजी के क्षेत्र में नोबेल प्राइज की घोषणा की गई है। 2024 के मेडिसिन का नोबेल प्राइज विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को मिला है। उन्हें ये प्राइज माइक्रो आरएनए (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए दिया गया है। माइक्रो आरएनए से पता चलता है कि शरीर में कोशिकाएं कैसे बनती और काम करती हैं। दोनों जीन वैज्ञानिकों ने 1993 में माइक्रो आरएनए की खोज की थी। इंसान का जीन और आरएनए से बना होता है। माइक्रो आरएनए मूल आरएनए का हिस्सा होता है। ये पिछले 50 करोड़ सालों से बहुकोशिकीय जीवों के जीनोम में विकसित हुआ है।

# हम करेंगे संविधान की रक्षा : राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में समावेशिता और समानता की जरूरत पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि कांग्रेस बहुजन को हिस्सेदारी और अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगी। उन्होंने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में दलित किचन के अपने दौरे का एक वीडियो एक्स पर साझा किया।

इस वीडियो में वह खाना बनाने में मदद करते देखे जा सकते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। जैसा शाहू पटोले जी (दलित किचन से जुड़े) ने कहा कि दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता। वो क्या खाते हैं, कैसे पकाते हैं, और इसका सामाजिक और राजनीतिक महत्व क्या है, इस जिज्ञासा के साथ, मैंने अजय तुकाराम सनदे जी और अंजना तुकाराम सनदे जी के साथ एक दोपहर बिताई। उनका कहना था, कोल्हापुर, महाराष्ट्र में मुझे अपने घर सम्मान के साथ बुलाकर रसोई में हाथ बंटाने का मौका दिया। हमने ...शेष पृष्ठ 14 पर



## कोयला खदान में विस्फोट, 4 की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान में विस्फोट हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। हालांकि, पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) ने कहा कि उसकी खदान में विस्फोट के कारण पांच लोगों की मौत हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे भदुलिया ब्लॉक की एक कोयला खदान में हुई। उन्होंने कहा कि अभी तक हमने चार शव बरामद किए हैं। बचाव अभियान जारी है। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

# लालू, तेजस्वी और तेजप्रताप को मिली जमानत

## नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटना में खाली किया सरकारी बंग्ला

एजेंसी

नयी दिल्ली/ पटना। दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके बेटों तेजस्वी यादव एवं तेज प्रताप यादव को नौकरी के बदले जमीन से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को जमानत दे दी।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोपियों को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत देते हुए कहा कि जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था। अदालत द्वारा पहले जारी किए गए समन के अनुपालन के तहत आरोपी उसके समक्ष पेश हुए। न्यायाधीश ने आरोपियों के खिलाफ दाखिल पूरक आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद समन जारी किए थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छह अगस्त को अदालत के समक्ष अंतिम रिपोर्ट दायर की थी। ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर अपना मामला दायर किया। जांच एजेंसी के अनुसार, यह मामला 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में ...शेष पृष्ठ 14 पर

- बंगले से नये सोफे, एसी, हाइड्रोलिक पलंग, मिरर और टोंटी चुराने का आरोप



## आरजी कर गैंगरेप मर्डर केस में आरोपपत्र दाखिल

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने कोलकाता की एक विशेष अदालत में दाखिल अपने आरोपपत्र में कहा है कि स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करने वाले रॉय ने नौ अगस्त को अस्पताल के सभागार में घटना को कथित तौर पर तब अंजाम दिया था जब प्रशिक्षु चिकित्सक वहां सोने के लिए गई थी। अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने आरोपपत्र में सामूहिक बलात्कार के आरोप का उल्लेख नहीं किया है, जिससे संकेत मिलता है कि रॉय ने अकेले ही ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- बंदपड़ी दुग्ध समितियां फिर से शुरू होंगी : धर्मपाल सिंह (पृष्ठ-02)
- यूपी गोसेवा आयोग में उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने संभाला पदभार (पृष्ठ-02)
- भारत-मालदीव ने मुद्रा अदला-बदली समझौता किया (पृष्ठ-14)
- देश में वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट (पृष्ठ-14)
- 65 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर की बिक्री शुरू (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** आईडीएफ ने पुष्टि की है कि मध्य इस्राइल में बजने वाले सायरन यमन से मिसाइल हमले के कारण बजाये गये थे

# इसराइल ने बेरूत में की एयर स्ट्राइक

एजेंसी

रीम (इजराइल)। इस्राइल ने एक बार फिर दक्षिणी लेबनान के बेरूत में एयर स्ट्राइक की है। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह में हिजबुल्ला ठिकानों पर इस्राइल ने हमले किए हैं। यमन से बैलिस्टिक मिसाइल से इस्राइल पर हमला किया है। द टाइम्स ऑफ इस्राइल के मुताबिक हमले के बीच मध्य इस्राइल में सायरन बज रहे हैं। इस्राइली रक्षा बल मामले की जांच कर रहा है। आईडीएफ ने पुष्टि की है कि मध्य इस्राइल में बजने वाले सायरन यमन से मिसाइल हमले के कारण बजाए गए थे। आईडीएफ ने कहा कि मिसाइल को इस्राइल की वायु रक्षा प्रणाली ने सफलतापूर्वक रोक दिया। मिसाइल को एरो लंबी दूरी की मिसाइल रक्षा प्रणाली से मार गिराया गया। इस्राइल की सेना ने एलान किया कि लेबनान सीमा पर हिजबुल्ला के हमले में इस्राइल के रिजर्व सैनिक की मौत हो गई। सैनिक हेरूट निवासी 43 वर्षीय वारंट ऑफिसर (सेवानिवृत्त) अवीव मैगन को सीमा पर मोर्टार से मारा गया। वहीं दक्षिण लेबनान के एक अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में रात को हुए इस्राइली हमले में आठ अग्निशमन कर्मी मारे गए। इस्राइली हमले में बाराशीट में एक स्थानीय अग्निशमन केंद्र को निशाना बनाया गया। जहां 10 नागरिक सुरक्षा सदस्य मौजूद थे। इनमें से आठ के शव बरामद किए जा चुके हैं।...शेष पृष्ठ 14 पर



## फलस्तीनी उग्रवादियों ने इजराइल पर दागे रॉकेट

यरुशलम। गाजा में हमले की बरसी पर शोक मनाए जाने के दौरान सोमवार को फलस्तीनी उग्रवादियों ने इजराइल पर चार रॉकेट दाग दिए। हालांकि, शोक समारोह में कोई बाधा नहीं पहुंची। हमास ने यह भी कहा कि उसने गाजा के विभिन्न हिस्सों में इजराइली सेना पर हमला किया। इजराइली सेना ने कहा कि हमले में दागे गए तीन रॉकेटों को रोक दिया गया और चौथा रॉकेट खुले, खाली क्षेत्र में गिरा। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। सेना ने कहा कि उसने आसन्न हमले को विफल करने के लिए पूरी रात भर और सोमवार को भी हवाई हमले किए। सेना ने कहा कि उसने हमास की प्रक्षेपण चौकियों और भूमिगत उग्रवादी ढांचे को निशाना बनाया। बरसी पर युद्ध ने विनाशकारी...शेष पृष्ठ 14 पर

# गोंडा में विस्फोट से 2 की मौत, 3 गंभीर

## बंद मकान में बन रहा था अवैध पटाखा

जिला संवाददाता

गोंडा। जिले में सोमवार दोपहर बाद एक बंद मकान में अवैध रूप से पटाखा बनाते समय हुए विस्फोट हो गया जिससे इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य जख्मी हो गए।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सोमवार को बताया कि तरबगंज थाना क्षेत्र के रगड़गंज गांव में आज दोपहर बाद मोहम्मद फारुख के बंद मकान में गांव के ही कुछ लोग अवैध रूप से पटाखे बना रहे थे। उन्होंने बताया कि इस बीच पटाखा बनाते समय अचानक विस्फोट हो गया, जिसमें पांच लोग घायल हो गये। अधिकारी ने बताया कि उनकी पहचान इश्तियाक (40), अयास (17), कृष्ण कुमार (24), आकाश (15) और लल्लू (30) के रूप में की गयी है। सभी घायलों को तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलसर ले जाया गया, जहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शेष घायलों को उपचार के लिये राज्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मरने वाले की शिनाख्त आकाश और लल्लू के तौर पर हुई है। अस्पताल में मौजूद ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ाकर निवेशकों को नयी सुविधाएं देगी योगी सरकार

## यूपीसीडा में इन्वेस्टमेंट रिफॉर्म्स समेत विभिन्न प्रकार की योजनाओं को किया जायेगा लागू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा

- **इन्वेस्टमेंट प्रमोशन व फैसिलिटेशन के लिए भी तैयार होगा डीटेल्ड मैकेनिज्म जिसको तैयार करने की परियोजना पर शुरू हुआ कार्य**
- **निवेश मित्र पोर्टल की 'सिंगल विंडो प्लैटफॉर्म' प्रणाली होगी और दुरुस्त, निवेशकों को आधुनिक सुविधाएं देने के लिए दो फेज में होगा कार्य**

देने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास कर रही है। सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश ने इस दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। ऐसे में, अब इस प्रगति को नए आयाम देने की दिशा में योगी सरकार द्वारा दो अहम कदम उठाए गए हैं। एक ओर, प्रदेश में निवेश प्रक्रिया के सरलीकरण, तमाम प्रकार की मंजूरी और इन्सेंटिव प्रणाली का लाभ देने व निवेशकों को नई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में इन्वेस्टमेंट रिफॉर्म्स का डीटेल्ड मैकेनिज्म बनाया जाएगा। इसके जरिए इन्वेस्टमेंट प्रमोशन व फैसिलिटेशन का मार्ग प्रशस्त होगा और प्रक्रिया सरलीकरण में मदद मिलेगी। इसी प्रकार, इन्वेस्ट यूपी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल के सिंगल विंडो प्लैटफॉर्म प्रणाली को और दुरुस्त करने पर फोकस किया जा रहा है। प्रक्रिया के अंतर्गत दो चरणों में बिजनेस यूजर्स के लिए यूनिफाइड जी2बी इंटरफेस, माइक्रो सर्विस आर्किटेक्चर, इंटीग्रेशन व एफिशिएंट कंटेंट मैनेजमेंट प्रणाली को पोर्टल से जोड़ा जाएगा।

**आईपीआरएस रैंकिंग फ्रेमवर्क को विकसित करने पर फोकस :** सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश में विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों को प्रक्रिया सरलीकरण समेत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के विभिन्न कॉम्पोनेंट्स का लाभ मिलना चाहिए। इसी दिशा में यूपीसीडा में डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) के मानकों के अनुरूप बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) को लागू किया जाएगा। यह डीटेल्ड मैकेनिज्म की तरह कार्य करेगा जो यूपीसीडा के ऑफिशियल्स की परफॉर्मेंस में इजाफा करने, ऑनलाइन सर्विसेस के मॉडिफिकेशन व निवेश मित्र के साथ उसके इंटीग्रेशन का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके साथ ही, इंडस्ट्रियल पार्क रेटिंग



सिस्टम (आईपीआरएस रैंकिंग) का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

**गैप ऐनालिसिस व इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्ट्रैटेजी पर होगा काम :** यह यूपीसीडा के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में विकास व निवेश के अवसर तलाशने तथा गैप ऐनालिसिस के माध्यम से सुधार के क्षेत्रों में काम करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके अतिरिक्त, इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्ट्रैटेजी के विकास व विस्तार, बिजनेस प्रॉसेस री-इंजीनियरिंग, नॉलेज क्रिएशन, डाटाबैंक मैनेजमेंट, बिजनेस प्रमोशन व मार्केटिंग, जीआईएस सिस्टम के इवैल्युएशन समेत विभिन्न प्रकार के कार्यों का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 3 वर्षों की कार्यावधि के लिए एक कंसल्टेंसी एजेंसी को कार्य सौंपा जाएगा जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**निवेश मित्र पोर्टल की सिंगल विंडो प्रणाली में और सुविधाओं को जोड़ा जायेगा :** सीएम योगी की मंशा अनुरूप, इन्वेस्ट यूपी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल की सिंगल विंडो प्रणाली को और सुदृढ़ कर उसमें नई सुविधाओं को जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत दो फेज में कार्य को पूरा किया जाएगा। पहले फेज में डिजाइन, डेवलपमेंट व इंप्लिमेंटेशन से जुड़ी प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा तथा दूसरे फेज में पोर्टल के ऑपरेशनल मेंटिनेंस पर फोकस किया जाएगा। इस प्रक्रिया के जरिए बिजनेस यूजर्स के लिए यूनिफाइड जी2बी इंटरफेस, माइक्रो सर्विस आर्किटेक्चर, इंटीग्रेशन व एफिशिएंट कंटेंट मैनेजमेंट प्रणाली को पोर्टल से जोड़े जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। डिजिटल फैसिलिटेशन मैकेनिज्म में होगा सुधार प्रक्रिया के अंतर्गत, डिजिटल फैसिलिटेशन मैकेनिज्म में और ज्यादा सुधार किया जाएगा। इसके जरिए, इन्वेस्ट यूपी द्वारा सुझाए गए नए मॉडल्यूल्स का विकास होगा। यह उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों की मौजूदा प्रणाली को सिंगल विंडो प्रणाली का एक्सेस और साथ ही राष्ट्रीय सिंगल विंडो प्रणाली के साथ एकीकरण का माध्यम सुनिश्चित करता है। इसके साथ ही निवेशकों को केवाईए (नो योर अप्रूवल्स), यूएएफ (यूनिफाइड एप्लिकेशन फॉर्म्स), डॉक्यूमेंट रिपोजिटरी, पेमेंट गेटवे, इंडीविजुअल लाइसेंस मॉड्यूल, ग्रीवांस रेड्रेसल, यूजर प्रोफाइल मैनेजमेंट मॉड्यूल,

- **बिजनेस यूजर्स के लिए यूनिफाइड जी2बी इंटरफेस, माइक्रो सर्विस आर्किटेक्चर व एफिशिएंट कंटेंट मैनेजमेंट प्रणाली को जोड़ा जायेगा पोर्टल से, इन्वेस्ट यूपी ने शुरू की तैयारी**
- **प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए निवेश प्रक्रिया सरलीकरण समेत विभिन्न परियोजनाओं पर होगा काम**

रिपोर्टिंग व डैशबोर्ड जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराता है जिसे और सुदृढ़ करने की तैयारी की जा रही है।

# दो बार गौआश्रय स्थल पर जायें पशुचिकित्साधिकारी : धर्मपाल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देश दिये कि पशुचिकित्साधिकारी सप्ताह में दो बार अपने क्षेत्र के गौआश्रय स्थल पर जाए और गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य,

- **गौवंश के स्वास्थ्य, चिकित्सा व औषधि की देखे व्यवस्था**

चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

केयरटेकर रात्रि में गोआश्रय स्थल पर ही रुके और गौवंश के लिए आवश्यक कार्य सुचारू रूप से पूरे करें। जनपद के नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण कर चारा, भूसा, पानी प्रकाश आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। पशुधन मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध हैं इसलिए गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए और निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया जाए। इन कार्यों के लिए ग्राम्य विकास विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। चरागाहों भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए मनरेगा से बहुवर्षीय और सीजनल चारा बुआया जाए। सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अवस्थापन संबंधी कार्य माह फरवरी 25 तक पूर्ण कर लिया जाए। कार्यदाई संस्था द्वारा मानक के अनुरूप तथा ले आउट के अनुसार कार्य किया जाए।

अवस्थापना संबंधी कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। गोवंश शेड, पानी पीने की चराहिया, खडंजा आदि मजबूत एवं व्यवस्थित तरीके से निर्मित कराया जाए। वर्तमान में अब तक प्रदेश के 7589 गोआश्रय स्थलों पर 1208088 निराश्रित गोवंश संरक्षित किये गये हैं। जिन गौ आश्रय स्थलों में अव्यवस्था या गौवंश की देखभाल संबंधी कोई भी शिकायत संज्ञान में आए वहां तत्काल सुधार किया जाए। बैठक में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के. रवीन्द्र नायक ने मंत्री को विभाग की योजनाओं की अद्तन स्थिति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशो का अनुपालन किया जायेगा।

## गोवंश के गले में लगायी जाये रेडियम पट्टी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष नियमावाली 2019 के अन्तर्गत गठित आरक्षित कोश में जमा धनराशि 50 लाख रुपये से अधिक की धनराशि का उपयोग गोवंशों के सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए राजमार्ग, जनपदीय मार्ग एवं अन्य मुख्य सड़कों के समीप स्थित गॉवों के किसानों एवं पशुपालको के गोवंशों के गले में रेडियम पट्टी बॉधे जाने के सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास तथा पशुधन विकास के. रवीन्द्र नायक ने इस सम्बन्ध में सभी जिलाधिकारियों को भेजे परिपत्र में निर्देशित किया है कि उप्र गो संरक्षण एवं संवर्धन नियमावाली, 2019 के अन्तर्गत गठित कोष के उपयोग के सम्बन्ध में व्यवस्था की गई है कि गठित कोष का उपयोग गोवंश विषयक सभी आवश्यक व्ययों पर किया जायेगा जो शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये जायेंगे। इस के लिए जिला स्तर पर एक आरक्षित कोष बनाया जायेगा जिसका उपयोग आपदा ग्रस्त घोषित होने पर जिले में गोवंश के पालन पोषण के प्रयोजन के लिए जिला स्तरीय समिति के अनुमोदनोपरांत किया जा सकेगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव ने बताया कि गोवंश के संरक्षण के लिए सरकार कटिबद्ध है। इस के लिए विस्तृत नीति का प्रख्यापन करते हुये, समय-समय पर निर्देश निर्गत किये गये है। उन्होंने बताया कि सड़क पार करने के दौरान गोवंशों के वाहनों से टकरा जाने पर उनके चोटिल एवं दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचनायें प्राप्त हो रही हैं। रेडियम पट्टी डाले जाने से गोवंश दूर से दिखाई दे सकेंगे इससे गोवंश की सुरक्षा के साथ ही सड़क पर आवागमन कर रहे लोग भी आकस्मिक दुर्घटना से सचेत हो सकेंगे और सतर्क रहेंगे।

# यूपी गोसेवा आयोग में उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने संभाला पदभार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री द्वारा निराश्रित गोवंशों, पंजीकृत गोशालाओं में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण के लिए एवं वृहद स्तर पर गोवंश आधारित प्राकृतिक कृषि मॉडल को समस्त उत्तर प्रदेश में लागू करने के लिए सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्षों एवं सदस्यों को मनोनीत किया है।

सोमवार यहां इन्दिरा भवन स्थित उप्र गोसेवा आयोग कार्यालय के सभागार में महेश कुमार शुक्ल ने उपाध्यक्ष, दीपक गोयल ने सदस्य एवं रमाकान्त उपाध्याय ने सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गोवंश को प्रदेश के किसानों एवं पशुपालकों के लिए समृद्धि का आधार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण में योगदान देना हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। सदस्य दीपक गोयल ने गो संरक्षण एवं निराश्रित गोवंशों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक चर्चा की और कहा कि इस क्षेत्र में अभी और कार्य करना बाकी है जिसे अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के नेतृत्व में पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ किया जाएगा।

सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित आयोग गो संरक्षण एवं गो संवर्धन की दिशा में मुख्यमंत्री के संरक्षण में नये आयाम स्थापित करेगा। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि आयोग जल्द ही बोर्ड की बैठक बुलाकर कार्ययोजना तैयार करेगा एवं मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करके दिखाएगा। सोमवार आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों एवं सदस्यों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से शिष्टाचार भेंट की तथा उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

गोवंश के महत्व से प्रदेश को अवगत कराने के लिए एवं भविष्य में गोवंशों के संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्ययोजना तैयार कर इस मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पदाधिकारियों के मनोनयन के लिए आयोग के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# मंत्री श्रवण कुमार ने जेडीयू को मजबूत करने पर दिया जोर

विशेष संवाददाता (vol)



**चंदौली/लखनऊ।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार व सह प्रभारी जनता दल (यूनाइटेड) उत्तर प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के संगठनात्मक कार्य के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के चंदौली पहुंचे। चंदौली जिला के पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में मंत्री श्रवण कुमार ने संगठन के सभी स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में पार्टी के संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान के समीक्षा की। इस बैठक में काफी अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जेडीयू के संगठनात्मक कार्य को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया तथा वहां उपस्थित पदाधिकरियों एवं कार्यकर्ताओं का भी विचार जाना। स्थानीय तौर पर निचले स्तर पर दल की नीति एवं विचारों को जनता के बीच प्रसारित प्रचारित करने पर बल दिया गया तथा जनता की बातों सुनकर स्थानीय स्तर पर ही लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विचार किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से राकेश मौर्या (पूर्व राज्य मंत्री उप्र सरकार), संतोष पटेल (पूर्व प्रदेश सचिव), जयप्रकाश पटेल (पूर्व प्रदेश सचिव), राम अवध सिंह (पूर्व जिला अध्यक्ष, चंदौली), अभिषेक मौर्य (नामित जिला अध्यक्ष, चंदौली), सुशील पटेल (मंडल संयोजक, झांसी), संजय पटेल (मंडल संयोजक, मिजार्पुर), अरविंद पटेल, अभय पटेल, कृष्णा विश्वकर्मा, दीनानाथ यादव, विजय पटेल, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए सत्ता का दुरूपयोग कर रही है। भाजपा ने साजिश और षड़यंत्र की सीमाएं पार कर दी है। जनता भाजपा की सत्ता लोलुपता समझ गयी है। भाजपा ने आम जनता, किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, गरीबों के साथ विश्वासघात किया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। जनता भाजपा की कोई साजिश नहीं चलने देगी।



समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में सोमवार को कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का आचरण जनविरोधी है। अन्याय, अत्याचार चरम पर है। भाजपा संविधान और लोकतंत्र की मर्यादा को तार-तार कर रही है। लोगों के साथ भेदभाव हो रहा है। भाजपा सरकार में जन समस्याएं बढ़ती जा रही है। जनसमस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ। सरकार में झूठ और लूट का बोलबाला है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। गरीबों की कोई सुनवाई नहीं है। गरीब न्याय के लिए भटक रहा है। उन्होंने पार्टी नेताओं से कहा कि वे संगठन को और मजबूत करने में जुट जाएं। संगठन बूथ स्तर पर मजबूत होना चाहिए। बूथ लेबल पर एजेंट बनाएं। किसान, नौजवान समेत सभी वर्गों की समस्याएं उठाएं। गरीबों और पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद करें। प्रदेश ही नहीं, देश की जनता भी समाजवादियों की तरफ बड़ी उम्मीदों से देख रही है।

# विभिन्न दलों के नेताओं और वकीलों ने ली रालोद की सदस्यता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विभिन्न राजनैतिक दलों के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने सोमवार को हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रामनरेश शुक्ला की अगुवाई में सपा, बसपा व कांग्रेस छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। सभी नेताओं को पार्टी के मुख्यालय पर आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने राष्ट्रीय

- **रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने वरिष्ठ अधिवक्ता समेत कई दलों के नेताओं को ग्रहण करायी सदस्यता**

महासचिव व पूर्व विधायक शिव करन सिंह की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण करायी। रामनरेश शुक्ल के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण करने वालों में सदस्यता लेने वालों में एसके त्रिपाठी, केके तिवारी, पीके मिश्रा, सीपी निगम, एके अवस्थी, अमित शर्मा, विष्णु नारायण, चंद्रकांत मिश्रा, मनोज दीक्षित, केएस वाजपेयी, अंजू यादव, स्वाति शुक्ला,




स्मिता शुक्ला, प्रियंका शुक्ला. समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुहैल सिद्दीकी सहित लगभग दो सौ अधिवक्ताओं ने रालोद की नीतियों की सराहना करते हुए सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा एवं अम्बुज पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल उपस्थित थे। राष्ट्रीय महासचिव शिव करन सिंह ने सभी सदस्यता लेने वालों का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोगों के रालोद में आने से पार्टी मजबूत होगी और आप सभी लोगों को रालोद में उचित सम्मान मिलेगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने राम नरेश शुक्ला व उनके साथियों को सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी का कारवां पूर्वांचल, मध्य उत्तर प्रदेश और बुंदेलखण्ड में तेजी से बढ़ रहा है। वह दिन दूर नहीं जब उत्तर प्रदेश में स्व. चौधरी चरण सिंह के समय का गौरव फिर से लौटेगा। उन्होंने कहा कि शुक्ला और उनके साथियों के आने से लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई में पार्टी को बहुत मजबूती मिलेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता राम नरेश शुक्ला ने कहा कि मैं दल की साफ सुथरी छवि एवं नीतियों से प्रभावित होकर रालोद की सदस्यता ले रहा हूं।

# बंद पड़ी दुग्ध समितियां फिर से शुरू होंगी : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बंद पड़ी दुग्ध समितियों को पुनः चालू किया जाए और वर्तमान में संचालित समितियां किसी भी कारण से बंद न होने पाये। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में

- **क्रियाशील दुग्ध समिति बंद न होने पाये और नई समितियों के गठन का लक्ष्य पूरा किया जाये**
- **किसानों और पशुपालकों को दुग्ध उत्पादों की नई तकनीकों से जोड़ उन्हें जागरूक करें**

दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए जिन 1000 समितियों के गठन एवं पुनर्गठन का लक्ष्य निर्धारण किया गया है, उसे कारगर कार्ययोजना बनाकर शीघ्र पूरा किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि पराग के उत्पादों की मार्केटिंग कर विशेष ध्यान दिया जाए। पशुपालकों एवं किसानों को जागरूक कर प्रशिक्षित किया जाए और उन्हें दुग्ध उत्पादन में तकनीक व नई जानकारियों से साझा कराने का कार्य किया जाए, ताकि प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हो सके और किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके।

दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विगत 06 माह में विभिन्न योजनाओं में आवंटित बजट व उसके उपभोग के संबंध में गत सप्ताह सम्पन्न बैठक में उठाये गये बिन्दुओं पर कृत कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शेष बजट जारी करें और जारी बजट में एक-एक रुपए का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। जिस मद का पैसा हो उसी मद हेतु व्यय किया जाए। श्री सिंह ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाये जाने, एनडीडीबी को दिये गये संस्थानों एवं समितियों के संचालन की गहन समीक्षा की। दुग्ध विकास मंत्री ने पीसीडीएफ के डेयरी प्लांट का संचालन एनडीडीबी को दिये जाने के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज



के डेयरी प्लांट के संचालन की कार्यवाही जल्द पूरी की जाए। दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों का हित राज्य सरकार की प्राथमिकता में है और इन कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। श्री सिंह ने निर्देश दिये कि किसानों एवं पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जाए और किसी भी दशा में विलम्ब न होने पाये। श्री सिंह ने कहा कि शेष दुग्ध संघों को वर्तमान और बकाया भुगतान यथाशीघ्र किया जाए।

बैठक में बताया गया कि माह सितम्बर, 2024 से 4171.86 लाख रुपए का भुगतान दुग्ध संघों को किया गया है। दुग्ध संघ गोण्डा, कानपुर, मथुरा, वाराणसी, झांसी, फिरोजाबाद, अयोध्या द्वारा माह सितम्बर का भुगतान पूर्ण कर दिया गया है। अवगत कराया गया कि वर्तमान में 18108 निबंधित समितियां हैं, जिसके सापेक्ष 7094 कार्यरत समितियां हैं। प्रत्येक दुग्ध संघ द्वारा 02 दुग्ध समितियों का भ्रमण एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। गत एक माह में 714 कार्यरत एवं 428 अकार्यरत दुग्ध समितियां कुल 1142 दुग्ध समितियों में भ्रमण किया गया। बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रवीन्द्र नायक ने मंत्री जी को आश्वस्त करते हुए कहा कि बंद पड़ी दुग्ध समितियों को पुनः क्रियाशील किया जायेगा और संचालित समितियों को सुदृढ़ करने हेतु विभागीय अधिकारियों द्वारा हर संभव कार्य किया जायेगा। किसानों एवं पशुपालकों को दुग्ध मूल्य का भुगतान में कोई विलम्ब नहीं किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन दुग्ध संघों द्वारा अभी भी दुग्ध मूल्य भुगतान में उदासीनता बरती जा रही है उनके द्वारा भुगतान कार्य गंभीरता से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को समितियों की संख्या बढ़ाये जाने के संबंध में तत्परता से कार्य किये जाने के निर्देश दिये।

# उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए सक्रियता और समर्पण आवश्यक : योगेन्द्र उपाध्याय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में विभागीय कार्यों की व्यापक समीक्षा की। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव शिपू गिरी, गिरिजेश त्यागी, निदेशक उच्च शिक्षा प्रयागराज

- **उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा**

डॉ. अमित भारद्वाज सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय कार्यों की प्रगति का आकलन करना और लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना था।

मंत्री उपाध्याय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उच्च शिक्षा विभाग में प्राप्त सभी प्रकरणों और संदर्भों का निस्तारण त्वरित और निर्धारित



समयसीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रहितों और शैक्षिक सुधारों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी अस्वीकार्य है, और सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि की गई कार्यवाही की जानकारी समयबद्ध रूप से संबंधित अधिकारियों और मंत्री कार्यालय को दी जाए, ताकि पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बनाए रखा जा सके। मंत्री उपाध्याय ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए सभी स्तरों पर सक्रियता और समर्पण आवश्यक है, और प्रदेश की सरकार इस दिशा में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी। बैठक में यह भी जोर दिया गया कि विभागीय प्रक्रियाओं में सुधार लाकर कार्यों को और अधिक सुचारू रूप से संचालित किया जाए। बैठक के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए आवश्यक सुझावों को अमल में लाने पर भी बल दिया।

# 500 करोड़ के दो नजूल भूखण्डों की मूल व डुप्लीकेट फाइलें गायब

आशीष मौर्य (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में फाइलों के गायब होने का सिलसिला लगातार जारी है। इस बार 500 करोड़ रुपये के दो नजूल भूखण्डों की फाइलें गायब हो गईं हैं। खास बात यह है कि मूल पत्रावली एवं मूल अभिलेख गायब होने के बाद डुप्लीकेट पत्रावली बनायी गयी। यह भी प्राधिकरण के रिकॉर्ड से गायब हो गई। पूरे मामले में एसआईटी जांच कर रही है। एसआईटी ने गायब फाइलों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के विवरण एलडीए से मांगे हैं। एलडीए प्रशासन की ओर से करीब 60 अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची भेजी गई है। राणा प्रताप मार्ग की नजूल की जमीन के इन भूखण्डों का क्षेत्रफल पांच बीघे से ज्यादा है। यहां सुल्तानगंज में प्राइम लोकेशन में एक भूखण्ड का नंबर 5बी है, जिसका क्षेत्रफल 5 बिस्सा 6 विस्वांसी है, जबकि दूसरे भूखण्ड का नंबर 6बी और क्षेत्रफल 4 बीघे 15 बिस्सा 15 विस्वांसी है। इन दोनों भूखण्डों की फाइलें गायब हो गई हैं। इनकी डुप्लीकेट फाइल खोली गई तो वह भी गायब कर दी गयी। अब इन फाइलों की किसी को जानकारी नहीं है। पड़ताल में सामने आया है कि एलडीए के तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से इन फाइलों को गायब करा दिया गया। उस समय नजूल अनुभाग में तैनात ज्यादातर अधिकारी व कर्मचारी रिटायर्ड हो चुके हैं कई तो दिवंगत हो चुके हैं। शासन ने इस मामले की जांच के लिए प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन अनिल कुमार की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की है। एसआईटी टीम में आईजी रेंज भी शामिल है। एलडीए उपाध्यक्ष को भी सदस्य बनाया गया है। इस जमीन का पट्टा कुछ लोगों के नाम हुआ था लेकिन बाद में इसमें खेल कर दिया गया। एसआईटी ने इस मामले में अब सभी पटटेदारों जिनके नाम समय-समय पर जमीन हुई। उन सभी के विवरण तथा उनके वारिसान, मृतक होने पर उनके स्वर्गवास की तारीख तथा प्रमाण पत्र सहित अन्य तमाम चीज मांगी हैं। प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन अनिल कुमार की अध्यक्षता में गठित एसआईटी ने जांच 29 अप्रैल को पूर्ण कर सभी मूल दस्तावेजों के साथ जांच आख्या गृह विभाग को भेज दी है। अब इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के विवरण सहित आख्या उपलब्ध कराये जाने के लिए एलडीए उपाध्यक्ष को पत्र भेजा गया है। 27 अगस्त व 15 सितंबर को अनुस्मारक पत्र भेजने के बाद प्राधिकरण की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। हालांकि जांच अधिकारी की ओर से लगातार पत्र लिखे जाने व मामले की गंभीरता को देखते हुए एलडीए प्रशासन ने दो बार में जिम्मेदार तत्कालीन अधिकारी व कर्मचारियों के नामों की सूची भेज दी है। वर्ष 1978 से वर्ष 1988 के बीच तैनात रहे नजूल अधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल, अमीन व सर्वेयर के नाम भेजे गए हैं। पहली बार में करीब 19 व दूसरी बार में करीब 40 लोगों की सूची भेजी गई है।

- एलडीए ने 60 जिम्मेदार अफसरों व कर्मचारियों की सूची एसआईटी को भेजी

## दौराई-बढ़नी के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

लखनऊ। दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 09657 दौराई-बढ़नी साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी दौराई से 12 अक्टूबर से 16 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को दौराई से 15.00 बजे प्रस्थान कर अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, मथुरा जं., दूसरे दिन हाथरस सिटी, कासगंज, कायमगंज, फरूर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेन्ट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोण्डा, बलरामपुर तथा तुलसीपुर होते हुए बढ़नी 13.25 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 09658 बढ़नी-दौराई साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 13 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को बढ़नी से 19.15 बजे प्रस्थान कर तुलसीपुर, बलरामपुर, गोण्डा, बाराबंकी, दूसरे दिन गोमतीनगर, बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेन्ट्रल, कानपुर अनवरगंज, कन्नौज, फरूर्खाबाद, कायमगंज, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा जं., भरतपुर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर, जयपुर, किशनगढ़तथा अजमेरहोते हुए दौराई 19.20 बजे पहुँचेगी।

## प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्यनिष्ठा बनाये रखनी चाहिए : राजेश शुक्ला



लखनऊ। आरडीएसओ में चल रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के एक भाग के रूप में सतर्कता विभाग ने सोमवार को केन्द्रीय विद्यालय, आरडीएसओ में ह्यराष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृतिह्व विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की। इस विषय ने कक्षा 11 एवं 12 तक के छात्रों की उत्साहपूर्वक भागीदारी को प्रेरित किया, जिन्होंने सुन्दर वाक्यों के द्वारा अपने विचार साझा किए कि राष्ट्र निर्माण के लिए सत्यनिष्ठा क्यों महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में आरडीएसओ के अजय कुमार जायसवाल निदेशक/सतर्कता, सिकंदर सिंह एवीओ, आनंद शर्मा पीओ एवं जय गुप्ता इजेई ने भाग लिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय विकास के लिए सत्यनिष्ठा कितनी महत्वपूर्ण है। श्री जायसवाल ने वास्तविक जीवन के उदाहरण देकर सत्यनिष्ठा शब्द की व्याख्या की और छात्रों को राष्ट्र के विकास में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सत्यनिष्ठा की संस्कृति न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि पूरे देश की प्रगति के लिए भी आवश्यक है। राजेश कुमार शुक्ला प्रिंसिपल केन्द्रीय विद्यालय आरडीएसओ ने भी विद्यार्थियों को न केवल अपनी पढ़ाई में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्यनिष्ठा बनाए रखने और देश के लिए सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह के दौरान आरडीएसओ के महानिदेशक द्वारा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

- आरडीएसओ में सतर्कता जागरूकता अभियान में हुई निबंध प्रतियोगिता

## व्यावसायिक कॉम्पलेक्स व गोदाम समेत चार अवैध निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को काकोरी क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्मित किये जा रहे व्यावसायिक कॉम्पलेक्स व गोदाम समेत चार अवैध निर्माणों को सील कर दिया।

प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि चन्द्र यादव व अन्य की ओर से काकोरी के कटिंगरा में आगरा एक्सप्रेस-वे पर लगभग 1500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर लोअर ग्राउंड फ्लोर में दुकानों व अपर ग्राउंड फ्लोर पर गोदाम व स्टोर रूम का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, प्रांजल मिश्रा व अन्य की ओर से काकोरी के बड़ा गांव में आगरा एक्सप्रेस-वे के बायें किनारे पर लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। इसी तरह हरिराम, सचिन कुमार व अन्य की ओर से काकोरी में मोहान रोड पर पानखेड़ा में लगभग 225 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा राजेश गुप्ता व अन्य की ओर से काकोरी में मौदा रोड पर ग्राम-थर में लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकान व गोदाम आदि का व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त चारों निर्माण कार्यों के विरूद्ध विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किये थे। जिसके अनुपालन में अवर अभियंता संजय शुक्ला व एसके सिंह की ओर से प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से चारों अवैध निमार्णों को सील कर दिया गया।




## नेहरू एन्क्लेव में सड़क किनारे मजार बनाने का विरोध, हटाई गई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नगर स्थित नेहरु एन्क्लेव में सड़क के किनारे अवैध तरीके से मजार बना दिया गया। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। इसकी जानकारी होने पर मौके पर नगर निगम के अधिकारी पार्षद भी पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार रेशम निदेशालय के सामने कॉलोनी के मोड़ पर अवैध जूस की दुकान लगती है।

वहीं पर अब जूस वाले ने कुछ लोगों के साथ मिलीभगत करके मजार बना दिया है। एक व्यक्ति पर लोगों को भ्रमित करने का काम लगाया। लोगों ने मजार को वहां से खुद ही हटा दिया। अब जूस की दुकान को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों ने विरोध शुरू कर दिया है। आरडब्लूए की तरफ से महासचिव प्रमोद चौधरी, उपाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमित सेठ, वरिष्ठ सदस्य भुवन शुक्ला, बृजेश सिंह, मोहित वर्मा, आनंदा तालुकदार, मोहित वर्मा, डॉक्टर शरद द्विवेदी ने पार्षद राजेश सिंह गब्बर के साथ मिलकर अतिक्रमण हटवाया। इसके साथ यह भी मांग की गई कि, यहां दोबारा किसी तरह का अतिक्रमण न होने पाए।

जिस जगह पर मजार बनाया गया था, वहां ग्रीन क्षेत्र विकसित करने की मांग की गई ताकि वहां पर नेहरु एन्क्लेव में रहने वाले बुजुर्ग लोग बैठे सकें। पार्षद राजेश सिंह गब्बर ने बताया कि फन मॉल के पीछे से नेहरु एन्क्लेव को आने वाली सड़क पर शाम 6 बजे के अंधेरा पसरा रहता है। यहां 25 पोल लगे हैं, लेकिन वहां स्ट्रीट लाइट नहीं है। कई बार गुहार लगाई, लेकिन आज तक लाइट नहीं लगी। यहां फन मॉल में काम करने वाले ज्यादातर कर्मचारी जुगौली गांव में रहते हैं। आए दिन घटनाएं होती रहती हैं। पार्षद ने बताया कि अंधेरे की वजह से करीब 8 घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में जल्द ही लाइट नहीं लगी, तो स्थानीय लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। पार्षद ने बताया कि दोबारा कब्जा करने का प्रयास न किया जाए इसलिए क्षेत्र को ग्रीन जोन बनाने के लिए नगर निगम से अनुरोध किया गया है। सोमवार को जोन-4 के अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा और जेई विकास सिंह मौके पर पहुंचे। आश्वासन दिया गया है कि वहां ग्रीन जोन बनाया जाएगा। पार्षद ने कहा कि वह भी अपने प्रयास से खाली जमीन पर पौधरोपण करेंगे ताकि दोबारा कब्जा का प्रयास न हो। जेई विकास सिंह की ओर से बताया गया कि नेहरु एन्क्लेव जाने वाले मोड़ पर सड़क की पटरी से सटी जमीन पर कुछ लोगों ने मजार बना दी थी। लोगों के विरोध के चलते उसे हटा लिया। अब दोबारा वहां कब्जा न हो, इसलिए नगर निगम वहां पर टाइल्स लगाएगा।

### जमीन कब्जा करने पर दो के खिलाफ एफआईआर

लखनऊ। नगर निगम के लेखपाल की ओर से रविवार रात बिजनौर थाने में दो लोगों पर जमीन कब्जाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोप है कि नटकुर गांव निवासी गुड्डू और आलम सरकारी जमीन पर फर्जी तरीके से दस्तावेजों में हेरफेर कर बेच रहे थे। लेखपाल संदीप यादव का कहना है कि, सरोजनी नगर के नटकुर गांव में सरकारी अभिलेखों में 5 बीघा दर्ज जमीन को गुड्डू नाम के शख्स आलम को भेज दिया। आलम ने भी जमीन खरीदने के बाद इस पर प्रॉपर्टी डीलिंग शुरू कर दी। दस्तावेज जांचने के बाद दोनों का फजीर्वाड़ा सामने आया। लेखपाल की ओर से आरोपित गुड्डू और आलम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण में जांच के बाद आरोपितों पर कार्रवाई की जाएगी।

## उपचुनाव को लेकर संभावित उम्मीदवारों पर मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जम्मू कश्मीर और हरियाणा के चुनाव के बाद प्रदेश में जल्द उपचुनाव की तिथियां घोषित की जा सकती है। प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इसको लेकर सभी राजनैतिक पार्टियां सतर्क हो गयी है। इसी क्रम में भाजपा भी उपचुनाव को लेकर मंथन तेज हो गया है। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार को संगठन की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल हुए।

मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बैठक हुई। यह बैठक प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को लेकर अहम मानी जा रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसारप्रत्याशियों का चयन को लेकर जातीय और क्षेत्रीय समीकरण को लेकर भी चर्चा हुई है। बैठक में प्रत्याशियो के पैनल में से एक-एक नाम आचार संहिता लगते ही घोषणा करने पर चर्चा हुई ताकि संगठन की ओर से प्रत्याशियों को मजबूती से चुनाव लड़ाया जा सकें। इसी महीने उपचुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। बैठक के दौरान उपचुनाव वाले जिलों में सदस्यता अभियान की प्रगति को लेकर भी चर्चा हुई। मौजूदा समय मे उपचुनाव वाले क्षेत्र के तमाम स्थानीय मुद्दों पर भी ध्यान दिया गया। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं से मिलने वाले फीडबैक पर भी चर्चा हुई। साथ ही संगठन के कील कांटे दुरुस्त करने पर मंथन किया गया। साथ ही सदस्यता अभियन में और तेजी लाने पर चर्चा हुई ताकि अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जुड़ा जा सके। उपचुनाव के संभावित प्रत्याशियों में उन प्रत्याशियों के चयन पर भी जो र दिया जा रहा है जो स्वच्छ छवि के हो।

- उपचुनाव को लेकर सीएम योगी की अध्यक्षता में भाजपा संगठन की बैठक
- जम्मू कश्मीर और हरियाणा के चुनाव के बाद जल्द घोषित की जा सकती है उपचुनाव की तिथियां
- बैठक के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और महामंत्री धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक हुए शामिल

## तालाब व खुले प्लाटों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया

लखनऊ। नगर निगम जोन 6 के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को तालाबों और खुले प्लाटों पर एंटी लारवा का छिड़काव किया गया। नगर निगम की टीम ने पारा क्षेत्र और वार्ड हैदर गंज तृतीय में अभियान चलाया। इस दौरान 20 से अधिक प्लॉट और तालाबों के आसपास एंटी लारवा का छिड़काव किया गया। जन सामान्य को डेंगू के बचाव के उपायों के बारे में जागरुक किया गया। अभियान में एंटी लारवा टास्क फोर्स, फागिंग टास्क फोर्स, जोनल गैंग सहित अन्य अधिकारी रहे। इस मौके पर मौजूद क्षेत्रीय लोगों को डेंगू के बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया तथा गंदगी व जलभरावन होने के बारे में बताया।

## प्राधिकरण की योजनाओं, अपार्टमेंट व पार्क में होगा एंटी लार्वा का छिड़काव

लखनऊ। शहर में डेंगू का प्रकोप चरम सीमा तक पहुंच चुका है। इसके लिये प्राधिकरण कार्यालय एवं प्राधिकरण की ओर से रखरखाव वाली योजनाओं एवं अपार्टमेन्ट्स व पार्क में डेंगू की रोकथाम के लिए एंटीलार्वा का छिड़काव दिन में सुबह व शाम को कराया जाएगा। इसके लिए एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने आदेश जारी किया है। इसके अनुसार प्राधिकरण कार्यालय में प्रत्येक अनुभाग एवं अधिकारियों के कक्षों में डेंगू के एंटीलार्वा का छिड़काव सुबह व शाम को होगा। इसके लिये सहायक अभियन्ता (अनुरक्षण) द्वारा समय-समय पर निरीक्षण करके कार्यालय की समुचित साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था सुनिश्चित कराई जायेगी। इसी प्रकार प्राधिकरण की ओर से रखरखाव वाली योजनाओं, अपार्टमेन्ट्स एवं पार्कों में डेंगू से बचाव के लिए एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जायेगा। सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त स्मारक समिति के प्रबन्ध वाले पार्क एवं परिक्षेत्रों में भी डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थायें सम्बन्धित प्रबन्धक की ओर से कराई जाएंगी। जिसका पर्यवेक्षण प्रबन्धक (प्रशासन), स्मारक समिति की ओर से किया जायेगी।

## जुरासिक पार्क में बच्चों को 90 रुपये में मिलेगा प्रवेश

लखनऊ। जनेश्वर मिश्र पार्क में बने जुरासिक पार्क में बच्चों का किराया अब 90 रुपये होगा। अभी तक बड़ों के साथ-साथ बच्चों का किराया भी 120 रुपये देना होता है। लेकिन जल्द ही यह किराया कम कर दिया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की ओर से इससे सम्बंधित आदेश जारी कर दिया गया है। हालांकि अभी इसे लागू नहीं किया गया है। जनेश्वर मिश्र पार्क समिति से अनुमोदन के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि दशहरा तक बच्चों की नई टिकट दर लागू कर दी जाएगी। लोगों में जुरासिक पार्क को लेकर काफी क्रेज है। उम्मीद की जा रही थी कि यह किराया करीब 60 रुपये हो जाएगा लेकिन एलडीए ने वास्तविक किराए में महज 25 फीसदी की कटौती की है। हैपीनेस पार्क में बच्चों का किराया 60 रुपये ही था। लेकिन यहां पर 12 साल से कम उम्र के लोगों के लिए 90 रुपये किराया रखा गया है।

## महाकुंभ में नयी यात्री बसें चलेंगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में हाई एंड लग्जरी बस, एसी स्लीपर, नॉन एसी स्लीपर तथा 2 गुना 3 एवं 2 गुना 2 बसों की टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत प्री बीडिंग मीटिंग संपन्न हुई। उक्त बैठक में विभिन्न कंपनियों जैसे वोल्वो, कामा, आईसर, अशोक लीलैंड एवं टाटा मोटर्स के द्वारा ने टेंडर डालने के लिए फार्म भरा। इन बसों के टेंडर के संबंध में अपनी जिज्ञासाओं से परिवहन निगम के अधिकारियों एवं तकनीकी टीम को अवगत कराया गया। जिसमें उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत 100 हाई एंड लग्जरी बस, 197 2 / 2 12 मीटर की 2/3 10 मी 39 एसी स्लीपर एवं 51 नॉन एसी स्लीपर बसों की क्रय की कार्यवाही की जा रही है। परिवहन निगम प्रशासन के तरफ से महाकुंभ तक अधिक से अधिक नई बसें वातानुकूलित एवं साधारण यात्रियों को उपलब्ध हो इसके लिए तैयारी किया जा रहा है। इसी के तहत 220 इलेक्ट्रिक बस एवं 1000 साधारण बस के क्रय की कार्यवाही भी अलग से की जा रही। उल्लेखनीय है की इतनी अधिक संख्या में बसों के खरीदने की कार्यवाही देश में किसी राज्य परिवहन निगम द्वारा नहीं की जा रही 5000 इलेक्ट्रिक बसों को अनुबंध के आधार पर आबद्ध करने की कार्रवाई को सम्मिलित करते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा लगभग 9220 बसों को प्रबंधन निगम के बेड़े में जोड़ने की कार्यवाही गतिशील है।

## अब मोबाइल पर एसएमएस के साथ वाट्सअप पर हाउस टैक्स का बिल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भवन कर बकाया होने पर नगर निगम की ओर से मोबाइल पर एसएमएस व वाट्सअप पर नोटिस भेजी जाएगी। वर्तमान में वाट्सअप का चलन अधिक होने पर नगर निगम प्रशासन यह बदलाव करने जा रहा है। इसके लिए नगर निगम के रिकार्ड में दर्ज सभी मकानों के स्वामियों के मोबाइल फोन नंबरों को एकत्र और अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रक्रिया पूरी होते ही वाट्सअप पर मैसेज भेजना शुरू कर दिया जाएगा। बिजली विभाग की ओर से अपने उपभोक्ताओं को उनके एसएमएस के साथ ही वाट्सअप पर बिल भेज दिया जाता है। इसी तर्ज पर नगर निगम भी कार्रवाई करेगा। नगर निगम की ओर से वर्ष 2018 में लोगों के मोबाइल फोन पर हाउस टैक्स का संदेश एसएमएस के जरिए भेजा जाना शुरू किया गया था। उस समय लोग एसएमएस को देख लेते थे। लिहाजा, नगर निगम की ओर से भेजे गए संदेश के आधार पर समय से अपना हाउस टैक्स जमा कर दिया करते थे। धीरे-धीरे एसएमएस की जगह वाट्सअप पर मैसेज देखने का चलन बढ़ने लगा। लोगों ने एसएमएस देखना लगभग बंद ही कर दिया। ऐसे में नगर निगम की ओर से हाउस टैक्स को लेकर भेजे गए संदेश अनदेखा होने लगे। टैक्स जमा होने में विलंब होने लगा है। लोगों की इस बदली हुई आदत को देखते हुए अब नगर निगम भी अपना तरीका बदलते हुए वाट्सअप के जरिए लोगों को हाउस टैक्स का मैसेज भेजने की तैयारी में जुट गया है। नगर निगम में दर्ज गृह स्वामियों के मोबाइल नंबरों को एकत्र किया जा रहा है। कुछ नंबर पुराने हो चुके हैं, उन्हें अपडेट किया जा रहा है।

- साढ़े छह लाख भवन स्वामियों को वाट्सअप पर पहुंचेगा मैसेज

## राजधानी में बढ़ रहे डेंगू के मामले, नहीं हो रहा फागिंग व एंटीलार्वा छिड़काव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में डेंगू और मलेरिया के मामले बढ़ रहे हैं। नगर निगम प्रशासन की ओर से फागिंग व एंटी लारवा के छिड़काव का दावा किया जा रहा है मगर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। इससे लोगों की नाराजगी नगर निगम के प्रति बढ़ रही है। सोमवार को फैजुल्लागंज स्थित केशव नगर के लोगों ने इलाके में सफाई, फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराने की मांग की। बाल महिला सेवा संगठन चलाने वाली ममता त्रिपाठी ने बताया कि यहां बुनियादी सुविधाओं का काफी अभाव है। केशव नगर में सफाई नहीं होने की वजह से स्थिति काफी खराब हो गई है।



यहां डेंगू और मलेरिया के मरीज निकलने लगे हैं। नागेश्वर मंदिर के पास स्थिति काफी खराब है। स्थानीय निवासी केसी मंडल ने इलाके में फैली गंदगी, जलभराव और चोक नालियों की शिकायत की है। बताया कि यहां आस- पास अभी तक दो डेंगू और तीन मलेरिया के मरीज मिले चुके हैं। उसके बावजूद भी नगर निगम की तरफ से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ममता त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत के बाद भी काम नहीं हो रहा है। जोन तीन के जोनल अधिकारी को इसकी जानकारी है, लेकिन वह सुनवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दो दिन में अगर नगर निगम की टीम ने यहां अभियान नहीं चलाया तो वह उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

## दशहरा, दिवाली, छठ पर चलेंगी अतिरिक्त बसें



लखनऊ। त्योहार पर यात्रियों के लिए खुशखबरी है। परिवहन विभाग लखनऊ से बिजली जिलो में जाने के लिए लगभग 500 अतिरिक्त बसो को इंतजाम कर रहा है। परिवहन विभाग लखनऊ के क्षेत्रिय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि दिवाली, छठ पर यात्रियों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो इसके लिए बसो की व्यवस्था किया गया है। ऐसे में देवरिया, मऊ, गोरखपुर और आजमगढ़ के लिए विशेष बस की व्यवस्था किया जा रहा है। कोई भी यात्री किसी भी जिले में जाने के लिए घण्टो न बैठे इसके लिए भी अतिरिक्त बस का इंतजाम किया गया है। डिपो के अन्दर यात्रियों का समान चोरी न हो इसके लिए पुलिस को भी सूचना दिया गया है। इसके अलावा डिपो में बस जाने और आने का समय भी एलइडी टीबी पर दिखाया जायेगा।

## सरकारी भवन पर सोलर संयंत्र लगा सरकार कमायेगी पैसा

समरेश पति त्रिपाठी

लखनऊ। सरकारी स्कूल और अर्द्धसरकारी भवनों के छत पर 25 किलोवॉट से लेकर अधिकतम 2000 किलोवॉट का सोलर लग सकता है। इसके लिए यूपी नेडा ने सरकार से कोई भी पैसा नही लेगा। इसके बदले में सरकारी छत को 25 वर्ष के लिए लिखितरुप में नेडा को देना होगा। यह योजना सौर ऊर्जा नीति 2022 के तहत होगा। यूपी नेडा (उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी) के निदेशक की ओर से प्रदेश के ज्यादातर डीएम को इसके लिए पत्र भेजा गया है।

उप्र सौर ऊर्जा नीति 2022 के तहत 25 किलोवॉट से 200 किलोवॉट तक 4.90 प्रति यूनिट की दर से बिजली निगम भुगतान करेगा। साथ ही 200 से 2000 किलोवॉट बिजली उत्पादित होने पर 4.85 की दर से प्रति यूनिट भुगतान की व्यवस्था रखी गई है। इसके लिए संबंधित सरकारी विभागों को कोई भुगतान नहीं करना होगा। केवल खुद की छत 25 वर्षों के लिए देनी होगी। इसका बकायदा अनुबंध होगा। सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली का उपयोग संबंधित सरकारी विभाग करेंगे। अतिरिक्त बिजली ग्रिड में संग्रहित हो जाएगी। इसका भुगतान बिजली निगम की ओर से किया जाएगा। सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना के लिए संबंधित विभागों को प्रस्ताव बनाकर नेडा विभाग को देना होगा। सरकारी और अर्द्धसरकारी भवन सोलर सौर ऊर्जा की रोशनी से जगमगाएंगे। इसके लिए इन विभागों के बजट पर कोई विशेष आर्थिक दबाव नहीं पड़ेगा। इस योजना का लाभ लेने वाले विभागों को संबंधित विभाग की कुछ शर्तों को पूरा करना होगा। सरकार के नेडा विभाग ने इसके बाबत तैयारी शुरू कर दी है। सरकार की ओर से रिन्यूएबल और ग्रीन एनर्जी (हरित ऊर्जा) का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए प्रोसाहित किया जा रहा है। इसी के तहत सोलर रूप टॉप पैनल को लगाने के लिए सब्सिडी सहित कई योजनाएं संचालित की जा रही है।



## मेयर से मिले व्यापारी, बढ़े टैक्स वापस लेने की मांग



लखनऊ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी नगर उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, महामंत्री अनुज गौतम, प्रहलाद राजपूत व दर्जनों व्यापारियों ने सोमवार को मेयर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात की। व्यापारियों ने बढ़े हुए टैक्स को वापस लेने के लिए ज्ञापन दिया।

## दिमाग में ऑक्सीजन की कमी से होने वाली बीमारी है पॉल्सी

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र की ओर से विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर सेरेब्रल पाल्सी विकार, उपचार और पुनर्वास पर राष्ट्रीय वेबिनार हुआ। मुख्य वक्ता एसवीएनआईआरटीआर ओडिसा के पूर्व निदेशक डॉ. शक्ति प्रसाद दास ने कहा कि सेरेब्रल पाल्सी को दिमागी विकार कह सकते है। यह जन्म के समय या जन्म के दो साल बाद दिमाग में आक्सीजन की कमी से होने वाली बीमारी है। एसवीएनआईआरटीआर ओडिसा के पूर्व व्याख्याता निरंजन ओझा ने कई प्रकार की थेरेपी व ऑर्थोसिस (सहायक उपकरण) की मदद से सीपी के मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य लाभ मिलने से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान कुलपति प्रो. संजय सिंह, कुलसचिव रोहित सिंह, पैरामेडिकल एवं रिहैबिलीटेशन साइन्सेज संकाय के अधिष्ठाता प्रो. वीके सिंह, कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र के कार्यशाला प्रबंधक डॉ. रणजीत कुमार, सहायक आचार्य स्थिर प्रंजयन बिसवाल आदि मौजूद रहे।

महत्वपूर्ण नंबर

| | |
|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 |
| पुलिस | 100 |
| | 2629999 |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 |

फायर स्टेशन

हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642

गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस

मेडिकल सेवा- 102, 108



# विधानसभा के सामने युवक ने खुद को लगाई आग, भर्ती

## टेंट मालिक सैलरी नहीं दे रहा था, शिकायत करने गया तो आलमबाग पुलिस ने भगाया



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार को विधानसभा के सामने एक व्यक्ति ने खुद को आग लगा ली। वह अपने साथ पेट्रोल लेकर आया था। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने कंबल डालकर आग बुझाई। गंभीर अवस्था में युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार युवक का नाम मुन्ना विश्वकर्मा (40) बताया जा रहा है। वह पुराने लखनऊ के सहादतगंज थाना क्षेत्र के झाब्बारन टोला का रहने वाला है। पुलिस जांच में सामने आया कि मुन्ना पेट्रोल डालकर विधानसभा के सामने गया। वहां पहुंचते ही माचिस जलाकर आग लगा ली। 50 प्रतिशत झुलस गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मुन्ना आलमबाग स्थित बंगाल टेंट हाउस में काम करता था। टेंट हाउस मालिक रंजीत चक्रवर्ती सैलरी नहीं दे रहा था, जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसकी शिकायत उसने मवैया चौकी और आलमबाग थाने पर भी की थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने उसे थाने से भगा दिया। घटना के बाद पुलिस ने टेंट हाउस संचालक रंजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**बच्चे की फीस नहीं दे पा रहा था:** मुन्ना ई-रिक्शा से सामान ढोने का काम करता है। उसके एक बेटी और एक बेटा है। पत्नी 3 दिन पहले अपने मायके बाराबंकी गई थी। मुन्ना ने कहा कि पैसे की कमी के कारण वह अपने बच्चे की फीस तक जमा नहीं कर पा रहा था, जिससे तंग आकर उसने आज यह कठोर कदम उठाया। पीड़ित ने आलमबाग पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी शिकायतों को नजरअंदाज किया गया और उसे कई बार मवैया चौकी पर ले जाकर प्रताड़ित किया गया।

**2017 से 2019 तक टेंट हाउस पर किया था काम:** मुन्ना के भांजे मनोज विश्वकर्मा ने बताया- मामा रंजीत के टेंट हाउस पर 2017 से काम कर रहे थे। करीब दो साल काम किया। वह लाइट लगाने का ठेका भी लेते थे। थोड़ा-थोड़ा करके करीब सात लाख रुपए की देनदारी रंजीत पर थी। मामा रंजीत से बार-बार पैसे मांग रहे थे लेकिन रंजीत पैसा नहीं दे रहा था। इससे उनकी माली हालत बिगड़ती चली गई। इस दौरान उन्होंने ई-रिक्शा भी खरीद कर चलाना शुरू कर दिया। उससे भी उन्होंने कई दिनों तक टेंट हाउस का सामान ढोया। ई-रिक्शे का भी करीब 12790 रुपए बकाया हो गया। रंजीत से जब भी वह पैसे मांगते, वह उन्हें टरका दिया करता। इसको लेकर उन्होंने मवैया चौकी और आलमबाग पुलिस स्टेशन में भी शिकायत की। वहां भी टेंट हाउस संचालक की पकड़ के चलते सुनवाई नहीं हुई। जब भी शिकायत लेकर थाने जाते तो पुलिस उनको भगा देती। कहीं सुनवाई नहीं होने से वे परेशान थे। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने बताया कि मुन्ना 50 प्रतिशत झुलस गया है। उसका इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। मुन्ना के आरोपों के विषय में जानकारी की जा रही है। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मानकनगर में महिला का शव मिला घर से एक दिन पहले हुई थी लापता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मानक नगर इलाके में महिला का शव मिला है। वो रविवार को राशन लेने निकली थी इसके बाद वापस नहीं लौटी। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी थाने में दी थी। शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के पास नामजद आरोपी की तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पप्पी मिश्रा (46) पारा थाना इलाके की रहने वाली थी। वह रविवार को दोपहर 12 बजे घर से राशन लेने लंगड़ा फाटक कंट्रौल पर गई थी। इसके बाद वापस नहीं लौटी। घरवालों ने काफी इंतजार किया जब वो नहीं आई तो आसपास काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद मानक नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार दोपहल लगभग 12:30 बजे मानक नगर के स्लीपर ग्राउंड कॉलोनी में बृजवासी बेकरी के पीछे बने सर्वेंट क्वार्टर में एक महिला का शव मिला। इसकी जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी। परिजनों ने उसकी पहचान की। मामले में इंस्पेक्टर मानकनगर का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

**पूर्व पड़ोसी के घर में मिला शव:** बेटी प्रिया ने बताया कि मां राशन लेने गई थी लेकिन दुकान बंद थी। तो वापस आ रही थी तभी वहां पर ई-रिक्शा आ गया। जिस पर वो बैठकर चली गई। सोमवार को उनका शव मिला। जिस जगह पर शव मिला है, वह मकान रामू का है। जो कुछ समय पहले पड़ोस में रहता था। रामू ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर उनको मार डाला है। महिला के परिवार में चार लड़की और एक लड़का है। पति का देहांत 2023 में हो गया था।

## फिल्म अभिनेता और अभिनेत्री ने दी साइबर ठगी होने पर यूपी 112 पर काल करने की सलाह

**लखनऊ।** बॉलीवुड फिल्म अभिनेता राजकुमार राव एवं अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने साईबर सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक कर साईबर ठगी होने पर यूपी 112 को कॉल करने की दी सलाह दी है।इसको लेकर यूपी पुलिस ने अपने सभी सोशल मीडिया एकाउंट पर उनके वीडियो को पोस्ट किया है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि आगामी 11 अक्तूबर को बॉलीवुड फिल्म अभिनेता राजकुमार राव एवं अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो रिलीज होने वाली है। फिल्म के कथानक के आधार पर आमजन को ऑनलाइन एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर राजकुमार राव एवं तृप्ति डिमरी का वीडियो पोस्ट किया है।उन्होंने बताया कि इस वीडियो में राजकुमार राव एवं तृप्ति डिमरी ने बताया है कि जिस प्रकार उनकी फिल्म में उनकी एक सीडी चोरी की घटना हुई थी। उसी प्रकार वर्तमान समय में आमजन के मोबाइल और कम्प्यूटर तथा लैपटॉप आदि का डाटा एवं अन्य गोपनीय जानकारी की चोरी हो रही है।इससे बचाव के लिए भारी भरकम छूट वाले विज्ञापन से बचने और अपने डिवाइस में तगड़े पासवर्ड लगाने की सलाह फिल्म कलाकारों के द्वारा दिए जाने के साथ-साथ आम जन को अवगत कराया गया है कि यदि उनके साथ किसी प्रकार की साइबर ठगी हो जाती है तो वह तत्काल 1930 पर कॉल कर सकते है एवं यदि पीड़ित उत्तर प्रदेश के निवासी है तो वह यूपी 112 को भी कॉल कर सकते है।डीजीपी ने बताया के जागरूकता से सम्बंधित वीडियो को उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया गया है।जिसको लाखों लोगों द्वारा देखा जा चुका है।

## गाजे-बाजे के साथ निकली राम बारात

लखनऊ। सदर रामलीला की ऐतिहासिक राम बारात शोभा यात्रा सोमवार को गाजे-बाजे और पुष्प वर्षा के बीच निकाली गई। सदर बाजार, बनिया मोहाल स्थित लाला गुरु चरण लाल रौनियार वैश्य धर्मशाला परिसर में स्थित मंदिर से भगवान श्रीराम अपने चारों भाइयों के साथ रथ पर सवार हुए। राम जी कि निकली सवारी, राम जी की लीला है न्यारी.... की मधुर धुनों के बीच रथ आगे बढ़ा। हाथी, ऊंट, घोटे और बग्घियों पर सजी झांकियों शोभायात्रा को भव्य बना रही थी। राम बारात जिधर से निकलती श्रद्धालु पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत करते। युवा भक्ति संगीत की धुनों पर नाचते हुए चले जा रहे थे। शोभा यात्रा सदर बाजार, उदयगंज, हुसैनगंज, हीवेट रोड से श्रीराम रोड, नजीराबाद होते हुए कैसरबाग पर समाप्त हुई। कई स्थान पर लोगों ने भगवान की आरती उतारी। यात्रा संयोजक आनंद तिवारी ने बताया कि देर रात यात्रा धर्मशाला वापस लौटी। यहां पर भगवान का विवाह सम्पन्न कराया गया। इसके बाद राम कलेवा हुआ। राम बारात में उत्कर्ष सिंह, अमन यादव, यश केसरवानी, दीपक त्रिपाठी, रवि दीक्षित समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## सीसीटीवी में कैद हुए चोर

लखनऊ। सोशल मीडिया पर रविवार रात से चोरों का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है।इसमें चार युवक कच्छा बनियान में घूमते नजर आ रहे हैं। उनके हाथ में पिस्टल है। सभी घर के बाहर लगे सीसीटीवी को देखकर मुंह पर गमछा लपेट लेते हैं। पीछे से आ रहे साथियों को कैमरा लगा होने की जानकारी देते हैं। वायरल वीडियो ठाकुरगंज के फरीदीपुर मोहल्ले का बताया जा रहा है। सीसीटीवी में दिखाई दे रहे सभी युवक कच्छा बनियान गिरोह के सदस्य लग रह हैं। इनके पैर में चप्पल भी नहीं है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय का कहना है कि वीडियो की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के बाद पता चल सकेगा कि वायरल वीडियो किस एरिया का है। इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है।

## 24 पीपीएस अफसर बने आईपीएस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी पुलिस के 24 पीपीएस अफसरों को आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नति देने के लिए सोमवार को लोकभवन में विभागीय प्रोन्नति कमेटी की बैठक (डीपीसी) हुई।

इन सभी पीपीएस अफसरों को आईपीएस पद पर प्रोन्नत करने को सहमति बन गई है। एक पीपीएस अधिकारी संजय कुमार यादव की जांच लम्बित होने की वजह से उनके प्रमोशन के बाबत लिफाफा बंद रखा गया है। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक वर्ष 1995 व 1996 बैच के पीपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति के लिए लोकसेवा आयोग के सदस्य, प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार की मौजूदगी में लोकभवन में बैठक हुई। आईपीएस संवर्ग में जाने वाले इन अफसरों में पति-पत्नी चिरंजीव नाथ सिन्हा और रश्मी रानी, बजरंग बली, डॉ. दिनेश यादव, समीर सौरभ, मो. इरफान अंसारी, अजय प्रताप, नेपाल सिंह, अनिल कुमार, कमलेश बहादुर, राकेश कुमार सिंह, लाल भरत कुमार पाल, अनिल कुमार यादव, संजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मी निवास मिश्र, विश्वजीत श्रीवास्तव, मनोज कुमार अवस्थी, अमृता मिश्रा, रोहित मिश्रा, शिवराम यादव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार और दीपेंद्र नाथ चौधरी शामिल हैं। वर्ष 1993 बैच के पीपीएस अधिकारी संजय कुमार यादव की जांच लंबित है। इस वजह से उनके प्रमोशन पर अभी निर्णय नहीं लिया गया है।

## लखनऊ की समिट बिल्डिंग में बाउंसरों ने युवक को पीटा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के विभूतिखंड में समिट बिल्डिंग में बाउंसरों ने कस्टमर से मारपीट कर दी। शुक्रवार रात तीन दोस्त फायरफ्लाई में पार्टी करने गए थे। देर रात किसी बात को लेकर बाउंसर से बहस हो गई। इसके बाद बाउंसरों ने उनकी पिटाई कर दी। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, कंचन पुरम त्रिवेणी नगर अलीगंज के रहने वाले दीपू जायसवाल पुत्र प्रभु दयाल जायसवाल शुक्रवार रात करीब 10 बजे समिट बिल्डिंग में फायरफ्लाई बार में गए थे। उनके साथ दो दोस्त यश और मयंक भी थे। रात करीब 12.45 बजे बाउंसर से किसी बात को लेकर बहसबाजी हो गई। इसके बाद बाउंसर ने उनको गंदी-गंदी गालियां दी।

**धक्का देकर भगाने लगे:** वहां से उनको धक्का देकर भगाने लगे। जिसका दीपू ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बाउंसर रोहतास अपार्टमेंट के सामने गेट नंबर-1 तक मारते हुए लाए। दीपू के गले की सोने की चेन भी छीन ली। घटना में दीपू को गंभीर चोटें आई हैं। मामले में विभूति खंड इंस्पेक्टर सुनील सिंह का कहना है कि केस दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**पिता पुत्री पर चोरी का आरोप लगाते हुए दबंगों ने पीटा:** राजधानी के नगराम के महानंद का पुरवा गांव में जलजीवन मिशन द्वारा खंडंजा खोद कर बनाई गई नाली से निकले ईंटों को चोरी से उठाकर गायब करने का आरोप लगाते हुए गांव के ही पिता पुत्र ने घर की महिलाओं के साथ मिलकर किशोरी व उसके पिता की पिटाई कर दिया। एस ओ नगराम के अनुसार किशोरी द्वारा दी गई तहरीर पर दो महिलाओं समेत चार के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

नगराम के अनैया खरगा पुर का मजरा महानंद का पुरवा गांव में जल जीवन मिशन परियोजना द्वारा नालियां खोदकर पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। गांव के अंदर से निकले हुए खड़ंजे पर खोदी गई नाली से निकली ईंटों को राजेश कुमार व उसकी लड़की मिथिलेश कुमारी बिखरे ईंटों को उठाकर अपने दरवाजे पर इकट्ठा कर रहे थे जानकारी होने पर पड़ोसी रोहित कुमार अपने पिता विनोद कुमार बहन छाया मां स्नेहप्रभा के साथ मौके पर पहुंच कर ईंटे उठाने का विरोध जताया। कहासुनी बढ़ने पर रोहित अपनी मां बहन व पिता के साथ मिलकर विनोद कुमार व मिथिलेश कुमारी की पिटाई कर दिया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि चोटिल मिथिलेश कुमारी द्वारा दी गई तहरीर पर चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी आई.टी.आई. मैकेनिक डीजल ट्रेड की मार्कशीट अनुक्रमांक नं. 08519153 है, कहीं खो गई है। **विजय कुमार पुत्र ओम प्रकाश विश्वकर्मा नि.- अहाता कप्तान सीतापुर तहसील व जिला सीतापुर उ.प्र.।**

**सूचना**

सर्वविदित हो मेरे बैनामा की चेन डीड (लेख पत्र) सं.-28131 दिनांक - 22.10.2019 उपनिबन्धक - सरोजनी नगर, लखनऊ जो श्रीमती गिरजा देवी पत्नी श्री हंसनाथ गिरि के नाम पर पंजीकृत है जिसकी मूलप्रति की दफा - 60 मेरे द्वारा दिनांक 01.10.2024 को मेरे घर से कैसरबाग के बीच कहीं पर गिर गयी जिसकी सूचना मेरे द्वारा उ0प्र0 वस्तु का अभिलेख खोने की रिपोर्ट में दिनांक 05.10.2024 को दर्ज कर दिया गया है, जिसका एल.ए.आर. नं. 20240000813204 है, उपरोक्त लेख का उपयोग मेरे सोनू गौतम पत्नी राजेश कुमार गौतम के अलावा और कोई व्यक्ति करता है तो वह विधि विरूद्ध होगा। सम्पत्ति का पता - एक किता भूखण्ड खसरा संख्या-1595, स्थित ग्राम नटकर परगना बिजनौर तहसील सरोजनी नगर लखनऊ है। अपनी उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर गृह ऋण होम फेस्ट फाइनेन्स कम्पनी इण्डिया लि. से लिया जा रहा है। यह प्रकाशन इस आशय जारी किया गया है कि उपरोक्त भवन / प्लॉट में या किसी व्यक्ति अथवा अन्य का दावा आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर नीचे दिये गये पते व मोबाईल पर दस्तावेजी सबूत के साथ आपत्ति दर्ज करा सकते है। **सोनू गौतम पत्नी राजेश कुमार गौतम निवासी गौरी बाजार, कानपुर रोड, किशन बैट्री सर्विस लखनऊ।**

**मो.नं.-9026486948, 9451861797**

## मूसली बीज व ट्यूबवेल लगवाने के नाम पर ऑनलाइन हड़पे 29,1200 रुपये




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को कालर ने पौधे, मूसली बीज व ट्यूबेल लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर आनलाइन 291200 रुपए हडप लिए। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच निवासी मधुलिका सिंह पत्नी राम चन्द्र यादव के अनुसार कालर ने अपना परिचय पुष्पेन्द्र साहू पुत्र राकेश कुमार निवासी एम 1 एलडीए कालोनी आशियाना निवासी के रूप में देते हुए उनसे पौधे, मूसली बीज व ट्यूबेल लगवाने के नाम पर आनलाईन 291200 रुपये आनलाईन धोखाधड़ी कर हडप लिए। आरोप है कि आरोपित पुष्पेन्द्र साहू ने न तो उन्हें कोई सामान नही दिया। और न ही उन्हें पैसा वापस मागने पर वापस दिया बल्कि कुछ दिन बाद आरोपित ने अपना मोबाइल फोन फोन बन्द कर लिया। जिसके चलते उन्होंने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जानकीपुरम के बंद घर में 23 हजार नगदी सहित तीन लाख की चोरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विकासनगर थाना क्षेत्र के जानकीपुरम सेक्टर सी में चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर 23 हजार नगदी समेत तीन लाख के जेवर चोरी कर लिए। घटना के समय पीड़ित परिवार के साथ अपने गांव तेरहवीं में शामिल होने गए थे।

विकासनगर थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि पवन जानकीपुरम सेक्टर सी परिवार के साथ रहते हैं। पवन पुत्र साई दास निवासी 2/267 सेक्टर सी जानकीपुरम ने बताया कि 29 सितंबर को दोपहर 12 बजे अपने बाबा की तेरहवीं में शामिल होने अपने गांव पूरे दीपचंद्र, अमेठी गए थे। दो अक्टूबर को शाम पांच बजे लौटे तो चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर अलमारी का सारा सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित के मुताबिक 23 हजार की नगदी और तीन लाख के जेवर चोरी हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

## मनचले शोहदे की हरकतों से भयभीत छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ा

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी छात्रा ने एक मनचले शोहदे की हरकतों से तंग आकर अपने को घर में कैद कर लियो जिसकी जानकारी होने पर छात्रा की माँ ने शोहदे के खिलाफ स्थानीय थाने पर नामजद शिकायत की हैं कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 17 वर्षिय किशोरी की माँ का आरोप है कि सुरज अवस्थी नामक एक शोहदा आए दिन सरेराह स्कूल आते जाते समय उनकी पुत्री को तंग करता है और छेड़खानी करता है जिससे उनकी पुत्री काफी भयभीत हैं शोहदे की हरकतों से भयभीत हो छात्रा ने अपनी माँ को शोहदे के हरकतों की जानकारी देते हुए स्कूल आना जाना छोड़ दिया हैं छात्रा की माँ ने स्थानीय कृष्णा नगर थाने पर शोहदे के खिलाफ नामजद छेड़खानी की शिकायत की है पुलिस के अनुसार पीड़ित किशोरी छात्रा की माँ की शिकायत पर आरोपित शोहदे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## पेट्रोल पम्प से लाखों की चोरी मुकदमा दर्ज सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच

लखनऊ। कस्बा गोसाईंगंज स्थित संकल्प पैट्रोल पम्प पर रविवार की रात चोरो ने 7.63 लाख रुपये चोरो ने चोरी कर लिए। पैट्रोल पम्प के संचालक नरेंद्र कुमार सिंह द्वारा सोमवार को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया।

पीड़ित का आरोप है कि उसमें केबिन में मेज की रैक में सात लाख तिरसठ हजार रुपये रखे थे, जो किसी ने चोरी कर लिए है। सोमवार की सुबह जब वह अपने केविन में पहुंचे तो रुपये गायब थे। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह केबिन व रैक लॉक करके गए थे। सुबह आये तो केबिन खोलकर अंदर गए तो देखा कि कमरे में रैक खुली पड़ी है। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रात में पेट्रोल पम्प बंद था। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के अनुसार एक व्यक्ति मुख में कपड़ा बांधकर खिड़की पर लगे कूलर हटाकर अंदर गया। केबिन करीब डेढ़ दर्जन रैक होने के बावजूद उसी रैक को खोलकर पैसा ले गया। पुलिस का मानना है कि चोरी करने आया व्यक्ति पूरी तरह जानकार था। फिलहाल अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## युवक ने घर में लगाई आग, मचा हड़कंप

**लखनऊ।** कृष्णानगर इलाके में सोमवार को एक मानसिक रूप से बीमार युवक ने कमरे में आग लगाकर बालकनी में आ गया। कमरे से लपटें निकलती देख हड़कंप मच गया। दमकल कर्मियों ने एक दमकल की मदद से 40 मिनट में आग पर काबू पा लिया। कृष्णानगर के जयप्रकाश नगर निवासी बृजकुमार पाल नगर निगम से सेवानिवृत्त हैं। उनका बेटा आदित्य मानसिक रूप से बीमार है। सोमवार दोपहर नशे की हालत में आदित्य दूसरे माले पर बने कमरे में आग लगा दी। आग की लपटें देख वह बालकनी में आ गया। कमरे से धुआं और लपटें देख पुलिस और दमकल को सूचना दी। एफएसओ आलमबाग के मुताबिक गली संकरी होने के कारण दमकल मौके तक नहीं पहुंच सकी।

## युवक ने लगायी फांसी

लखनऊ। हजरतगंज स्थित पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में रह रहे करन (26) ने रविवार को पत्नी से कहासुनी के बाद फांसी लगा ली। डेढ़ वर्ष पहले उसका प्रेम विवाह हुआ था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पीडब्ल्यूडी कॉलोनी निवासी करन एक निजी कंपनी में काम करता था। डेढ़ वर्ष पहले ज्योति के साथ करन का प्रेम विवाह हुआ था। रविवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

## फीस न जमा होने पर स्कूल ने बच्चों को बाहर किया, अभिभावकों का हंगामा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट स्थित सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल प्रबंधन ने फीस जमा न होने पर करीब 80 बच्चों को कक्षा से निकाल दिया। डरे-सहमे कुछ छोटे बच्चे रोते हुए स्कूल से बाहर सड़क पर आ गए। इससे नाराज अभिभावकों ने हंगामा किया।

स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों के बीच तीखी बहस हुई। किसी अभिभावक ने हंगामे का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि, वॉयस ऑफ लखनऊ वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मामले की जानकारी पर डीआईओएस और बीएसए के हस्तक्षेप के बाद स्कूल प्रबंधन ने सभी बच्चों को बुलाकर कक्षा में बैठाया। बीएसए ने आरटीई एक्ट के उल्लंघन का हवाला देते हुए स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

रोज की तरह सोमवार को बच्चे सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल की अपनी कक्षाओं में पहुंचे। स्कूल प्रबंधन के निर्देश पर शिक्षिकाओं ने बकाया फीस वाले बच्चों को कक्षाओं से बाहर कर दिया। इनमें नर्सरी से लेकर बड़े बच्चे शामिल हैं। सभी बच्चे एक कमरे में बैठ गए पर कुछ रोते हुए सड़क पर आ गए। इसकी जानकारी पर अभिभावक स्कूल पहुंचे और रिसेप्शन पर बैठे कर्मियों से आपत्ति जताई। इस पर कर्मियों ने कहा कि फीस जमा कराएं, तभी कक्षा में प्रवेश मिलेगा। बच्चों को रोता देख आक्रोशित अभिभावक हंगामा करने लगे। अभिभावक सोमेश शुक्ला और मनीष वर्मा ने बताया कि बकाया फीस के बारे में स्कूल से कोई नोटिस नहीं मिला है। फीस जमा न होने पर बात करनी चाहिए। बच्चों को कक्षा से बाहर निकालना गलत है। सूचना पर बीएसए राम प्रवेश ने क्षेत्रीय बीईओ राज नारायण कुशवाहा को स्कूल भेजा। उन्होंने स्कूल प्रबंधक से वार्ता कर बच्चों को कक्षा के भीतर प्रवेश दिलाया।

## नाले में उतराता मिला अज्ञात मानसिक विक्षिप्त युवक का शव

**लखनऊ।** राजधानी नगराम के गड़रियन खेड़ा गांव से बाहर नाले में सोमवार सुबह अज्ञात युवक का शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस द्वारा शव पानी से बाहर निकाल कर पहचान कराने का प्रयास किया गया फिर भी पहचान नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। नगराम के डिघारी का मजरा गड़रियन खेड़ा गांव से बाहर सोमवार सुबह नाले में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर नगराम पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच शव पानी से बाहर निकलवा कर मौजूद लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया गया फिर भी पहचान नहीं हो सकी। मृतक के शरीर की खाल उघड़ी हुई थी शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। ग्रामीणों के अनुसार मृतक मानसिक विक्षिप्त था जो पिछले कुछ दिनों से इधर उधर घूमा करता था। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तुलसीपुर, वि.ख. धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-07.10.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तुलसीपुर, वि.ख. धनपतगंज, सुलतानपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 08.10.2024 से दिनांक 14.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत तुलसीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 14.10.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | खड़ंजे से अमरनाथ के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 4.36 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट, बालू, मोरंग व अन्य सामग्री। |

**नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

**ग्राम प्रधान/सचिव**

**ग्रां.पं.- तुलसीपुर, वि.ख.- धनपतगंज**

**जनपद-सुलतानपुर**

# शारदीय नवरात्र : पंचम स्वरूप स्कंदमाता की भक्तों ने की पूजा-अर्चना





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को दुर्गा मां के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गयी। भोर से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही मां के जयकारे गूंजने लगे। शंख और घंटे-घड़ियाल की ध्वनियों संग आरती के बाद मां को भोग लगाया गया।

चौक स्थित बड़ी कालीजी मंदिर में नवरात्र के पांचवें दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। सुबह से देर रात तक पूजन-अर्चन होता रहा। इस दौरान तरह-तरह के फूलों से मां का श्रृंगार किया गया। ठाकुरगंज स्थित पूर्वी देवी मंदिर में मां का दरबार भी बिजली के झालरों व फूलों से सजाया गया। विधिविधान से पूजा आरती के बाद श्रद्धालुओं ने भजन किर्तन किया। इस मौके पर पंचमेवा और फल से भोग लगाया गया। भजन संध्या में भक्तों ने देवी गीतों से मां की स्तुति की, और मां के जयकारे लगाए। गोमतीनगर विस्तार स्थित मां कमाख्या देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लम्बी-लम्बी लाइन लगी हुई थी। हर कोई मां के दर्शन पाकर निहाल होना चाहता था। शास्त्री नगर स्थित मंदिर में महिलाओं ने मां का विशेष शृंगार किया और पूजन अर्चन की। हनुमान सेतु स्थित मां दुर्गा मंदिर में भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जुटे। आभूषण और वस्त्रों से शृंगार के साथ ही फलाहार का भोग लगाया गया। इसके साथ ही इंदिरानगर, गोमतीनगर, आलमबाग, विकासनगर, अलीगंज और डालीगंज इलाके के मंदिरों में भी भव्य पूजन-अर्चन हुआ।

**51 शक्तिपीठ में मां स्कंदमाता की हुई आराधना:** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्र उत्सव के पांचवे दिन सोमवार को मां स्कंदमाता की अराधना भक्तों ने की। मां की छत्रछाया में आज स्कंदमाता के पिंडी पूजन का सौभाग्य मलय रस्तोगी एवं मणि रस्तोगी को प्राप्त हुआ। आचार्य धनंजय पाण्डेय द्वारा पीण्डी पूजन के बाद दुर्गा सप्तशती पाठ में सामूहिक रुप से लोगों ने हिस्सा लिया। शाम को भजन संध्या में तृप्ति तिवारी ने मैया तेरे चरणों की रज धूल जो मिल जाये... सुनाया तो मां के जयकारे लगे। आज हरितांबर श्रंगार किया गया। आज के नवरात्रि के अवसर पर मंदिर के आचार्य धनंजय पांडे ने मां की महिमा का बखान करते हुए कहा कि शक्ति आराधना के पंचम दिवस पर भगवती का पूजन स्कंदमाता के रूप में किया जाता है। मॉ स्कंदमाता ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति की समग्रता के एकल प्रतीक भगवान्-कार्तिकेय की जननी हैं। नौ दिवसीय पूजनोत्सव के दौरान हमारी उर्ध्वमुखी चेतना की यह सिद्धिदायिनी यात्रा निर्विघ्न जारी रहे तथा मॉ का यह मंगलकारी स्वरूप हम सभी श्रद्धालुओं की समस्त सदिच्छाओं को शीघ्र साकार करे।

**हर संकट हरती हैं माता संकटा देवी:** चौपटिया स्थित रानी कटरा इलाके में स्थित संकटा देवी बेहद प्राचीन मंदिर है। मंदिर की स्थापना करीब आज से 500 वर्ष पूर्व हुई थी। माता की आराधना करने से हर संकट दूर होते हैं। मां को पिन्नी का प्रसाद चढ़ाने की परंपरा है। माता संकटा देवी मंदिर समिति के महामंत्री राजुकमार मेहरोत्रा ने बताया कि मां के दरबार में जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से आराधना करते हैं मां उनकी हर मुराद पूरी करती हैं। नवरात्र में मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने आते हैं। मां की पूजा करने से विवाह में आ रही समस्या दूर होती है। मनोकामना पूर्ण होने के बाद भक्त चावल, खोया और शकर को मिलाकर बना पिन्नी का प्रसाद चढ़ाते हैं। आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के द्वारा आयोजित दूतिय विशाल मां भगवती जागरण में आलमबाग नटखेड़ा रोड पर पहुंचे राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा महपोर सुषमा खर्कवाल एवम लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी का जागरण में माता की चुनरी एवं दुर्गा जी की किताब भेंट की।

**मंदिरों में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़:** जैसे जैसे अष्टमी नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आज नवरात्रों के पाचवें दिन भी मंदिरों में लोगों का ताता लगा रहा जिसमें महिलाओं व बच्चों की संख्या अधिक रही। लोगों ने सुबह सवेरे मंदिरों में पहुंचकर भारी संख्या में मा भवानी की पूजा व अर्चना की। हर रोज की भाति आज भी शहर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की लम्बी-लम्बी लाइनें लग गई और कई घटों तक लोग मा भवानी के दर्शन करने के लिए खड़े रहे। शहर के अन्य मंदिरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थित मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही, जहा बड़ी संख्या में लोगों ने मां भवानी की पूजा-अर्चना की व मन्नतें मागी।

**ढ़ोलक-मंजीरे संग माता के गीत गाए:** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज के अतुल प्रसाद सेन सांस्कृतिक क्लब की ओर से तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत सोमवार को छात्राओं ने देवी गीत व भजन गाए। प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने बताया कि ढोलक की थाप व मंजीरे की मधुर ध्वनि के साथ भजन ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में एक ओर मानसी, मुस्कान व आयुषी ने पीले पीले उड़े रे गुलाल भजन से समा बांधा। दूसरी तरफ शालिनी, मधु, सिद्धि, अलका और आंचल ने आ जाओ भवानी से सबका मन मोह लिया। दीपा, वैष्णवी और कोमल ने चवन्नी चले न भइया आदि गीत गाए। साथ ही पूर्व छात्राओं कीर्ति, पूजा, मीशा ने भी नृत्य और गीत की अनेकों प्रस्तुतियां दीं।





## भक्त आज करेंगे माता कात्यायनी की पूजा



**लखनऊ।** नवरात्रि में छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोगए शोकए संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस देवी को नवरात्रि में छठे दिन पूजा जाता है। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की।

कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं। ये वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गई थी। इसीलिए ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है। ये स्वर्ण के समान चमकीली हैं और भास्वर हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। मां के बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। इनका वाहन भी सिंह है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इसलिए कहा जाता है कि इस देवी की उपासना करने से परम पद की प्राप्ति होती है।

## असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा 12 को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पंचांग के अनुसार आश्विन माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को दशहरा का पर्व मनाया जाता है। इसे विजयादशमी और रावण दहन के नाम से भी जाना जाता है। शास्त्रों में इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। मान्यताओं के अनुसार इसी दिन प्रभु श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर माता सीता को उसके चंगुल से छुड़ाया था। इस दिन देशभर में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाता है।

मान्यता है कि इस दिन सभी को भगवान श्रीराम की पूजा करनी चाहिए। साथ ही रामायण का संपूर्ण पाठ करें। इससे जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती हैं। ज्योतिषियों के मुताबिक इस दिन श्री राम, मां दुर्गा, श्री गणेश और हनुमान जी की आराधना करने से शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस साल दशहरा कब मनाया जाएगा। दशमी तिथि का आरंभः 12 अक्तूबर प्रातः 10 बजकर 58 मिनट पर, तिथि का समापनः 13 अक्तूबर 2024, प्रातः 09 बजकर 08 मिनट पर। ऐसे में दशहरा 12 अक्तूबर 2024 को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार विजयदशमी के दिन श्रवण नक्षत्र का होना बहुत शुभ होता है, और इस साल इसका संयोग बन रहा है। बतादें श्रवण नक्षत्र 12 अक्तूबर को सुबह 5:00 बजकर 25 मिनट से प्रारंभ होकर 13 अक्तूबर को सुबह 4:27 मिनट पर समाप्त हो रहा है।

**पूजा का शुभ मुहूर्त :** इस साल दशहरा पूजन के लिए शुभ मुहूर्त दोपहर 2 बजकर 2 मिनट से शुरू होगा, जो दोपहर 2: 48 तक रहेगा। मुहूर्त की कुल अवधि लगभग 46 मिनट तक रहेगी।

**दशहरा का महत्व:** दशहरा श्री राम की रावण पर विजय को दशार्ता है, लेकिन इसका महत्व सिर्फ इतना ही नहीं है। दशहरे के दिन श्री राम की पूजा करने से कार्यों में विजय मिलने लगती है। सफलता के नए मार्ग खुलते हैं और निर्भीकता जैसे सद्गुण का संचार होता है। वहीं, इस दिन रावण दहन देखने से आत्मिक, मानसिक और शारीरिक दोषों का नाश होता है। व्यक्ति में दिव्यता जन्म लेने लगती है।

**दशहरा पर पूजन विधि :** इस दिन लोग भगवान राम और मां दुर्गा की विधिवत पूजा करते हैं। इस दिन राम जी को उनके प्रिय भोग को अर्पित करना चाहिए। इस दिन लोग अपने शस्त्रों की पूजा भी करते हैं। इस मौके पर लोग रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों को जलाते हैं। इस शुभ अवसर पर जगह-जगह रामलीला का भी आयोजन किया जाता है। कई समुदाय शानदार रामायण प्रदर्शन का मंचन करते हैं। इस मौके पर लोग मां दुर्गा की प्रार्थना और उनके वैदिक मंत्रों का जाप करते हैं। इस दिन मां दुर्गा की मूर्तियों को पवित्र नदियों में विसर्जित किया जाता है।

# भरत-राम मिलन, चरणपादुका ग्रहण लीला ने मंत्रमुग्ध किया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री राम लीला समिति ऐशबाग के प्रांगण में स्थित तुलसी मंच पर कार्यक्रम का शुभारम्भ देवताओ की स्तुति के साथ हुआ जिसके बाद सर्वप्रथम मंच पर नृत्य मंथन स्कूल आफ डांस की निदेशक अंकिता बाजपेई के शिष्य कलाकार काशवी आयन, आराध्य, अनम, आयत, द्वारा देवी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किये एवं राम के थे राम के है पर नृत्य भजनो पर नृत्य प्रस्तुत किया श्री रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने अंकिता बाजपेई को स्मृति चिन्ह, रामायण एवं रामनामी दुपट्टा देकर सम्मानित किया। रामलीला मंचन पूरे राममय वातावरण में भास्कर बोस के निर्देशन में प्रारम्भ हुआ जिसमे चित्रकूट में प्रवास करने के लिए लक्ष्मण जी द्वारा कुटिया का निर्माण किया गया जिसमे राम जी व सीता जी द्वारा प्रवेश किया गया भरत जी आयोध्या से राज मुकुट लेकर राम जी को राजा बनाने के लिए पूरे मंत्री मंडल एवं बन्धु बन्धुओ के साथ चित्रकूट के लिए प्रस्थान करते है रास्ते में उनका मिलन निषाद राज से होता है फिर सभी लोग चित्र कूट के लिए प्रस्थान करते है। चित्रकूट में जब भरत जी राम जी से मिलते है तो ये दृश्य बहुत भावविह्वल कर देता है सभी आयोध्यावासी माताये मंत्री गण राम जी को राज पाठ ग्रहण करने का निवेदन करते हैं। सभी उपस्थित नगरवासी एक स्वर में जनक जी से निर्णय करने को कहते है तब राम जी राजा बनना स्वीकार कर लेते है परन्तु पिता का वचन निभाने के लिए 14 वर्ष तक वनवास पूर्ण करने के पश्चात ही राज पाठ स्वीकार करने का वचन देते है तभी भरत जी राम जी से चरण पादुका यह कह कर मांग लेते है की आपकी चरण पादुका सिंघासन पर रख कर ही राज का कार्य भार संभालने का निर्णय करते है। राम जी उनकी ये बात सहर्ष स्वीकार कर लेते है और अपनी चरण पादुका भरत जी को सौप देते है। सभी आयोध्यावासी इस निर्णय की प्रसंशा करते हुए आयोध्या प्रस्थान कर जाते है।

## मौसमगंज मे सीताहरण

**लखनऊ।** डालीगंज की मौसमगंज रामलीला में सोमवार को सूर्पनखा अंग भंग, सीता हरण, जटायु बलिदान लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया। इससे पूर्व केवट लीला का मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। केवट का अभिनय करने वाले राजेश त्रिपाठी के सशक्त अभिनय को लोगों ने खूब सराहना की। प्रभु श्री राम को गंगा पार कराने के समय केवट द्वारा जिस नैना के राम के खेवईया, देखो बिना चलाय चलीऱ मेरी नाव चली मेरी नाव चली, को जब गया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। समिति के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को शबरी प्रेम, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका दहन का मंचन होगा।

## क्यों करते हो क्रोध मुनि जी क्या है दोष हमारा...



**लखनऊ।** सेक्टर सी के महानगर स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला समिति महानगर द्वारा सात दिवसीय रामलीला का मंचन सोमवार को राम जन्म से हुआ। मंचन 13 अक्टूबर तक चलेगा। रामलीला की शुरूआत गणेश वंदना के बाद राम का जन्म भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी चौपाई के साथ हुआ। उसके उपरांत प्रभु राम द्वारा तड़का सुबाहु का वध, अहिल्या उद्धार गौरी पूजन, धनुष यज्ञ और उसके उपरान्त अपने क्रोधी और उग्र स्वभाव के परशुराम और लक्ष्मण के बीच संवाद फिर शांत स्वभाव के प्रभु राम द्वारा मध्यस्थता करने पर परशुराम जी प्रभु राम को पहचान जाते हैं और उनका क्रोध शांत हो जाता है और फिर परशुराम जी कहते हैं रघुकुल में सूर्य समान हो तुम हे राम तुम्हारी जय होए यह दृश्य दर्शकों को भावविभोर कर देता है। राम के रूप में यशी लोहुमी, लक्ष्मण के रूप में फाल्गुनी लोहुमी, सीता के रूप में अनुराधा मिश्रा, परशुराम के रूप में नवीन पांडे, दशरथ -कुणाल पन्त, ताड़का-पिंकी नौटियाल, जनक के रूप में हरीश लोहुमी और अहिल्या के रूप में ऐसी शर्मा का प्रदर्शन अत्यन्त सराहनीय रहा।

## प्रभु श्री राम के जन्म के साथ शुरू हुई पंत नगर की रामलीला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पंतनगर सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित श्री रामलीला महोत्सव 2024 के प्रथम दिवस लीला का शुभारंभ लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल तथा स्थानीय पार्षद उमेश सनवाल द्वारा दीप जलाकर किया गया। समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने बताया की 35 वर्षों से यह लीला स्थानीय लोगों के सहयोग से समिति द्वारा कराई जा रही है जिसमें भाग लेने वाले कलाकार व्यावसायिक ना होकर स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे होते हैं जिन्हें दो माह का प्रशिक्षण समिति द्वारा प्रदान किया जाता है।

आज की लीला प्रभु श्री राम के जन्म से प्रारंभ हुई अवध में आनंद मनाया गया तथा महर्षि विश्वामित्र के आग्रह पर राजा दशरथ द्वारा अपने युवान पुत्रों को उनके यज्ञ की रक्षा हेतु भेजा गया जहां प्रभु श्री राम द्वारा यज्ञ की रक्षा करते हुए ताड़का का वध किया गया। गौतम की श्रापित स्त्री अहिल्या को प्रभु के चरणों की राज से मोक्ष की प्राप्ति हुई। प्रभु श्री राम भाई लक्ष्मण सहित जनकपुरी घूमते हैं वहीं पुष्प वाटिका में माता सीता और प्रभु श्री राम एक दूसरे को देखकर प्रेम से हर्षित होते हैं और माता सीता मां गौरी का आशीर्वाद प्राप्त करती है। लीला के धनुष यज्ञ के दृश्य में प्रभु श्री राम शिव धनुष को तोड़कर राजा जनक का संताप हरते हैं एवं माता सीता श्री राम को वरमाला पहिनाती हैं और मां गौरी का उनको दिया हुआ वरदान फलित होता है। धनुष भंग से परशुराम जी कुपित होते हैं तथा लक्ष्मण से उनका गरमा गरम संवाद होता है अंत में परशुराम जी प्रभु श्री राम की महिमा जानकर क्षमा याचना करते हैं। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष भुवन चंद पांडे देवजीत पांडे पूरन सिंह नयाल, एन डी जोशी, महामंत्री गोकुल उप्रेती, महेश चंद्र तिवारी व प्रदीप सिंह चन्द द्वारा लीला मंचन के महत्वपूर्ण दायित्वों को निभाया जा रहा है।

# विवाह के लिए अक्तूबर से दिसंबर माह तक 28 शुभ मुहूर्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शादी समारोह, धार्मिक कार्यक्रम करवाने या खरीदारी की तैयारी कर रहे लोगों के लिए दिसंबर तक 28 शुभ मुहूर्त आ रहे हैं। नवरात्र से शुभ मुहूर्त शुरू हो गए हैं जो 11 दिसंबर तक रहेंगे। पितृपक्ष में मांगलिक कार्य करना शुभ नहीं माना जाता है। इसलिए अब नवरात्र के साथ ही शुभ कार्य होने शुरू हो गए हैं।

नवरात्र में विवाह, विवाह के लिए वर या कन्या को देखना, वाहन खरीददारी, सोने- चांदी की खरीददारी करनी शुभ होती है। इस साल अक्तूबर से 11 दिसंबर तक 28 दिन विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। इन शुभ मुहूर्त में वर और कन्या की कुंडली में ग्रहों की स्थिति को देखकर शुभ मुहूर्त निकाला जाता है। राम मंदिर के पुजारी पंडित रमेश ने बताया कि अक्तूबर में 6, 7, 11, 12, 20, 21, 26, 27 और 28 अक्तूबर को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। इसके साथ ही नवंबर महीने में सबसे अधिक 15 दिन विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। नवंबर में 3, 4, 6, 8, 9, 10, 14, 17, 18, 22, 23, 24, 25, 26 और 27 की तिथि विवाह के लिए शुभ है। दिसंबर में चार ही दिन विवाह के योग बन रहे हैं।

दिसंबर में 5, 6, 7 और 11 की तिथि को विवाह करवा सकते हैं। इसके बाद अगले साल 16 जनवरी से ही विवाह के लिए शुभ मुहूर्त मिलेंगे। उन्होंने बताया कि कई लोगों को भ्रम रहता है कि चातुर्मास में विवाह नहीं किए जाते। लेकिन चातुर्मास में विवाह जैसे शुभ कार्य बंद नहीं होते हैं।

चातुर्मास साधना करने के लिए भी शुभ माना गया है। अक्तूबर से दिसंबर तक शरद पूर्णिमा, पंच भीष्म, तुलसी विवाह, हनुमान जयंती, दिपावली और धनतेरस जैसे मांगलिक कार्य किए जाते हैं। विवाह और खरीददारी करना बेहद शुभ माना गया है।

**इसलिए देखते हैं शुभ मुहूर्त :** सनातन धर्म में किसी भी शुभ या मांगलिक कार्य को करने से पहले शुभ मुहूर्त देखा जाता है। इसमें जिस दिन मांगलिक कार्य करना हो उस दिन की तिथि, शुभ नक्षत्र, योग, ग्रह को देखकर ही शुभ कार्य किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि शुभ मुहूर्त में किए कार्य से लाभ मिलता है। बिना शुभ मुहूर्त के किए गए काम में हानि हो सकती है या बना हुआ काम बिगड़ सकता है। इसलिए शुभ मुहूर्त में ही विवाह, खरीददारी और संस्कार जैसे शुभ कार्य किए जाते हैं।

# सूर्य कुमार पांडेय को 'डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र 'निशंक' साहित्य सम्मान'

- उषा सक्सेना को 'विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** 'डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र 'निशंक' साहित्य सम्मान-2024 से सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री सूर्य कुमार पाण्डेय, लखनऊ तथा 'विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान-2024' से श्रीमती उषा सक्सेना, लखनऊ को दिये जाने का निर्णय डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र 'निशंक' अध्ययन संस्थान, लखनऊ द्वारा किया गया है।

संस्थान द्वारा पूर्व वर्षों में डॉ. दीन मोहम्मद 'दीन', मैनपुरी, श्री माहेश्वर तिवारी, मुरादाबाद, श्री उदय प्रताप सिंह, लखनऊ, डॉ. उपेन्द्र, लखनऊ, श्री सरस कपूर, लखनऊ, डॉ. शिवओम अम्बर, फरुर्खाबाद, श्री गोपाल चतुवेर्दी, लखनऊ, श्रीमती प्रमिला भारती, नई दिल्ली, डॉ. ओम निश्चल, नई दिल्ली आदि को डॉ. निशंक साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। 'विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान' से संस्थान द्वारा पूर्व वर्षों में प्रो. कमला श्रीवास्तव, लखनऊ, पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह, लखनऊ को सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान आगामी 21 अक्टूबर, 2024 (सोमवार) को श्री उदय प्रताप सिंह एवं श्री गोपाल चतुवेर्दी जी की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र 'निशंक' की 106वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित समारोह में दिया जायेगा। सम्मान स्वरूप सम्मानित साहित्यकारों को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र भेंट किया जायेगा। पुरस्कार दिये जाने का निर्णय संस्थान की निर्णायक समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया, जिसमें डॉ. कमला शंकर त्रिपाठी, प्रो. उषा सिन्हा, श्री योगीन्द्र द्विवेदी व डॉ. आलोक मिश्र आदि सम्मिलित थे।

# दुर्गा प्रतिमा पर विशेष समुदाय के युवकों ने किया पथराव, मूर्ति खंडित आधा दर्जन श्रद्धालु घायल

## दुर्गा प्रतिमा लेकर जा रहे आयोजकों पर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडा से किया गया हमला

जिला संवाददाता(vol)







**कुशीनगर।** पडरौना नगर के कसया-पडरौना मार्ग के रास्ते माँ दुर्गा की मूर्ति लेकर जा रहे भिसवा लाला के श्रद्धालुओं पर विशेष समुदाय के लोगो ने छावनी स्थित सरस हास्पिटल के सामने लाठी-डंडा और ईट-पथरो से हमला कर दिया। हमलावरों ने जहा ट्रैक्टर - टाली पर रखी गयी माँ दुर्गा की प्रतिमा को खंडित कर दिया वही आधा दर्जन श्रद्धालुओं को पीट- पीट कर घायल कर दिया। इसके बाद नाराज दुर्गा समिति के युवक खंडित दुर्गा प्रतिमा को सडक पर रोककर प्रर्दशन करने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने प्रर्दशनकारी युवको को मान-मनौब्बल कर शान्त करने का प्रयास करती रही लेकिन नाराज युवक दोषियों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई करने की जिद पर अडिग रहे। मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस ने दस लोगो को हिरासत मे लेकर मामले को शांत कराने में जुटी रही। इस दौरान एएसपी, सीओ, सहित आधा दर्जन थाने की पुलिस भारी संख्या मे जमी रही।

बतादे कि रवीन्द्रनगर थानाक्षेत्र के भिसवा लाला गांव के युवक अपने गांव मे दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने के लिए पडरौना नगर के बावली चौक से ट्रैक्टर-टाली से शेर पर सवार माँ दुर्गा की प्रतिमा लेकर डीजे पर भक्तिमय गाना बजाते हुए अपने गांव जा रहे थे। आयोजक मंडल दुर्गा प्रतिमा के साथ जैसे ही कसया-पडरौना मार्ग के छावनी मुहल्ले में पहुचा तो पहले से तैयार मुस्लिम समुदाय के कुछ युवक सरस हास्पिटल के सामने डीजे वाली मैजिक गाडी के आगे बाइक लगाकर रोक दिया और मैजिक चालक को गाली देते हुए गाना बंद करने की बात कही।प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो मैजिक चालक प्रद्युम्न कुशवाहा गाडी रोककर बाहर निकला तो उसे विशेष समुदाय के युवको ने चारो तरफ से घेरकर लाठी-डंडा से पीटना शुरू कर दिया। दुर्गा समिति के युवक कुछ समझ पाते तब तक मुस्लिम समुदाय के युवकों ने ट्रैक्टर - टाली पर भी पथराव शुरू कर दिया।नतीजतन पथराव मे जहां माँ दुर्गा की प्रतिमा खंडित हो गयी वही ट्रैक्टर - टाली पर बैठे 16 वर्षीय संदीप, 13 आकाश, 15 वर्षीय रामलखन, 18 वर्षीय रोहित, 15 वर्षीय अभिषेक, 27 वर्षीय विकास आदि बुरी तरह से घायल हो गये, जबकि एक दर्जन से अधिक युवक चोटिल बताये जा रहे है।

### महिलाएं दे रही थी ईट-पत्थर और लाठी-डंडा

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब विशेष समुदाय का एक युवक मैजिक गाडी के आगे बाइक खडा कर दिया तो मैजिक सहित पीछे चल रही ट्रैक्टर - टाली भी रुक गया जिस पर एक दर्जन से अधिक आयोजन समिति के युवक दुर्गा प्रतिमा को पकडकर खडे थे। इसी दरम्यान विशेष समुदाय की कुछ महिलाएं हाथ मे ईट-पत्थर और लाठी डंडा लेकर घर से बाहर निकली और सडक के किनारे खडे अपने स्वजातीय युवको को देने लगी और देखते ही देखते उन युवको ने ट्रैक्टर - टाली पर दुर्गा प्रतिमा लेकर खड़े युवको पर पथराव करने लगे, जिसमे माँ दुर्गा की प्रतिमा खंडित हो गयी आधा दर्जन युवक घायल हो। बताया जाता है कि विशेष समुदाय के युवको ने श्रद्धालुओं को सडक पर दौडा-दौडा कर पिटा जिससे दर्जनों युवक चोटिल हुए है।

### तीन घंटे तक पुलिस मान-मनौव्वल करती रही

विशेष समुदाय के खुराफाती युवको द्वारा पथराव कर दुर्गा प्रतिमा खंडित करने के बाद नाराज दुर्गा समिति के युवक मूर्ति सड़क पर रोक कर प्रदर्शन करने करने।सूचना पाकर कोतवाली पुलिस, एएसपी सीओ, कोतवाल आदि मौके पर पहुचकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए आयोजन समिति के युवको को शांत करने मे जुट गये लेकिन पीड़ित पक्ष दोषियों की गिरफ्तारी के जिद पर अडिग रहा। तकरीबन तीन घंटे तक मान-मनौब्बल का सिलसिला चलता रहा। इस दरम्यान आधा दर्जन थाने की फोर्स भी मौके पर पहुंचकर ला एंड आर्डर बनाये रखने मे जूझते रहे। इधर मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस दोषियों के घरों को चिन्हित कर दस लोगो को हिरासत मे ले लिया। इसके बाद आयोजन समिति का गुस्सा शांत हुआ। खबर लिखे जाने तक आयोजन समिति के युवक सडक पर जमे रहे।

संक्षेप

## परिणय सूत्र में बंधे 60 जोड़े

**बरेली।** आज की भागम भाग जिंदगी के दौर में भी कुछ एक लोग अपनी सामाजिक जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं।दहेज रूपी रावण से मुक्ति दिलाने के लिए सामाजिक और धार्मिक संगठनों के द्वारा वैवाहिक समारोह बहुत कारगर सिद्ध हो सकते हैं। इसी सोच के साथ श्री रामलीला समिति बाबा बनखंडी नाथ मंदिर के द्वारा रामलीला प्रांगण में रविवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य और यूपी के राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।जोगी नवादा स्थित बाबा बनखंडी नाथ मंदिर श्री रामलीला समिति द्वारा रविवार को प्रभु श्री राम और माता सीता के विवाह के मंचन के साथ ही 60 युवक युवतियों सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंध गए।

विवाह के दौरान उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने नव विवाहित जोड़ों को भावी जीवन की शुभकामनाएं देते हुए पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने सामूहिक विवाह के दौरान कहा की इस प्रकार के सामूहिक विवाह के द्वारा ही दहेज रूपी दानव से मुक्ति पाई जा सकती है।प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ अरुण कुमार ने भी नव विवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिया।

हिंदू रीति रिवाज के द्वारा पूर्ण विधि विधान के साथ विवाह समारोह संपन्न हुआ। एक साथ 60 युवक घोड़े पर सवार होकर बैंड बाजे के साथ बारात लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। सामूहिक विवाह म बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## रेलवे गेट पर उपरिगामी सेतु का शिलान्यास 9 को

**भटनी ।**स्थानीय नगर पंचायत के 115नम्बर रेलवे समपार पर उपरगामी सेतु की आधारशीला व भूमि पूचन करेगे 9अक्टूबर को सदर सांसद शंशाक मणि त्रिपाठी ।इस उपरगामी सेतु के निर्माण हो जाने के बाद क्षेत्रीय जनता ही नही उ प्र व बिहार के लोगो को सडक मार्ग से यात्रा करने मे सुविधा होगी ।निर्माण की सूचना पर लोगो मे खुशी लहर व्याप्त है ।यहां भटनी मे पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने बताया की इस ओवरब्रिज का निर्माण 38करोड 13लाख रुपया की लागत से बनेगा ।भटनी बाईपास होते हुए नगर बिहार भिंगारी बाजार भाटपाररानी सहित क्षेत्र के सैकडो गाँवो के लोग प्रति दिन यात्रा करते है ।इस समपार की उपयोगिता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर समस्या को रखा । स्वीकृति मिली और रेलवे ने भी अपनी सहभागिता जारी कर दी ।जिससे सेतु बनने का रास्ता साफ हो गया ।ओवरब्रिज के बन जाने से जहाँ आवागमन की सुविधा सुगम हो जायेगी और व्यवसायिक माहौल भी बनेगा ।जिससे क्षेत्र का विकास होगा ।रामपुर कारखाना का विकास ही मेरा लक्ष्य रहा है और उसके लिए सदैव प्रयत्नशील रहुंगा ।विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने ओवरब्रिज के शिलान्यास के अवसर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्रीय जनता को समय से उपस्थित होने की अपील किया है ।

## पीएम कुसुम की बुकिंग 10 को

**देवरिया ।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया है कि जनपद में संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी०ए०-कुसुम) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत कृषकों द्वारा अवशेष कृषक अंश की धनराशि निर्धारित अवधि 09 जुलाई 2024 तक किन्ही कारणों से जमा नही कर सके है उन्हे अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा करने हेतु 14 दिवस का अतिरिक्त समय-सीमा बढ़ाए जाने की अनुमति प्रदान की गयी है। जनपद के अवशेष कृषकों को बुकिंग को पुनः 10 अक्टूबर 2024 को कन्फर्म किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। जिसका मैसेज सम्बन्धित कृषकों के उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर प्रेषित किया जायेगा। तद् ?नुसार कृषक बन्धु कृषक अंश की धनराशि इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में चालान के माध्यम से जमा कर सकते है।

## जनपद स्तरीय युवा उत्सव सांस्कृतिक प्रतियोगिता 16 को

**देवरिया ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग देवरिया के संयुक्त तत्वाधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव के अन्तर्गत सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन 16 अक्टूबर को संत विनोवा पी०जी० कालेज के सभागार में किया जाना प्रस्तावित है। जनपद स्तरीय युवा उत्सव में राष्ट्रीय युवा उत्सव हेतु निर्धारित विधाओं - लोकनृत्य (समूह) लोकनृत्य (व्यक्तिगत/एकल), लोकगीत (समूह) लोकगीत (व्यक्तिगत/एकल), कहानी लेखन, पोस्टर (चित्रकारी) बनाना शब्दपाण्डित्य, फोटोग्राफी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी । सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सभी विकास खण्डों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों शासकीय एवं अर्द्धशासकीय शासकीय शिक्षण संस्थाएं तथा उपर्युक्त कार्य से जुड़ी हुई निजी संस्थाओं के साथ ही साथ शहरी व ग्रामीण कलाकार जिनकी उम्र 12 जनवरी 2025 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होगी, वे प्रतिभाग कर सकते हैं। युवा महोत्सव में युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने हेतु थीमेटिक अवयव आयोजित किये जाने वाले साइंस मेला भी आयोजित किया जाएगा। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक कलाकार या युवा वैज्ञानिक अपना पंजीकरण 15 अक्टूबर 2024 तक संबंधित विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अथवा जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कार्यालय विकास भवन, देवरिया में करा सकतें है।

# फिलीस्तीन-इजरायल युद्ध विराम की मांग



**अयोध्या।** फिलीस्तीन-इजरायल के बीच तत्काल युद्ध विराम की मांग को लेकर सोमवार को देशव्यापी आह्वान पर जिला मुख्यालय तहसील सदर पर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि युद्ध समाप्त करने के लिए इजरायल कब्जाए फिलीस्तीनी क्षेत्रों को खाली करे तथा भारत सरकार द्वारा इजरायल को मदद के रूप में हथियारों की आपूर्ति बन्द करे।

विरोध कार्यक्रम में भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, मजदूर नेता शैलेन्द्र प्रताप सिंह, के आर यादव, उदय चन्द यादव, ओमप्रकाश यादव, अजय शर्मा चंचल, अयोध्या प्रसाद तिवारी, श्रीमती देवी, जगजीवन, रामजी यादव, कमला प्रसाद, घनश्याम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों के चेहरे पर लायें मुस्कानः सीएमओ



**कुशीनगर।**प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्थानीय सीएचसी परिसर के सभागार में सोमवार को अपराह्न 51 टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण की पोटली देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों के चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आज जो भी निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रोटीनयुक्त आहार दिये है। उनका उपचार चलने तक ख्याल रखे तथा प्रतिमाह नियत समय पर पोटली देते रहे और उनको फोन करके स्वास्थ्य की जानकारी भी लेते रहे। उन्होंने कहा कि आप विश्वास नही करेंगे की जब वह इस बीमारी से स्वस्थ हो जायेगा तो आपकी प्रसंशा चहुओर करेगा। और आप ऐसा कर उसके चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य कर सकते है। उन्होंने इस कार्य हेतु सीएचसी के समस्त चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विशिष्ट अतिथि डीटीओ डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि जिन रोगियों को आप द्वारा गोद लिया गया है उनसे नियमित बातचीत करते हुई उनका ख्याल रखे तथा यदि उनके उपचार या अन्य किसी सुविधाएं जो हमारे स्तर से मुहैया कराई जा रही है उसमें कोई समस्या आ रही हो तो उसका निदान करे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे

**● गोद लेने वाले व्यक्ति टीबी रोगियों का नियमित रखे ख्यालः डीटीओ**

सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने कहा कि टीबी यूनिट कसया के कर्मचारियों द्वारा टीबी मरीजों को मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाओं को मुहैया कराया जा रहा है और हमारे टीबी के सभी आंकड़े शतप्रतिशत अपने लक्ष्य को हासिल कर रहे। एमोटीसी डॉ मुकेश यादव ने कहा कि आज हमारे सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने मिलकर 51 टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार दिया है। मैं इसके लिये सभी को बधाई दे रहा हूँ तथा मैं अपील कर रहा हूँ कि समाज के सम्भ्रांत लोग आगे आकर इस कार्य में अपनी भागीदारी करे ताकि हम प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार कर रहे।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने किया तथा आगन्तुको का स्वागत डॉ संजय सिंह ने किया एवं आभार एसटीएस शाहिद अंसारी ने व्यक्त किया। इस दौरान डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ गौरव जी गौतम, डॉ यूसुफ अली, डॉ सौनक श्रीवास्तव, डॉ रितेश कुमार, डॉ जलज गुप्ता, डॉ नेहा, डॉ निधि प्रदा मल्ल, डॉ अनामिका, चीफ फार्मासिस्ट अशोक सिंह, संजय राय, राकेश मणि, एलटी विजयकृष्ण द्विवेदी, विमलेश दुबे, राकेश पांडेय, प्रकाश, वरिष्ठ लिपिक अमित सिंह, बसुंधरा, प्रतिमा मौर्या, बीना दुबे, हरिवंश गुप्ता, अमरेश राय, आनन्दपाल सिंह, जनऔषधि के हर्षित मिश्र, राजन, साबिर, अशोक गुप्ता, विनोद वर्मा, नगीना यादव, अवधेश सिंह, धनश्याम प्रसाद, गुरुदयाल आदि सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## दिवंगत शिक्षिका के परिवार को आर्थिक सहायताः सहयोगियों ने एकत्र की राशि

**भटनी।( देवरीया)।** क्षेत्र के परिषदीय स्कूल दनउर सेवारत इंद्रावती देवी, जो लम्बे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं, का निधन हो गया था ।इंद्रावती देवी के परिवार की सहायता के लिए क्षेत्र के शिक्षकों ने एकजुट होकर आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया। शिक्षकों द्वारा एक लाख 31 हजार रुपये की सहयोग राशि एकत्रित की गई, जिसे नगद रूप से उनके बेटे सूचीन्द्र तिवारी को सौंपे गए। कुछ शिक्षकों ने सीधे उनके बैंक खाते में भी योगदान किया था। इस पहल में विशेष रूप से भटनी ब्लॉक के शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने अपनी सहकर्मी के परिवार के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग का आदर्श प्रस्तुत किया ।सहयोग राशि सौंपने के लिए शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल इंद्रावती देवी के गांव दनउर पहुंचा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ला, मंत्री रामनिवास यादव, त्रिगुणा नन्द तिवारी, सुरेश यादव, नन्द प्रकाश मौर्य, घनश्याम तिवारी, मधुकर सिंह, अजीत यादव, मारूति नंदन मिश्र, कृष्णा तिवारी, शरद मिश्र और राजीव रंजन मिश्र सहित कई सम्मानित शिक्षक उपस्थित थे।

# आठवीं की छात्रा सरिता बनी तुर्कपट्टी थाना की दो घंटे की थानेदार

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति योजना के क्रियान्वयन के तहत तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष ने रुदवलिया विद्यालय की छात्रा सरिता निषाद को दो घंटे का थानाध्यक्ष बना कर नारी शक्ति का सम्मान किया। सरिता ने भी अपने साथियों संग विभिन्न फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा अपने विवेक का परिचय देते हुए उन्हें निस्तारित किया। सोमवार को सुबह दस बजे थाना का प्रभार लेने के बाद सरिता निषाद तथा उनकी साथी शिवानी विश्वकर्मा, आंचल मद्धेशिया सीता मिश्रा, प्रीति यादव तथा संतिमा चौहान ने विभिन्न रजिस्टर, माल खाना, बंदी गृह और भवन का निरीक्षण कर उनके विषय में जानकारी हासिल की ।थानाध्यक्ष बनी सरिता ने बताया कि पुलिस कर्मियों का काम बेहद कठिन होता है। धूप, गर्मी, सर्दी, बरसात में पुलिसकर्मी हमारे लिए कितनी मेहनत से काम करते हैं।

**● आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय रुदावलिया में अध्ययनरत है छात्रा जनसुनवाई के दौरान चार मामला सुलझाया**

जब मुझे पता चला कि मुझे दो घंटे का थानाध्यक्ष बनाया जाएगा तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मैंने चार फरियादियों की शिकायत सुनी, घरेलू विवाद व जमीन का मामला था, जिसका निस्तारण भी किया। यह बेहद शानदार अनुभव रहा, दोस्तों के साथ भी इसे साझा करूंगी।

मुझे आईपीएस बनना है, शायद यह मेरे सपने का पहला कदम है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि छात्रा को एक दिन के लिए थानेदार बनाया गया था।

थानेदार की कुर्सी पर बैठ कर जनसुनवाई की और सामने आए मामलों का निस्तारण भी किया।

## परिषदीय स्कूलों के छात्रों में विकसित हो रहा वैज्ञानिक दृष्टिकोणः सुधा

**रुद्रपुर, देवरिया।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत सोमवार को ब्लाक संसाधन केन्द्र पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 48 जूनियर विद्यालयों से प्रतिभाग किए 150 प्रतिभागियों में से लिखित और मौखिक परीक्षा कराने के बाद पांच टॉपरों समेत 25 छात्रों को पुरस्कृत किया गया। अव्वल प्रतिभागियों को चेयरमैन सुधा निगम ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया ।मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। इस तरह के आयोजन से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा होगी। इससे बच्चों को विज्ञान सीखने में आसानी होगी। प्रदेश सरकार लगातार परिषदीय स्कूलों का काया बदलने के प्रयास में लगी है। जिसका असर धरातल पर दिख रहा है। बीईओ राज किशोर सिंह ने कहा कि बेसिक ?शिक्षा विभाग की ओर से कंपोजिट और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता कराई जा रही है। अव्वल प्रतिभागी जिले पर आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे और उनका एक्सपोजर टूर भी कराया जाएगा। परीक्षा में किशन विश्वकर्मा, आदित्य कुमार, नीतिन विश्वकर्मा, लाला गौतम और नंदिनी प्रजापति अव्वल रही। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राज किशोर सिंह, सभासद नीलम यादव, विजय यादव, प्रवीण यादव, विजय बहादुर यादव, सत्यप्रकाश सिंह, छत्रपाल सिंह कुशवाहा, रश्मि आर्या, अनिल कुमार, सत्यभामा त्रिपाठी, ब्रजेश गुप्ता, अंजनी सिंह, देवेन्द्र प्रताप यादव, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने मूर्ति विसर्जन स्थलों पर की 67 मजिस्ट्रेट की तैनाती

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।** जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती दिव्या मित्तल ने दुगार्पूजा त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के 67 मूर्ति विसर्जन/ संवेदनशील स्थान पर अधिकारियों की मजिस्ट्रेट के तौर पर तैनाती की है। सभी नामित मजिस्ट्रेट तैनाती स्थल पर उपस्थित रहकर मूर्ति विसर्जन कराएंगे, विवादों व समस्याओं का निस्तारण करेंगे, जिससे किसी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति न उत्पन्न होने पाये तथा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार सम्पन्न हो सके।

जिला मजिस्ट्रेट ने यह भी निर्देश दिया है कि नामित मजिस्ट्रेट अपने तैनाती स्थल पर मूर्तियों के विसर्जन कार्यक्रम को पूर्ण कराने के बाद ही तैनाती स्थल को छोड़ेंगे।

सभी मजिस्ट्रेट गण पूर्व से भ्रमण कर अपने तैनाती स्थल पर मूर्तियों के विसर्जन के कार्यक्रम की भी जानकारी एकत्र कर लें, क्योंकि मूर्तियों के विसर्जन का कार्यक्रम कई दिनों तक चलता है, जिसमें कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु मजिस्ट्रेट का तैनाती स्थल पर उपस्थित रहना आवश्यक होगा। तैनात मजिस्ट्रेट गण आवश्यकतानुसार कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये बने के संबंध में स्व-विवेक से निर्णय लेंगे तथा किसी गम्भीर स्थिति की सूचना तत्काल जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस अधीक्षक व अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) को देंगे। यह त्योहार

**● तैनाती स्थल पर उपस्थित रहकर नामित मजिस्ट्रेट करायेंगे मूर्ति विसर्जन**

सकुशल हो, इसके लिए उन्होंने तहसील सदर के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), तहसील सलेमपुर व भाटपाररानी के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी एवं तहसील बरहज व रूद्रपुर के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि०/रा०) को नोडल अधिकारी नामित किया है।

जनपद के समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र का भ्रमण कर लेंगे तथा अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय करके आवश्यक व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर लें, जिससे उपरोक्त त्योहार शांतिमय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके जिला मजिस्ट्रेट ने थाना कोतवाली अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल लच्छीराम पोखरा, परमार्थी पोखरा, गायत्री मंदिर, देवरही मंदिर, सोमनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर पोखरा व हथिया पोखरा, सोन्दाताल व कठिनइया, महावा पुल तथा रूच्चापार मंदिर के लिए 06 मजिस्ट्रेट नामित किया है।

इसी प्रकार थाना रामपुर कारखाना अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल पटनवापुल व गोरयाघाट के लिए 02, बरियारपुर थाना अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल नौतन हथियागढ़ व महुआपाटन घाट के लिए 02, थाना महुआडीह अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल हेतिमपुर, बघौचघाट गाँव पोखरा व नहर, पकहा घाट हेतु 03, थाना तरकुलवा अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल सपही घाट व त्रिमुहानी घाट, बसन्तपुर धूसी घाट, रामनगर पुल/घाट, गढ़रामपुर, कमधेनवा घाट, भिरवाघाट व नौतन घाट, कोन्हवलिया घाट व नरायनपुर घाट, खनुआ नाला घाट, कवला मुण्डेरा घाट के लिए 07, थाना रुद्रपुर अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल पिड़रा घाट, उसरा पुल, सेमरौना पुल, बैरिया घाट, नकटापार, कुनार्नाला रूद्रपुर, भुसउल घाट व हड़ही पुल, करिहवा पुल, मझना नाला, नरायनपुर घाट, मझवलिया नाला, सेमरी पुल, कम्हरिया हेतु 13, थाना गौरी बाजार अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल नकटा नाला, मझना नाला, चरियांव खास, विशुनपुर पोखरा हेतु 04, मदनपुर थाना अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल ददरी घाट व सेमरा घाट के लिए 02, थाना एकौना अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल भेड़ी घाट व नरायनपुर पुल, पिड़रा पुल के लिए 03, थाना बरहज अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल थानाघाट, कपरवार घाट/रोड, साखाघाट, दुर्ग नाला, तिलौली घाट, पैना घाट, गड़ौनाघाट व मौना पोखरा हेतु 07, थाना मईल अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल भागलपुर घाघरा नदी के लिए 01, थाना सलेमपुर अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल नदावर घाट के लिए 01, थाना लार अंतर्गत चनुकी घाट, मेहरौना घाट, सोहगरा घाट व परासी चकलाल के लिए 03, थाना भाटपाररानी अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल चनुकी घाट, दनउर घाट हेतु 02, थाना भटनी अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल मण्डल पुल वीरसिंहपुर व शिवघाट, चौथिया घाट, प्यासीघाट हेतु 03, थाना खामपार अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल भरही नदी भवानी छापर, चकिया कोठी, किरवनिया पुल, कुकुरघाटी के लिए 03, थाना बनकटा अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल स्याही नदी, स्याही घाट, महुअवा घाट, बहियारीपुर, सेहनपुरा पोखरा हेतु 04, थाना खुखुंदू अंतर्गत मूर्ति विसर्जन स्थल पड़री पाण्डेय / पड़री बाजार के लिए 01 मजिस्ट्रेट नामित किया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देशित किया है कि नामित मजिस्ट्रेट विसर्जन के रूट प्लान की पूर्व में ही योजना बनायेगें तथा इसे दृढ़ता से लागू करेंगे। मूर्ति विसर्जन आदि के समय भीड़ निर्धारित सीमा से अधिक न हो।

यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यातायात कदापि बाधित न हो एवं वैरियर एवं पुलिस चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कराई जाए। मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पालन सख्ती से किया जाए।

जन सुविधाएं यथा बिजली, पेयजल एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। आकस्मिकता के दृष्टिगत सभी सरकारी अस्पतालों को तैयार हालत में रखा जाए एवं डॉक्टर तथा पैरा मेडिकल स्टॉफ की ड्यूटी राउण्ड द क्लॉक लगायी जाए।

## बेखौफ चोरों ने फिर उड़ाई एक अर्टिगा कार

**आंवला, बरेली।** आंवला कस्बे में लगातार वाहन चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। बेखौफ बदमाश एक व्यापारी को गोली मारकर मौत के घाट भी उतार चुके हैं। लेकिन फिर भी नगर क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को भी अज्ञात चोरों द्वारा एक अर्टिगा कार चोरी कर ली गई।

गोली मारने की घटना का खुलासा न होने पर आंवला कोतवाल सिद्धार्थ सिंह तोमर का तबादला मीरगंज कर दिया गया लेकिन चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई जबकि गोली मारने की घटना चौकी से मात्र सौ कदम की दूरी पर हुई थी ।मोहल्ला बजरिया के रहने वाले तौसीफ अहमद ने आंवला पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसकी गाड़ी अर्टिगा अस्पताल कॉलोनी में खड़ी हुई थी। जब सुबह में आकर देखा तो गाड़ी वहां नही थी। उसने काफी खोजबीन की मगर पता नहीं चला ।उसने आँवला पुलिस से रिपोर्ट लिखकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## गोष्ठी कर एसडीएम और सीओ ने छात्राओं और महिलाओं को किया जागरूक



**देवरनियां-बहेड़ी (बरेली)।** रविवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत एसडीएम बहेड़ी रत्तनिका श्रीवास्तव और सीओ बहेड़ी डा. अरुण कुमार ने गांव राठ में गोष्ठी कर छात्राओं और महिलाओं को जागरूक कर शासन द्वारा जारी महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की। ? ? एसडीएम ने महिला पुलिस कर्मियों की टीम के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम राठ पहुंची जहां उन्होंने महिला मिशन शक्ति के तहत आयोजित गोष्ठी में महिलाओं एवं छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और महिला उत्थान हेतु सरकार द्वारा संचालित सुरक्षा संरक्षण व सशक्तिकरण अभियान से अवगत कराते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़ के प्रति जागरूक किया ।इस दौरान देवरनियां कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह, एसआई विजय तेबतिया, महिला प्रशिक्षु एसआई साक्षी शर्मा, महिला कांस्टेबल कंचन आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे। गोष्ठी में छात्राओं को निमित्त स्थाई महिला बीट और महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी बताया गया। इस दौरान सरकार द्वारा जारी महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में घबराना नहीं है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करें जिस पर तत्काल सहायता की जाएगी।

संक्षेप

## मंदिर में युवक ने चाकू से गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश

**सीतापुर।** रामकोट थाना इलाके में नवरात्रि के मौके पर युवक ने रामेश्वरम मंदिर में चाकू से गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। मंदिर के पुजारी के हस्तक्षेप के बाद युवक की जान बचाई जा सकी। धारदार हथियार से गला रेतने से युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। युवक के इस आत्मघाती कदम के पीछे अभी वजह साफ नहीं हो सकी है। बताते चले कि घटना रामकोट थाना इलके के ग्राम बबुरी निवासी सरवन (25) सोमवार की दोपहर बाद पूजा करने के लिए कस्बे के प्राचीनतम मंदिररामेश्वरम पहुंचा था। बताया जाता है कि इसी दौरान मंदिर परिसर में उसने चाकू से अपना गला रेत दिया। युवक की इस करतूत को देख रहे वहां मौजूद पुजारी ने दौड़कर युवक को रोका, लेकिन गले पर चाकू चलने से खून निकलते ही वह बेहोश हो गया। सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# विधायक ने सभासदों की शिकायत पर नपं कार्यालय का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



**महोली/सीतापुर।** बीते दिनों नगर पंचायत के सभासदों द्वारा नगर पंचायत में हुई कार्यों में अनियमितता तथा गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया था। बात

- **सभासदों ने विकास कार्यों की गुणवत्ता व अनियमितता को लेकर विधायक से मिलकर बताई थी समस्या**

बनती न देख सभासदों ने विधायक को यह समस्या बताई थी। जिसके बाद विधायक ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों व कर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए। सोमवार की सुबह विधायक शशांक त्रिवेदी अचानक नगर पंचायत कार्यालय जा पहुंचे। विधायक को कार्यालय में देखकर वहां मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों में हडकम्प मच गया। विधायक ने सबसे पहले ईओ आफिस का निरीक्षण किया। उन्होंने विकास कार्यों से संबंधित कागजात देखे। साथ ही नगर पंचायत में पिछले दिनों में कराए गए कार्यों की गुणवत्ता व अनियमितता की सभासदों द्वारा की गई शिकायतों के बावत उन कार्यों की जानकारी मांगी। विधायक श्री त्रिवेदी ने नगर पंचायत के जेई करन सिंह, ईओ श्रीष मिश्रा व लिपिक रवि गुप्ता की जमकर क्लास ली। इस दौरान सोनारन टोला के सभासद अनुज दीक्षित सोनू ने अपने वार्ड में माधुरी कंट्रक्शन द्वारा बनाई गई सडक 15 दिन में उखडने की शिकायत की। इस पर विधायक ने जेई करन सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि इस सड़क का पुनर्निमाण करायें। गौतमबुद्धनगर की सभासद तारा देवी ने अपने वार्ड में खलिहान की जमीन पर जेसीबी द्वारा तालाब खुदवाकर सौंदर्यीकरण के नाम पर धन के दुरुपयोग किए जाने की शिकायत की। इस पर विधायक ने ईओ से इसके भुगतान पर रोक लगाने व जांच कराने का निर्देश दिया। मास्टर कालोनी पूर्वी की सभासद रेखा बाजपेई ने डाक बंगला के पडोस में स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य 20 फीसदी न होने और उसका भुगतान 70 प्रतिशत किए जाने तथा तालाब का सौंदर्यीकरन न होने के कारण एक व्यक्ति की जान जाने तथा मवेशी की मौत होने की शिकायत की गई। इस पर विधायक ने जेई करन सिंह को पूरा कार्य कराने के निर्देश दिए।

## विधायक ने पार्किंग का ठेका निरस्त करने के दिए निर्देश

**महोली।** विधायक ने जहां एक ओर सभासदों की शिकायतों को लेकर नगर पंचायत कर्मियों व अधिकारियों की जमकर क्लास ली वहीं पार्किंग के नाम पर की जा रही वसूली की शिकायत पर उन्होंने ईओ को पार्किंग का ठेका निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही ई रिक्शा चालकों को बाजार में अपना वाहन न खड़ा करने के निर्देश दिए। यही नहीं विधायक ने लिपिक रवि गुप्ता की कार्यशैली पर सभासदों द्वारा की शिकायत को देखते हुए उनका अन्यत्र तबादला किए जाने की बात कही।

## शिवली में त्यागी बाबा की मूर्ति स्थापना करायी गयी



**बांगमरऊ, उन्नाव।** क्षेत्र के गांव दोस्तपुर शिवली में प्रसिद्ध त्यागी बाबा की मूर्ति की स्थापना धूमधाम से की गई। बताया जाता है कि त्यागी बाबा फैजाबाद जनपद के रहने वाले थे। यहाँ पर रामचरण दास जो इसी गांव के निवासी थे उनके साथ आये थे। और यहाँ कुटी बनाकर रहने लगे थे। त्यागी बाबा ने चालीस दिन की समाधि लेकर अपनी तपस्या और सिद्धि को प्रदर्शित कर दिया। एक बार भरी कल्याणी नदी में दो घंटे पलथी मारकर लेटे रहे। जिससे उनकी गिनती संत पुरुषों में होने लगी। अनेक सिद्धियों के भंडार होने के बावजूद सादगी से परिपूर्ण त्यागी बाबा ने यहाँ साधारण जीवन यापन किया। बाबा के शिष्य राम सेवक दास तथा ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर भक्ति के कार्यक्रम होते रहते हैं और जो भी विश्वास पूर्वक कुटी पर आता है उसकी इच्छा पूर्ति अवश्य होती है। उनकी ईश्वर भक्ति और सिद्धि को देखते हुए गांव वालों ने उनकी भव्य मूर्ति की स्थापना कराई है। पहले मूर्ति की पूजा अर्चना की गई फिर गांव भ्रमण के बाद गंगा स्नान कराकर स्थापित किया गया। मूर्ति स्थापना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पवन पाल, ज्योतिषाचार्य रघुनाथ शास्त्री, रानू कुमार, रामशंकर पाल आदि समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आचार्य अरविन्द कुमार व ज्ञान प्रकाश ने पूजा अर्चना का कार्य सम्पन्न कराया।

## ट्रक की टक्कर से डंपर चालक घायल

**पुरवा, उन्नाव।** बालू लदे डंफर को ट्रक ने टक्कर मारा जिससे चालक चुटहिल हो। पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रिफर किया गया। सुल्तानपुर जनपद के गांव पंसारी निवासी चालक राजपथ उरई से डंपर में बालू लादकर रविवार देर रात बहराइच जा रहा था। तभी क्षेत्र के शिवदीन खेड़ा के पास सामने से आ रहे खाली ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे राजपथ डंपर की केबिन में फसकर गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं ग्रामीणों की मदद से चालक राजपथ को डंपर से बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राजपथ को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं ट्रक चालक मौके से भाग निकला। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जांच की जा रही है।

# युवाओं को एचआईवी-एड्स के मिथकों और गलत धारणाओं की दी जानकारी

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य एडस नियंत्रण सोसाइटी के तत्वावधान में जिला क्षय रोग अधिकारीध्एडस नियंत्रण अधिकारी एवं दिशा क्लस्टर के सहयोग से दिशा (डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड स्ट्रेटेजी फॉर एचआईवीध्एड्स ) के द्वारा एचआईवीध्एडस थीम चार की बात के प्रति जागरूक करने के लिये फ्लैश मोब का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सोमवार को सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला क्षय रोग अधिकारी एडस नियंत्रण अधिकारी एवं कॉलेज के प्राचार्य फादर जानी द्वारा किया गया। फ्लैश मोब का आयोजन नैपालापुर चैराहे पर कराया गया। जिसमें पुलिस विभाग से उप निरीक्षक सहित अन्य कई पुलिस कर्मियो ने भी प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों द्वारा फ्लैश मोब की प्रस्तुति की गयी। जिसका उद्देश्य कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा एचआईवी एड्स के बारे में जागरूकता और शिक्षा को बढ़ावा देना है। जहां विद्यार्थियों से एड्स की जागरूकता हेतु चार की बात के बारे मे विस्तार से आम नागरिक को बताया गया। इस दौरान यह भी बताया गया कि यौन संचारित रोगध्रति संचरित संक्रमण, एसटीआई व आरटीआई होने से कैसे बचा सकता है।जिला क्षय रोग एड्स नियंत्रण अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में एचआईवीध्एड्स के बारे में मिथकों और गलत धारणाओं को कम करना, एचआईवीध्एड्स से पीडित लोगो की मदद व सम्मान करना और युवाओं को एचआईवीध्एड्स की रोकथाम और बचाव के बारे में युवाओं को प्रेरित करना है। दिशा टीम ने एचआईवीध्एड्स के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से बताया गया एवं युवा उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य, थीम- 4 की बात व कदम समझदारी का, वादा जिम्मेदारी का टैगलाइन के बारे मे विस्तृत रूप से बताते हुये सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समस्त संचालन्अम्बरीश दुबे एवं सौरभ श्रीवास्तव शोभित दिक्षित व नारी जागरण सेवा समिति के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

# ए. के . दीक्षित शर्कराश्री से सम्मानित



**सीतापुर।** भारत सरकार द्वारा अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड के अधिशासी अध्यक्ष ए के दीक्षित को ह्यह्यशर्करा श्रीह्यह्य से सम्मानित किए जाने पर मिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई दी। शुगर इंडस्ट्री में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर में भारत सरकार की खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की राज्य मंत्री नीमूबेन जयंतीभाई बाभणिया ने चीनी मिल हरगाँव के अधिशासी अध्यक्ष ए के दीक्षित कोह्यह्यशर्करा श्रीह्यह्य सम्मान प्रदान करते हुए उनकी उपलब्धियों पर चर्चा की,इस अवसर पर शर्करा संस्थान कानपुर की निदेशक सीमा प्रोहा, खाद्य एवम् सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव, आबकारी आयुक्त,चीनी उद्योग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने संस्थान के मुखिया को पुरस्कार मिलने की सूचना मिलते ही मिल के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गयी तथा उनके आगमन पर उन्हें बुके एवं गुलदस्ते देकर बधाई दी। मिल कर्मचारियों एवं अधिकारियों का उत्साह देखते हुए श्री दीक्षित ने कहा यह सब आपकी मेहनत का परिणाम है कि मुझे ह्यह्यशर्करा श्रीह्यह्य से सम्मानित किया गया है, हम सब एक परिवार हैं।अधिशासी उपाध्यक्ष गन्ना शरद सिंह ने कहा गौरव की बात है कि भारत सरकार ने अपने मिल के अधिशासी अध्यक्ष को यह पुरुस्कार प्रदान किया है इससे हम सबका भी मान सम्मान बढ़ा है।

## रामलीला मंचन का शुभारंभ



**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** स्थानीय क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे शारदीय नवरात्र पंचमी से प्रति वर्ष की भांति श्री सार्वजनिक रामलीला कमेटी द्वारा एक सौ तेतालिसवी रामलीला का मंचन शुभारंभ हो गया। जिसमें विश्वामित्र आगम से सुबाहु ताडका बध की लीला का मंचन कराया गया। जिसमें क्षेत्र व नगर के सैकडों लोगों ने आनंद लिया। इस मौके पर कमेटी के सभी सदस्य व पदाधिकारी महामंत्री अवधेश दीक्षित पूर्व नगर अध्यक्ष अनुज दीक्षित, आदर्श दीक्षित, सूर्य प्रकाश पांडेय, प्रकाश चंद्र दीक्षित, कृष्ण कुमार द्विवेदी, सुनील शास्त्री, रमाशंकर तिवारी, नरेंद्र सिंह, अजय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**पुरवा, उन्नाव।** संदिग्ध युवक को लोगों ने पकड़कर खंभे में बांध दिया और पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बैगांव में रविवार देर रात एक संदिग्ध युवक को देखकर ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों द्वारा युवक से उसका नाम पता पूछने पर कुछ न बताने पर ग्रामीणों ने चोर समझकर उसे बिजली के पोल में बांध दिया और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक से पूछताछ करने के दौरान मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने युवक को छोड़ दिया।

## कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने किया भवन का भूमि पूजन



**लहरपुर /सीतापुर।** के केसरीगंज बाजार के निकट हरगांव मार्ग पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के नए भवन हेतु कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने भूमि पूजन किया। उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम व क्षेत्राधिकारी सुशील यादव ने भूमि पूजन का आयोजन किया। पंडित रामचंद्र ने वैदिक मंत्रोचार व हिंदू रीति रिवाज के साथ विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन व हवन कर किया। विगत लगभग 15 वर्षों से पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय तहसील मार्ग पर राजनाथ फील्ड के सामने स्थित अग्निशमन विभाग के भवन में संचालित हो रहा था। जिसके बाद शासन व विभाग द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय के निर्माण हेतु उचित भूमि को चिन्हित कर भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस अवसर पर कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने अवर अभियंता व ठेकेदारों को निर्माण कार्य के मानक को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही न करने के कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा, अपराध निरीक्षक राम मणि यादव, महेंद्र अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली बिसवां की पुलिस टीम ने कस्बे में रेलवे क्रासिंग के निकट छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी मोहन पुत्र मिश्रीलाल कश्यप को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि मोहन लाल बिसवां कस्बे में बड़ा हनुमान मंदिर कालोनी में किराए पर रहता है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## शिविर में किया बच्चों का नेत्र परीक्षण



**लहरपुर/सीतापुर।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत साईट सेवर्स एवं आंख अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र में विजन स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों की आंखों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया व बच्चों को चश्मे और आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में मौजूद शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए नेत्र सर्जन डाक्टर निधि सिंह ने कहा कि आंखों से सम्बंधित किसी भी समस्या और बीमारी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। क्योंकि बचपन में होने वाली छोटी छोटी समस्याओं का यदि सही समय पर इलाज न कराया जाए तो आंखों की रोशनी भी जा सकती है। नेत्र सर्जन डाक्टर अस्मिता रस्तोगी ने कहा कि, आंखों को कभी भी हाथों से नहीं मसलना चाहिए सदैव स्वच्छ कपड़े से ही आंखों को साफ करना चाहिए, धूल, मिट्टी तथा तेज धूप में चश्मे के प्रयोग से आंखें सुरक्षित रहती हैं। विशेष शिक्षक अनूप शुक्ल ने विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में इलाज हेतु 27 बच्चों का पंजीकरण किया गया जिसमें से सात बच्चों को ऑपरेशन के लिए आंख अस्पताल रेफर किया गया व 15 बच्चों को चश्मा लगाने के लिए चिन्हित किया गया। इस मौके पर के आर पी अनवर अली, विशेष शिक्षक राजीव कुमार, इंदू देवी, दुर्गेश कुमार ,राजेश श्रीवास्तव, मनीष कुमार सहित बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## लापता हुए अधेड़ व्यक्ति का शव नहर में उतराता हुआ मिला

**हरगांव /सीतापुर।** थाना इलाके में लापता हुए एक अधेड़ व्यक्ति का शव नहर में उतराता हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने नहर में शव को बहता हुआ देखकर मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने नहर से शव को निकाल कर शिनाख्त कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। बताते चले कि घटना हरगांव थाना इलाके की है। यहां सोमवार की दोपहर बिड़ला विद्या देवी मंदिर के पास से बहराइच शारदा सहायक नहर में एक व्यक्ति का शव उतराता देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर शिनाख्त करवाई। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम बेलीथारा निवासी प्रहलाद (55) के रूप में हुई है। अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि प्रहलाद रविवार की दोपहर घास काटने के लिए घर से निकले थे जिसके बाद वह वापस घर नहीं पहुंचे। घर वालों ने खेत से लेकर गांव के बाहर काफी खोजबीन की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। नहर में बहता शव देखकर परिजन बदहवास है और रो-रो कर बुरा हाल है।

# बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

जिला संवाददाता(vol)




**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के पुस्कालय कक्ष में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गत वर्षों में विद्यालय द्वारा प्राप्त सफलताओं की समीक्षा की तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं को चिन्हित करते हुये उन पर विशेष ध्यान दिया जाये, जिससे वह मेरिट में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। विद्यालय में बेहतर अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु भी प्रभावी कार्यवाही के निर्देश प्राचार्य को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में प्राप्त बजट के सापेक्ष प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किये जायें, जिससे अग्रिम कार्यवाही करायी जा सके। जिलाधिकारी ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु पूर्ण सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान विद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार ने एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, वार्षिक निरीक्षण, स्वच्छता ही सेवा अभियान, कला उत्सव आदि के विषय में जानकारी दी। विद्यालय में प्रस्तावित कार्यों एवं पी0एम0 श्री के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत किया, जिसमें कक्षा कक्षों में स्मार्ट बोर्ड की स्थापना, टायलेट रिपेयरिंग, प्रार्थना स्थल पर शेड का निर्माण, अटल टिंकरिंग लैब में फॉल्ससीलिंग का कार्य, विद्यालय की खिड़कियों में मच्छरों से बचाव हेतु जाली लगाया जाना, नये विद्युत केबल व इलेक्ट्रिक पैनल के साथ फायर सेफ्टी सिस्टम की स्थापना के प्रस्ताव शामिल रहे। जिलाधिकारी ने नियमानुसार उपलब्ध बजट के सापेक्ष प्रस्ताव बनाते हुये अग्रिम कार्यवही करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान आर0एम0पी0 कालेज प्रो0 रजनीकांत श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## विशाल दंगल का आयोजन , पहलवानों ने दिखाए दांव- पेंच

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** क्षेत्र के गांव सादुल्लापुर में ग्राम प्रधान जीतेन्द्र के नेतृत्व में सोमवार को विशाल दंगल का आयोजन किया गया जिसमें आये पहलवानों ने दांव पेंच दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। दंगल में मथुरा के विश्वजीत ने बदरका के सुलखान को हराकर दंगल केसरी का खिताब जीत लिया। आयोजित दंगल में पहली कुश्ती में कन्नौज के आरिफ तथा मल्लावां के सरबरान से हुई जिसमें आरिफ जीते।दंगल मे मल्लावां के दानिश ने बांगरमऊ के अमित ने रुरी के प्रदीप ने मुरादाबाद के आरिफ ने बिल्हौर के सुनील ने गोरखपुर के बादल ने शिवली के अलीबान ने बाराबंकी के बबलू ने व कानपुर के जावेद एवं शिवराजपुर के राजेश ने कुश्ती के दांव पेंच दिखाए। ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार ने सभी विजेताओं व उपविजाताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। देर शाम तक चले दंगल में पवन पाण्डेय, शिव प्रताप सिंह, दीपक, अवधेश शुक्ला आदि समेत बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग की छापेमारी में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**पाटन, उन्नाव।** आबकारी विभाग की छापेमारी में दो अभियुक्तो के पास 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए व करीब 9 कुंतल लहन नष्ट कर अभियोग पंजीकृत किया गया। तहसील बीघापुर व पुरवा के गाँवों में अवैध रूप से बन कर बिक रही कच्ची शराब की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -5 बीघापुर में तैनात प्रतिभा सिंह द्वारा मय हमराह व थाना बिहार पुलिस स्टाफ के साथ अन्तर्गत संदिग्ध ग्रामद्द केदारखेड़ा में मुखबिर की खास सूचना पर छापा मारते हुए गाँव के ही निवासी ननकऊ पुत्र स्व० मुडु व आशीष पुत्र देशराज निवासी-ग्राम द्दमोहिद्दीन पुर, थाना मौरावां के पास से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लगभग 900 किलो ग्राम लहन महुवा नष्ट किया गया एवं 02 अभियोग पंजीकृत किए गए।

## पांचवे दिन भक्तों ने बक्सर में किए चंडिका माई के दर्शन

**पाटन, उन्नाव।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन बक्सर के मां चंडिका अंबिका धाम में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर स्कंदमाता की आराधना की वही बड़ी संख्या में हुए संस्कार संपन्न। शारदीय नवरात्र के आज पांचवे दिन मां के आराधकों ने स्कंदमाता की पूंजा व उपासना विधि विधान से की वही बक्सर में मां चंद्रिका व अंबिका के पवन धाम में भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली मां के उपासकों का सुबह से ही मंदिर में ताता लगा रहा। भक्तों ने मां गंगोत्री में स्नान कर मां का दर्शन लाभ प्राप्त किया तथा दरबार में लगे मेंलें का आनंद लेने के साथ जमकर खरीदारी की। मां के दरबार में मुंडन, छेदन तथा विवाह संस्कारों को लेकर काफी उत्साह व चहल पहल रही संस्कारों के दौरान सुंदर ध्वनि व अन्य वादकों के साथ मां के जयकारों से वातावरण गुंजाय मान हो रहा था। मां के धाम में आने जाने वाले सभी लोग भक्ति भाव में डुबकर आनंद की अनुभूति कर सकून पा रहे थे।

## चयन 10 को

**सीतापुर।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन डा भीमराव अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल, डाभासेमर, अयोध्या में 17 से 24 अक्टूबर तक किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं हेतु मण्डलीय टीमों को चयन किया जाना है। जिसके लिये जिला स्तरीय पुरूष फुटबाल चयन-ट्रायल्स 10 अक्टूबर को जिला खेल कार्यालय द्वारा मेजर ध्यान चन्द स्टेडियम में किया जाना है। 10 अक्टूबर को सांयकाल 4 बजे ट्रायल होगा। इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल्स में आकर प्रतिभाग कर सकते हैं। यह जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी ने दी।

# शिक्षक शिवम चौरसिया को तहसील प्रभारी मनोनीत किया

जिला संवाददाता(vol)



**पुरवा, उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें तेजतर्रार शिक्षक शिवम चौरसिया को तहसील प्रभारी मनोनीत किया गया। साथ ही कई पदाधिकारियों को मनोनीत करते हुए जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री गजेन्द्र वर्मा ने किया। विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय राजा खेड़ा में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में सोमवार को ब्लाक इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। जिला महामंत्री गजेन्द्र वर्मा के प्रस्ताव पर पुरवा तहसील प्रभारी के पद पर तेजतर्रार शिक्षक शिवम चौरसिया को मनोनीत किया गया जबकि संघर्ष समिति के अध्यक्ष पद पर शिक्षक मयंक त्रिवेदी बेहटा को मनोनीत किया गया। ब्लाक अध्यक्ष गजेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक कुमार, उपाध्यक्ष शशिकांत, मंत्री संजय कुमार द्विवेदी, आडीटर आलोक चौरसिया, मीडिया प्रभारी शोभित गुप्ता समेत मुख्य कार्यकारिणी का गठन किया गया। जबकि संघर्ष समिति में धीरेन्द्र शुक्ल उपाध्यक्ष, मंत्री कौशल किशोर, संगठन मंत्री विकास, अमित तिवारी, अजय चौरसिया आदि को मनोनीत किया गया। तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया ने कहा कि संगठन की ओर से मिली जिम्मेदारी को बखूबी निभाया जाएगा। किसी भी शिक्षक का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने संगठन के पुराने इतिहास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 1921 से शिक्षकों का संघर्ष जारी हुआ और 1967 व उत्तरोत्तर संघर्ष के फलस्वरूप वेतन आयोग, सेवा सुरक्षा, पेंशन आदि की व्यवस्था मुहैया कराई गई। कोरोना काल में ही दिवंगत 1474 शिक्षकों को शासन की ओर से तीस लाख रुपए की आर्थिक सहायता परिवार को दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संगठन के जिला महामंत्री एवं ब्लाक अध्यक्ष गजेन्द्र वर्मा ने कहा कि शिक्षकों के हितों के लिए सदैव संगठन खड़ा रहेगा लेकिन आप सभी शिक्षकों की भी जिम्मेदारी है कि अपने संगठन के आह्वान पर एकजुट होकर अपनी सहभागिता करें। बैठक में तहसील प्रभारी श्यामू चैरसिया, अखिलेश कुमार, अन्नपूर्णा वर्मा, इंदू गुप्ता, जयति यादव, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार, राजन विमल, संरक्षक चंद्रभानु सिंह समेत एक सैकड़ा शिक्षक व संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सड़क सुरक्षा के नियमों का पूरी तरह से पालन करना चाहिएः प्रो.शास्त्री

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में विविध कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस दौरान प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सड़क पर जितने हम सतर्क और जागरुक रहेंगे उतने ही हम दुर्घटनाओं से बचेंगे। हमें सुरक्षा नियमों का पूरी तरह से पालन करना चाहिए अनियंत्रित होकर वाहन नहीं चलना चाहिए। मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रो.डा.संजीव शर्मा ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत जैसे देश में प्रतिदिन सड़क हादसे बढ़ते जा रहे हैं, जिससे जनहानि के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक हानी भी हो रही है। महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि सड़क पर हमें नियमों का पूरी तरीके से पालन करना चाहिए सड़क सुरक्षा से हमारे जीवन की रक्षा होती है। पखवाड़े के अंतर्गत जो भी कार्यक्रम कराए जा रहे हैं, सड़क सुरक्षा जिला के नोडल अधिकारी डा.ओ.पी.चैधरी ने कहा कि पूरे जनपद में सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का प्रचार प्रसार करके छात्र-छात्राओ को जागरूक किया जा रहा है।

# एक दिन की डीएम बनने के बाद शिवानी राजपूत एक दिन के लिए बनीं पुलिस अधीक्षक

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत बालिकाओं/महिलाओं के प्रोत्साहन व उनको सशक्त बनाने के लिये जीजीआईसी तालबेहट की छात्रा शिवानी राजपूत को एक दिवस के लिये पुलिस अधीक्षक बनाया। पुलिस

- **जनसुनवाई करते हुये किया कार्यालय का निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश**

अधीक्षक बनकर छात्रा शिवानी राजपूत ने पुलिस आफिस में जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुनते हुये गूगल मीट के जरिये सम्बन्धित थाना प्रभारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देशित किया।

तत्पश्चात पुलिस ऑफिस की विभिन्न शाखाओं प्रधान लिपिक शाखा, रिकार्ड रूम, विशेष किशोर पुलिस इकाई (बच्चा सेल), आंकिक शाखा, आपरेशन कनविक्शन सेल, आईजीआरएस आदि का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक के साथ किया गया




तथा रजिस्टरों का निरीक्षण कर वहां के कार्यों को जानकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे रानी लक्ष्मीबाई योजना के अन्तर्गत नाबालिग बच्चियों को मिलने वाली आर्थिक सहायता के बारे में जानकारी की गयी तथा समय से सम्बन्धित को प्रस्ताव भेजने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वर्ष 2024 में अपहर्त/गुमशुदा शेष बच्चों की बरामदगी हेतु 07 दिवस के अन्दर अभियान चलाकर बरामदगी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सी.एम. हेल्प लाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर-1098, वन स्टाप सेण्टर-181, साइबर हेल्प लाइन-1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्प-लाइन-102, एम्बुलेस सेवा-108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी।

### पूर्व में एक दिन की डीएम बनकर फरियादियों की शिकायतों का कराया था निस्तारण

ललितपुर। तालबेहट के राजकीय बालिका इण्टर कालेज की कक्षा 9 की छात्रा शिवानी गत शनिवार को समाधान दिवस के मौके पर एक दिन की जिलाधिकारी भी बन चुकी है। शासन की मंशानुसार त्वरित समस्या के निदान किये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने तहसील तालबेहट में गत शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुना। जिलाधिकारी ने दूरदराज के क्षेत्रों से आये फरियादियों की समस्याओं को न केवल गंभीरतापूर्वक सुना, बल्कि उपस्थित अधिकारियों से बड़ी संख्या में मौके पर ही शिकायतों को निस्तारित भी कराया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर चल रहे मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत नारी शक्तिकरण की अनूठी पहल करते हुए जीजीआईसी तालबेहट की कक्षा 9 की छात्रा शिवानी राजपूत को एक दिन का डीएम बनाया गया था। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान नारी सशक्तिकरण का संदेश देते हुए तहसील क्षेत्र की बेटियों को उप जिलाधिकारी बनाकर जनसमस्याओं का निस्तारण कराया गया था। शिवानी के एक दिन के लिए डीएम एवं एसपी बनने पर उसके परिजनों सहित जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश एवं जीजीआईसी की प्रधानाचार्या अंजना वर्मा सहित समस्त अध्यापिकाएं खुश हैं, उन्होंने शिवानी को शुभकामनाएं दी हैं, कि वह आगे पढ़कर यूपीएससी की परीक्षा पास कर हमेशा के लिए बड़े ओहदे पर बैठे।

## एम्बुलेंस चालक पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर हड़पे लाखों रुपये

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खोखरा निवासी राघवेन्द्र सिंह पुत्र सोने राजा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष वाद दायर किया है। वाद में उन्होंने बताया कि उसके रिश्तेदार तालबेहट के ग्राम वर्मा बिहार निवासी अरविन्द सिंह ठाकुर पुत्र चन्द्रभान सिंह ने करीब डेढ़ वर्ष पहले उसके घर आये और एम्ब्युलेंस 108 को चलाने की बात कहते हुये 20 पद खाली होने की बात कही। अरविन्द सिंह ने यह भी कहा कि वह 2-2 लाख रुपये में लोगों की नौकरी लगवा सकते हैं। अरविन्द की बातों पर विश्वास करके पीड़ित व उसने अपने रिश्तेदारों को जानकारी दी। इस पर नाराहट के ग्राम ककरूआ निवासी इरफान खां पुत्र जुबराईल खां, सौजना के ग्राम बारीन निवासी शंकर सिंह पुत्र सोवरन सिंह ने सभी से मिलकर अरविन्द सिंह को रुपये देने के लिए तैयार हो गये। बताया कि 27 फरवरी 2023 को शुक्रर सिंह ने अरविन्द के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के खाते में 60 हजार रुपये जमा किये, फिर 28 फरवरी को 20 हजार रुपये जमा किये। फिर इसी खाते में 4 मई 2023 को फोन -पे के माध्यम से 39 हजार रुपये, 10 हजार रुपये, 6 हजार रुपये, 10 हजार रुपये, 15 हजार रुपये, 20 हजार रुपये, 20 हजार रुपये, 20 हजार रुपये, 5 हजार रुपये, 7 हजार रुपये, 21 हजार रुपये व 5 मई को 9 हजार रुपये कुल 2 लाख 82 हजार रुपये अरविन्द सिंह के खाते में भेजे, जिसका पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित है। बताया कि सभी लोगों ने शंकर सिंह, इरफान, पवन प्रताप सिंह तीनों लोगों ने उसके घर एकत्र हुये, जहां अरविन्द सिंह आया और बाकी का रुपया मांगने लगा, जिस पर उक्त लोगों ने जोड़कर 5 लाख 18 हजार रुपये अरविन्द सिंह को देवेन्द्र पुत्र वीर सिंह, योगेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र अर्जुन सिंह, अवतार सिंह पुत्र लक्ष्मन सिंह के सामने दे दिये, जिसे लेकर अरविन्द वहां से चला गया। कुछ समय बीतने के बाद उसने जब अरविन्द सिंह से पूछा कि नौकरी कब लगेगी तो अरविन्द ने जल्द ही नौकरी लगने की बात कही। बताया कि 28 नवम्बर 2023 को सभी एकत्र होकर अरविन्द सिंह के घर पहुंचे, जहां अरविन्द सिंह के भाई राजेन्द्र सिंह जो कि आर्मी में है ने कहा कि उसका भाई सारे रुपये खा गया। विरोध करने पर राजेन्द्र सिंह ने अपने भाई अरविन्दसिंह से मिलकर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि 12 दिसम्बर 2023 को आलाधिकारियों के समक्ष कार्यवाही के लिए शिकायती पत्र दिये, जिस पर अरविन्द सिंह की मां मुन्नी राजा ने 19 जनवरी 2024 को स्टाम्प पर आपसी लिखा पढ़ी कर ली और कहा कि जो 8 लाख रुपये उनके पुत्र अरविन्द सिंह ने लिये हैं।

# एसपीने थाना कार्यालय का महिला आरक्षियों से फीता कटवाकर किया उद्घाटन



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के दृष्टिगत थाना बानपुर के आधुनिकीकृत हुए थाना कार्यालय का महिला आरक्षियों से फीता कटवाकर किया गया उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात थाना बानपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान

- **बीट की अच्छी जानकारी रखने वाले आरक्षी को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित**

सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्पडेस्क, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया, तथा सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टरों को चेक कर कमियों को पूर्ण कराने तथा व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने थानाध्यक्ष बानपुर को निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। कप्तान ने नवरात्रि त्यौहार में स्थापित मूर्तियों, पण्डालों के आयोजको व कमेटी के सदस्यों के संपर्क में रहेगें तथा उनको पण्डालों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये भी बतायेगे। उन्होंने कर्मचारियों से से बीट के सम्बन्ध में जानकारी की जिसमें एक आरक्षी शिवनन्दन यादव द्वारा अपने बीट की अच्छी जानकारी होने पर उसको 1000 रुपए व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

थाना परिसर में मौजूद ग्राम चैकीदारों से उनके क्षेत्रों के सम्बन्ध में बातचीत की गयी तथा उनको भी दुर्गा पण्डालों में नियमित ड्यूटी करने हेतु बताया गया तथा क्षेत्र की सूचनायें एकत्रित कर थानाध्यक्ष को जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। पैदल गस्त के दौरान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत स्कूली छात्राओं से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में वार्ता की गयी तथा उनको मिशन फेज-5 के दृष्टिगत हेल्पलाईन नं0 1090, डायल 112, साइब क्राइम हेल्प लाइन नं0 1030, आदि के बारे में जानकारी दी गयी।

# पीएम सूर्य घर बिजली योजना, 75 फीसदी अनुदान



**बांदा।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैठक हुई। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने बताया कि भारत सरकार ने इस योजना के तहत पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप तैयार किया है। योजना के अंतर्गत प्रति किलो वाट विद्युत भार होने पर सोलर पैनल लगवाने के लिए 60 हजार रुपये उपभोक्ता को देने होंगे। इसमें एक व दो किलोवाट के लिए सोलर पैनल लगवाने पर 75 प्रतिशत धनराशि का अनुदान दिया जाता है साथ ही 300 यूनिट फ्री बिजली भी मिलती है।

उन्होने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सभी तहसीलों, नगर पालिका एवं ब्लाकों में कराए जाने के निर्देश दिए। जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता योजना का लाभ ले सकें। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम सूर्य घर योजना में उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार कराते हुए कराएं। डीएम ने इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए जाने के लिए लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए कि बैंकों में योजना से संबंधित पंपलेट्स लगाकर लोगों को जानकारी दी जाए। उन्होने सोलर पैनल लगाने वाले वेंडरों को भी निर्देश दिए कि वह अधिक से अधिक लोगों को योजना की जानकारी दें और उपभोक्ताओं को पैनल उपलब्ध कराएं। योजना के तहत एक किलोवाट विद्युत भार पर सोलर पैनल लगवाने के लिए उपभोक्ता को 60 हजार जमा करना होगा इसमें 45 हजार का अनुदान मिलेगा। इसी प्रकार दो किलोवाट में एक लाख 20 हजार उपभोक्ता को जमा करना होगा जिसमें 90 हजार अनुदान दो माह में मिलेगा। तीन किलोवाट में एक लाख 80 हजार जमा करने पर एक लाख 8 हजार का अनुदान मिलेगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बैंक सस्ते ब्याज दर पर लोन की सुविधा देंगे। बैठक में परियोजना अधिकारी नेडा पुष्पेन्द्र कुमार, लीड बैंक मैनेजर, उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला, बेसिक शिक्षाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने की बैंकों की चेकिंग, संदिग्धों को चेतावनी



**बांदा।** जिले में सघन रूप से बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने एटीएम बैंक शाखाओं को चेक किया। इस दौरान एटीएम व बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्नि शामक यंत्रों की चेकिंग की गयी। कुछ जगहों में सीसीटीवी कैमरे खराब मिले इसके बारे में बैंक अधिकारियों से वार्ता कर उन्हे ठीक करवाने के लिए कहा गया। पुलिस ने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बातचीत की और उन्हें बैंक का कार्य सुचारू रूप से करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था दिए जाने का भरोसा दिया। पुलिस की चेकिंग टीम ने बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देश दिए कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ें हों जिससे सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम व बैंकों के आस-पास टहल रहे संदिग्ध लोगों तथा संदिग्ध वाहनों की भी चेकिंग कर इन्हे कड़ी चेतावनी दी गयी। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर समय-समय पर बैंकों और इनके आस-पास चेकिंग की जा रही है ताकि बैंकों में टप्पेबाजी, लूट, चोरी जैसी घटनाओं को होने से रोका जा सके।

## जन शिकायत निस्तारण में जिले को प्रथम स्थान

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आईजीआरएस सेल व सभी थानों के संयुक्त प्रयासों से बांदा पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए की जा रही कार्रवाई के चलते समन्वित शिकायत प्रणाली से प्राप्त शिकायतों को समय तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के लिए बीते सितंबर माह में बांदा पुलिस को प्रदेश रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायतों के मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में प्रदेश के 75 जिलों में जिले को शत-प्रतिशत कार्रवाई करने के लिए पहला स्थान मिला है। मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसुनवाई, समाधान दिसव में मिली शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया गया। जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में थानों की रैंकिंग में भी जिले के सभी थानों को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस बेहतर परिणाम के लिए एसपी अंकुर अग्रवाल ने आईजीआरएस से जुड़े कर्मचारियों को बधाई दी है।

## हिंदू युवा वाहिनी नगर प्रभारी नेएसडीएम मांगेराम चौहान से की शिष्टाचार भेंट

**नगीना, बिजनौर।** हिन्दू युवा वाहिनी के नगर प्रभारी नवदीप शर्मा ने नगीना उपजिलाधिकारी मांगेराम चैहान एवं तहसीलदार प्रभा सिंह को शॉल उड़ाकर शिष्टाचार भेंट की। हिन्दू युवा वाहिनी के नगर प्रभारी नवदीप शर्मा ने सोमवार को नगीना उपजिलाधिकारी मांगेराम चैहान से उनके कार्यालय में मुलाकात कर सामाजिक समस्याओं पर चर्चा की। इस मौके पर उन्होने सभी लोगो को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, मौजूदा समय में बढ़ते साइबर क्राइम को रोकने के लिए युवाओं को भी विशेष संदेश दिया। उन्होनें लोगो को जागरुक करते हुए कहा कि किसी से भी कोई ऑनलाइन पेमेंट का लेन-देन करने से से जांच ले, जिससे वह अपने धन व जीविका की रक्षा कर सके। हिन्दू युवा वाहिनी नगर प्रभारी नवदीप शर्मा ने संगठन की ओर से उपजिलाधिकारी मांगेराम चैहान एवं तहसीलदार प्रभा सिंह का आभार अक्त किया।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से आटो पल्टी, चालक की मौत

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र में सोमवार को दोपहर बाद जगनपुर के पास हाईवे पर फैजाबाद की ओर से आ रहे विक्रम आटो को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे विक्रम पलट गया। नीचे दबे घायल चालक महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दरोगा उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र कल्प नाथ सिंह निवासी रायपुर थाना कैंट अयोध्या को पुलिस ने इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। वहां इलाज के दौरान मौत हो गयी। आटो में सवार तीन अन्य सवारियों को भी चोटें आयी। घटना के बाद मामूली चोट होने से मौके से अपने घरों को चले गए। पूछे जाने पर थाना प्रभारी रौनाही निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर मौके से विक्रम चालक गंभीर रूप से दवा मिला था जिसे जिला अस्पताल एंबुलेंस से भेजा गया था अन्य यात्रियों की जानकारी नहीं मिल पाई।

## सेवा भेदभाव से नहीं, निष्काम भाव से करें: माता सुदीक्षा



**बांदा।** निरंकारी संत समागम सेवा के अवसर पर विशाल सत्संग को संबोधित करते हुए सद्गुरू माता सुदीक्षा ने कहा कि सेवा करते समय इसे भेदभाद की दृष्टि से नही देखना चाहिए, बल्कि सदैव निरिच्छत निष्काम भाव से की जानी चाहिए। सेवा तभी वरदान साबित होती है जब उसमें कोई किन्तु, परंतु नही होता, उसकी कोई समय सीमा नही होनी चाहिए कि समागम के दौरान तथा समागम के समाप्त होने तक ही सेवा करनी है, बल्कि अगले समागम तक भी सेवा का यही जज्बा बरकरार रखना चाहिए यह तो निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। सेवा सदैव सेवा भाव से युक्त होकर ही करनी चाहिए फिर चाहे हम शारीरिक रूप से अक्षम हों अथवा असमर्थ हों, सेवा परवान होती है क्योंकि वह सेवा भावना से युक्त होती है। उन्होने कहा कि निरंकारी संत समागम की प्रतीक्षा भक्त वर्ष भर करते हैं यह एक ऐसा दिव्य उत्सव है जहां मानवता, असीम प्रेम, असीम करूणा, असीम विश्वास और असीम समर्पण के भाव को असीम परमात्मा के ज्ञान का आधार देते हुए सुशोभित करती है। उन्होने कहा कि संसार में अनेक प्रकार के लोग रहते हैं जिनकी अलग भाषा, वेशभूसा, खानपान, जाति, धर्म और संस्कृति हैं पर इतनी विभिन्नताओं के होत हुए भी सबमें एक बात सामान्य है कि हम सब इन्सान हैं। उन्होने कहा कि मिशन के लाखों भक्त इस वर्ष भी 16, 17 व 18 नवंबर को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा हरियाणा में होने वाले 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम में पहुंचकर मानवता के महाकुंभ का नजारा एक बार फिर सजाने जा रहे हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पहुंचकर देश का नाम रोशन करें: जिलाधिकारी



जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा नेहरू स्टेडियम में सोमवार की दोपहर उ0प्र0 माध्यमिक विद्यालय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलित, शांति का प्रतिक कबूतर व गुब्बारे उड़ा कर किया गया।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने इस मौके पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए बच्चों से कहा कि अपने जीवन में एक खेल को अवश्य अपनाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि खेल के समय अपनी सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें तथा जीतने से ज्यादा सीखने की भावना से खेलें। उन्होंने सभी से कहा कि अच्छी तरह से सीखने व सीखकर मंडल, प्रदेश व देश के साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हर एथलेटिक्स (खेल) की अपनी बारीकियां होती हैं, उन बारिकियों को सीखे तभी आगे बढ़ सकते हैं। उद्घाटन सत्र पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं स्वागत गीत भी गाया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं ने राजस्थानी लोक नृत्य तथा पंजाबी गीतों पर सुंदर प्रस्तुती दी। सभी विद्यालयों के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट कर जिलाधिकारी को सलामी दी। जिलाधिकारी द्वारा 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक वर्ग में 800 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पर आरजेपी इन्टर कॉलेज के कमलजीत, द्वितीय स्थान पर चमनोदेवी इंटर कॉलेज, कादराबाद के मुकुल तथा के आई सी, मण्डावली के मृत्यून्ज्य डबास को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर मैडल पहना कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिलाधिकारी द्वारा 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालिका वर्ग में 800 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पर डीजेआईसी, हीमपुर की सना, द्वितीय स्थान पर गुरूनानक इंटर कॉलेज, शेखपुरी चैहड़ की तोशीबा तथा गांधी इंटर कॉलेज, मनकुआ की रोशनी को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर मैडल पहना कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में आज सीनियर, जूनियर, सब जूनियर बालक तथा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिकाओं की विभिन्न दूरी की दौड़, लम्बी कूद एवं आदि प्रतियोगिताएं हुई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं स्कूली छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

# महिलाओं के संरक्षण के बारे में कानूनी शिविर



**बांदा।** जिला जज डॉ बब्बू सारंग के निर्देश पर ह्यह्यविधान से समाधानह्लह्ल कार्यक्रम के तहत महिलाओं के हित सरंक्षण व उनके अधिकारों के बारे में विधिक जागरूकता शिविर बड़ोखर खुर्द ब्लाक में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से लगाए गये शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीपाल सिंह ने कहा कि महिलाओं को प्राप्त मुफ्त कानूनी सहायता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव, देश की प्रत्येक महिला को सुरक्षा की भावना प्रदान करना, पुरूषों के सामान पारिश्रमिक का लाभ आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

महिलाओं को कन्याभ्रूण हत्या, मानव तस्करी, पीछा करना, यौन शोषण, लिंग के आधार पर परेशान करना तथा इनमें सबसे भयावह अपराध बलात्कार जैसे अत्याचारों का शिकार होना पड़ता है। ऐसे उत्पीड़न का शिकार असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाली, घरेलू काम करे वाली, निजी संगठनों में कार्य करने वाली महिलाएं होती हैं। ऐसी किसी प्रकार की समस्या होने पर महिलाएं अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर, स्वयं अथवा डाक के जरिए भी दे सकती हैं। उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता दी जाएगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी रामप्रकाश ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार चला रही है। पराविधिक स्वयं सेवक सुमन शुक्ला ने केन्द्र व राज्य सरकार की संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, जननी सुरक्षा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी की। वैवाहिक वादों में टूटते दांपत्य जीवन को बचाने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण में स्थित मध्यस्थता केन्द्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। काउंसलर वन स्टॉप सेंटर, जिला प्रोवेशन कार्यालय अनीता वर्मा ने भी महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के प्राविधानों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर सीएचसी की अंजना, एडीओ अम्बरीश त्रिपाठी, बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्री व अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## सड़क हादसे में बाइक चालक घायल

ललितपुर। थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम मैखुवां निवासी सीताराम पुत्र घनश्याम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 5 अक्टूबर 2024 की शाम करीब 6.30 बजे वह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 एच 8016 से घर आ रहा था। बताया कि जाखलौन थाना व पेट्रोल पम्प के बीच एक तेज रफ्तार गाड़ी संख्या यू.पी. 94 ए.ए. 7646 आया और उक्त कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और उसका बांया हाथ भी टूट गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी। बताया कि कार की टक्कर लगने के बाद कार अनियंत्रित होकर एक भैंस को लग गयी, उक्त भैंस जाखलौन निवासी खुशीलाल पुत्र फेरन की बतायी गयी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## गुलदार ने बंदर को बनाया निवाला, बच्चों ने भागकर बचायी अपनी जान

**नजीबाबाद, बिजनौर।** नगर क्षेत्र में गुलदारों के देखे जाने से क्षेत्रवासियों में दहशत है। सेंटमेरी स्कूल के निकट आनंद निकेतन कॉलोनी में गुलदार ने एक बंदर पर हमला कर घायल कर दिया। घटना के समय पास खेल रहे बच्चों ने किसी तरह भागकर गुलदार से अपनी जान बचाई। नजीबाबाद नगर क्षेत्र के आनंद निकेतन कॉलोनी और कुंवर कॉलोनी के निवासियों में गुलदार देखे जाने से दहशत है। बीती शाम गुलदार ने एक बंदर पर हमला किया। बैंककर्मी रोहित कुमार भारद्वाज और अन्य लोगों के बच्चे भी वहां खेल रहे थे। गुलदार के बंदर पर हमला किए जाने पर बच्चों ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। क्षेत्रवासियों डॉ0 मंजू जौहरी, रूबी, लवली, ऊषा, मनीषा आदि के अनुसार क्षेत्र में गुलदार कई बार देखा जा चुका है। खौफजदा लोगो ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने और सुरक्षा के उचित प्रबंध करने की मांग की है।

## यातायात पुलिस ने चलाया गया चेकिंग अभियान

**ललितपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन व पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी एवं टीम द्वारा शहर के प्रमुख चैराहों पर बैरियर लगाकर वृहद चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 172 वाहनों का चालान करते हुए 07 वाहनों को एमवी एक्ट की धारा में सीज किया गया। इसके अलावा यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत यातायात जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों/वाहन स्वामियों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

# ऑनलाइन फ्रॉड

आज सब कुछ ऑनलाइन हो चुका है। ड्यूटी, बैंकिंग, खरीदारी, संवाद से लेकर होटल, रेस्टोरेंट से भोजन मंगाने तक, सब कुछ ऑनलाइन और एप्लीकेशन पर आधारित है। ऐसे में ठग आये दिन नये-नये तरीके ईजाद कर सीधे-साधे लोगों को ठगते रहते हैं। वाट्सएप कॉल के जरिए खुद को पुलिस, सीबीआई, इन्कम टैक्स अधिकारी बताकर और मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर वसूली करना, वीडियो कॉल के जरिए डिजिटल अरेस्ट, फर्जी वेबसाइट के जरिए लुभावने ऑफर देकर ठगी करना। कुल मिलाकर जैसे आज का युग सर्वाधिक संवाद-प्रेषण और डिजिटल का स्वर्णिम युग है, उसी तरह ऑनलाइन फ्राडियों की भी पौ बारह है। नवरात्रि में त्योहारी सीजन के चलते ऑनलाइन शॉपिंग के लिए ऑफर्स की बहार आई हुई है। त्योहारों में बड़ी छूट के चक्कर में लोग ऑनलाइन शॉपिंग को प्रमुखता दे रहे हैं। लोगों के इस मूड को भांपते हुए कंपनियां भी ग्राहकों को लुभाने के लिए तरह-तरह के ऑफर दे रही हैं। कहीं एक सामान की खरीद पर 50-70 फीसदी तक की छूट का ऑफर दिए जा रहे हैं, तो कहीं महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खरीदने के लिए शून्य ब्याज दर पर कर्ज देने का ऑफर। कंपनियां बहुत पहले से ही त्यौहारी सीजन में कारोबार की तैयारियां शुरू कर देती हैं और यह स्वाभाविक भी है। पितृपक्ष खत्म होते ही नवरात्रि, दशहरा, दीवाली, नया साल, गणतंत्र दिवस, होली और सहालग, यह उत्सव के साथ ही बड़े कारोबार के मौके भी होते हैं और कंपनियों तरह-तरह के ऑफर्स के जरिए त्यौहारी सीजन में कारोबार बढ़ाने का प्रयास करती हैं। लेकिन इन्हीं ऑफरों की आड में ठग भी सक्रिय रहते हैं। वे भी तरह-तरह के फर्जी ऑफर ऑनलाइन डालकर शिकार फंसाने के फिराक में रहते हैं। ऐसे में किसी भी बंपर ऑफर पर क्लिक करते समय ग्राहकों को बेहद सावधान रहना चाहिए। क्योंकि हो सकता है कि असली जैसा दिखने वाला ऑफर कोई ठगी का लिंक हो और इस पर क्लिक करते ही शातिर आपके बैंक खाते से राशि निकाल सकते हैं। इन दिनों ग्राहकों को लूटने के लिए शातिर ठग नये नये तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं। इनमें असली-नकली की पहचान करना मुश्किल हो गया है। कई बार फर्जीवाडा करने के लिए असली कंपनी के रूप-रंग और डिजाइन की वेबसाइट भी बना दी जाती है। इन पर क्लिक करते ही आपकी सारी गोपनीय जानकारी शातिरों के पास पहुंच जाती है। त्योहारी सीजन में ऑनलाइन शॉपिंग को लेकर ठगों से बचने के लिए साइबर सेल को अलर्ट रहना चाहिए ताकि कोई शक हो उसकी जांच-पड़ताल ठीक से हो सके। दरअसल साइबर फ्रॉड का गोरखधंधा इतना चल गया है कि इस पर लगाम लगाने के लिए सरकार को विशेष पुलिस बल बनानी पड़ेगी। आज जिस तरह ठगी करने वालों के हाथ राष्ट्रीय सीमाओं से भी पार चले गये हैं, उसके कारण ऐसे ठगों से निपटना साधारण पुलिस के बस की बात नहीं है। दिल्ली के आदमी को चीन में बैठा व्यक्ति ठग लेता है। नूह-हरियाणा में बैठा-बैठा ठग यूरोप या अमरीका के लोगों को चूना लगा देता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि इन मामलों की कैसे जांच हो, कैसे सरकार और जांच एजेसियां ठगों तक पहुंचे। जब तक विभिन्न देशों में साइबर ठगों को पकड़ने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ट्रीटी नहीं होगी, एक देश-दूसरे देश को सहयोग नहीं करेंगे, तो उस स्थिति भी ठगों पर लगाम लगाना कठिन हो जायेगा। अब तो ऐसी घटनाएं भी सामने आने लगी हैं कि ऑनलाइन ठगों की प्रताड़ना से दिल का दौरान तक पड़ गया। कुल मिलाकर ऑन लाइन ठगी और साइबर फ्रॉड समाज में महामारी की तरह फैल गया है। आये दिन फोन पर, इन्टरनेट के जरिए लोगों का ठगने की कोशिशें होती रहती हैं और कहीं न कहीं लोग फंस भी जाते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार साइबर युग के बढ़ते फलक को देखते हुए लोगों को इसके खतरे से बचाये।




**साइबर ठगी का गोरखधंधा समाज में महामारी की तरह फैल गया है, कानून के हाथ भी ठगों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।**

## विचार

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

# फिर करवट बदलेगी बिहार की सियासत



शाहिद ए चौधरी

**जिस तरह से महाराष्ट्र में शिव सेना में एकनाथ शिंदे से बगावत कराकर उसमें दो फाड़ कराये गये, उससे हर पार्टी में यह आशंका तो रहती ही है कि उसमें तोड़फोड़ हो सकती है। वैसे भी बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है, पंजाब में सुखबीर सिंह बादल की अकाली दल, हरियाणा में दुष्यंत चौटाला की जन नायक जनता पार्टी, ओडिसा में नवीन पटनायक की बीजू जनता दल या आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस का हाल सबके सामने है।**

बिहार में इन दिनों कुछ ऐसी गतिविधियां हो रही हैं, जो महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत दे रही हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली का दौरा करते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात नहीं करते हैं। दिल्ली वह घूमने तो आये नहीं थे कि कुतुब मीनार की सैर की और लौट गये, जाहिर है कोई सियासी उद्देश्य होगा, किन्हीं प्रमुख व्यक्तियों से भेंट भी की होगी, जिसे गुप्त रखा गया है। बिहार लौटने पर जनता दल (यूनाइटेड) की बैठक बुलायी जाती है, जिसमें ललन सिंह, जोकि जद(यू) की तरफ से केंद्र में मंत्री हैं, की अनुपस्थिति चौंका देती है। बैठक में नीतीश कुमार अपनी पार्टी के लिए 225 सीटें जीतने का लक्ष्य रखते हैं, जबकि वर्तमान विधानसभा के कार्यकाल में अभी लगभग एक वर्ष का समय शेष है। क्या वह बिहार में मध्यावधि चुनाव का संकेत दे रहे हैं?

इस संदर्भ में कोई अंदाजा लगाने से पहले कुछ अन्य सियासी संकेतों को समझना भी आवश्यक है। ऐसी बातें सामने आ रही हैं, जिनसे प्रतीत होता है कि ललन सिंह की अमित शाह के साथ नजदीकियां बढ़ती जा रही हैं। ललन सिंह ने लोकसभा में वक्फ विधेयक का समर्थन बीजेपी के सदस्यों से भी अधिक मुखर होकर किया था, जबकि जद(यू) इस विधेयक के विरोध में है। अमित शाह ने जम्मू कश्मीर व हरियाणा विधान सभा चुनावों में अपनी रैलियों में कई बार दोहराया कि संसद के अगले सत्र में वक्फ विधेयक को पारित कर दिया जायेगा, जोकि फिलहाल पुनर्विचार के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास है। तो क्या जद(यू) संसदीय दल में दो फाड़ की कोशिशें चल रही हैं? चिराग पासवान भी वक्फ विधेयक से असहमत व आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर नाराज हैं और उन्हें हरदम यह डर सताये हुए है कि कहीं पिछली बार की तरह इस बार भी उनके सांसद उनसे छीन न लिए जाएं। इस बीच एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम भी हुआ है। केंद्रीय काबीना ने चेन्नै मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के फेज 2 को मंजूरी दे दी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 27 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के मात्र एक सप्ताह के भीतर केंद्र ने फेज 2 के लिए अपने हिस्से के 7,455 करोड़ रुपये के फंड को क्लियर कर दिया, जिससे 128 स्टेशनों वाली 118.9 किमी की लाइन के निर्माण में आसानी हो जायेगी। केंद्र पिछले तीन वर्ष से अधिक से इस प्रोजेक्ट को रोके हुए था। फिर अचानक स्टालिन की मोदी से मुलाकात के तुरंत बाद प्रोजेक्ट को मंजूरी दिया जाना मात्र संयोग नहीं है। इसके जरिये बीजेपी ने एनडीए में अपने सहयोगी दलों को स्पष्ट स्ट्रेटेजिक संदेश भेजा है कि वह अपनी 'निरंतर बढ़ती मांगों पर काबू रखें' क्योंकि उसके पास समर्थन के अन्य विकल्प भी हैं।



**बिहार**

केंद्र की मोदी सरकार फिलहाल नीतीश कुमार, एन चंद्रबाबू नायडू व चिराग पासवान की पार्टियों के समर्थन पर टिकी हुई है। इन तीनों ही पार्टियों की भरपाई स्टालिन की द्रमुक कर सकती है। फिलहाल द्रमुक इंडिया गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन सियासत में सब कुछ संभव है। दुश्मन कब दोस्त बन जायें कुछ कहा नहीं जा सकता। ध्यान रहे कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया गया और जयंत चौधरी सपा का साथ छोड़कर एनडीए का हिस्सा बन गये थे। इंडिया गठबंधन को बनाने में नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका थी, लेकिन जब लोकसभा चुनाव का निर्णायक समय आया तो वह पाला बदलकर एनडीए में शामिल हो गये। इसी तरह कौन यकीन कर सकता था कि अजीत पवार शरद पवार को धोखा देकर बीजेपी से हाथ मिला लेंगे। जिस तरह से महाराष्ट्र में शिव सेना में एकनाथ शिंदे से बगावत कराकर उसमें दो फाड़ कराये गये, उससे हर पार्टी में यह आशंका तो रहती ही है कि उसमें तोड़फोड़ हो सकती है। वैसे भी बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है, पंजाब में सुखबीर सिंह बादल की अकाली दल, हरियाणा में दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी, ओडिसा में नवीन पटनायक की बीजू जनता दल या आंध्रप्रदेश में व्हाईएस जगन मोहन रेड्डी की व्हाईएसआर कांग्रेस पार्टी का हाल सबके सामने है। बिहार में जद(यू) एक समय में सबसे बड़ी पार्टी हुआ करती थी, लेकिन 2020 के विधानसभा चुनाव में वह मात्र 43 सीट ही जीत सकी थी। कभी बीजेपी तो कभी राजद के समर्थन से इस दौरान नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के पद पर तो बने रहे, लेकिन अगर उन्होंने अपनी पार्टी को मजबूत न किया तो यह पद उनके हाथ से निकल भी सकता है। अतः अपनी पार्टी को प्रासांगिक बनाये रखने के लिए नीतीश कुमार भी बीजेपी को संकेत दे रहे हैं कि उनके सांसदों से कोई छेड़छाड़ न की जाये, उन्हें ही एनडीए की तरफ से मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में पेश किया जाये, उन्हें लड़ने के लिए 243 सीटों में से 100 से कम न दी जाये और अगर ऐसा न हुआ तो उनके पास केंद्र में समर्थन वापस लेने व अन्य छोटी पार्टियों (चिराग पासवान सहित) को साथ लेकर तीसरा मोर्चा गठित करके मध्यावधि चुनाव कराने का विकल्प भी खुला हुआ है। बहरहाल, बिहार में अगर मध्यावधि चुनाव होते हैं तो क्या शराबबंदी मुद्दा होगा? प्रशांत किशोर का कहना है कि पटना में सरकार बनाने के एक घंटे के भीतर उनकी पार्टी शराब पर से पाबंदी हटा देगी। किसी भी प्रमुख राजनीतिक दल ने नीतीश की शराबबंदी नीति का विरोध नहीं किया है, जबकि यह नीति बुरी तरह से फ्लॉप रही है, जैसे कि ऐसे प्रतिबंध अक्सर असफल रहते ही हैं। शराब बंदी से बिहार को अनचाहे परिणाम भुगतने पड़े हैं। सबसे पहली बात तो यह कि इससे राज्य में अवैध शराब का भयंकर धंधा फैल गया है, जोकि पुलिस-नेता की सांठगांठ से चलता है। यह तो होना ही था, क्योंकि नीतीश कुमार ने देसी से लेकर हर प्रकार की शराब पर प्रतिबंध लगाया, नीति को 'सरप्राइज' के तौर पर घोषित किया और एकदम से उसे सख्ती से लागू किया। नतीजा? राज्य का पहले से ही कमजोर खजाना अतिरिक्त खाली हो गया। पड़ोसी राज्यों में शराब की मांग बढ़ गई- बंगाल व झारखंड का एक्साइज राजस्व कई गुना बढ़ गया।

दूसरा यह कि बिहार ने शराब पीने वाले अपने ही नागरिकों को रातभर में अपराधी बना दिया। प्रतिबंध से शराब के सेवन में कमी नहीं आती है। जिस तरह पानी अपना रास्ता बना लेता है, वैसे ही जो पीना चाहते हैं वह शराब तलाश लेते हैं। तीसरा, जैसा कि इस प्रकार के प्रतिबंधों से होता है, गतिविधि भूमिगत चली जाती है, अवैध फैक्ट्री बन जाती हैं- नया माफिया गठित हो जाता है। नकली शराब से मरने वालों की संख्या बढ़ने लगती है। चार, देसी शराब के बनाने व बिक्री में हाषिये पर पड़े समुदाय ही ज्यादा लगे हुए थे, उनकी जीविका के जरिये चले गये। जेलों में लोगों की संख्या बढ़ गई और अदालतों पर बोझ बढ़ गया। पहली बार के अपराधियों के लिए कानून लचीला किया गया, लेकिन कुल मिलाकर नीति फ्लॉप रही। चूंकि नीतीश कुमार चुनाव पर चुनाव जीत रहे थे, इसलिए शराबबंदी के शुरूआती आलोचक भी खामोश हो गये, विशेषकर महिलाओं के रूप में नये वोट बैंक के उभरने से। लालू प्रसाद यादव व जितेन मांझी ने शराबबंदी नीति को फ्लॉप अवश्य कहा, लेकिन 2016 के बाद, जब इस कानून का गठन हुआ था, किसी सियासी दल ने शराबबंदी को चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। अगर प्रशांत किशोर के समर्थन में लोग आ जाते हैं, तो आश्चर्य न होगा कि नीतीश कुमार स्वयं इस नीति पर यू-टर्न कर लें। महिलाएं भी तो बदलाव चाह रही हैं।

## सोशल मीडिया

ये है भाजपा के राज में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का सच, भाजपा ने व्यापारियों के कपड़े तक उतरवा लिये हैं, व्यापारी कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा। अखिलेश यादव



करोड़ों लोगों को मूल-भूत सुविधाओं से वंचित करने और आईईडी से लाखों का जीवन तबाह करने वाला नक्सलवाद मानव अधिकारों का सबसे ज्यादा हनन करता है। अमित शाह.



यूपी के मिर्जापुर जिले में भीषण दुर्घटना में दस गरीब मजदूरों की मौत व अन्य कई के घायल होने की खबर दुखद है, सरकार घायलों का इलाज व पीड़ितों की मदद कराये। मायावती.



# परमात्मा का संदेश

**अंतर्दृष्टि**

आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# आत्म मंथन कर रहा हूं...

**व्यंग्यलोक**

मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले- घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछरें उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ। मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले- तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा-आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।



पूरन सरमा

# मातृशक्ति का महोत्सव है धर्म-अध्यात्म की पांच रातें



**नवरात्रि पर विशेष**

मां दुर्गा देवताओं की सामूहिक शक्ति का एकाकार रूप हैं। इसी महाशक्ति की बदौलत उन्होंने तीन लोकों को त्रस्त करने वाले राक्षसों के राजा महिषासुर का वध किया था। संस्कृत में दुर्गा शब्द का मतलब होता है- जिससे पार न पाया जा सके, जो अभेद्य हो। मां दुर्गा मातृशक्ति का अभेद्य और अपराजित रूप हैं। शारदीय नवरात्रि की आराधना और आध्यात्म में डूबी पांच महारातें मातृशक्ति का महोत्सव होती हैं।

**महापंचमी:** शारदीय नवरात्रि में महापंचमी के दिन जगत जननी मां दुर्गा और महाकाल की विशेष पूजा होती है। शारदीय नवरात्रि से जुड़ी एक पौराणिक कथा के मुताबिक शक्ति रूप मां दुर्गा और असुर महिषासुर के बीच नौ दिनों तक भयंकर युद्ध चला था और दसवें दिन मां दुर्गा ने राक्षस महिषासुर का संहार करके धरती को उसके आतंक से मुक्ति दिलायी थी। इसलिए नवरात्रि के दसवें दिन जहां विजय दशमी मनायी जाती है, वहीं पांचवें दिन का महत्व महापंचमी का व्रत रखा जाता है। इस दिन देवी स्कंदमाता की पूजा होती है, जो कि भगवान कार्तिकेय की मां हैं और दुर्गा के नौ रूपों में एक हैं। महापंचमी वह दिन था, जब मां दुर्गा, महिषासुर पर भारी पड़ने लगी थीं। इसलिए दुर्गा पूजा में जो छह दिन की पूजा होती है।

**महाषष्ठी:** शारदीय नवरात्रि के छठे दिन को महाषष्ठी कहते हैं। इस दिन मां कात्यायनी की पूजा होती है, मां कात्यायनी को शेर पर सवार दिखाया जाता है। उनके बाएं हाथ में तलवार और कमल है, जबकि दाहिने हाथ में अभय और वरद मुद्राएं हैं। दुर्गा पूजा में षष्ठी का बहुत महत्व है। इस दिन वे लोग भी व्रत रखते हैं जो पूरे नवरात्रि के नौ दिन का व्रत नहीं रखते। मां कात्यायनी की पूजा से विवाह संबंधी बाधाएं दूर हो जाती हैं।

**महासप्तमी:** शारदीय नवरात्रि में सातवें दिन मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा होती है। शारदीय नवरात्रि में सप्तमी की पूजा मध्यरात्रि में करने से बहुत पुण्य होता है। मां दुर्गा ने यह रूप धरकर शुंभ निशुंभ दैत्यों का वध इसी रात को किया था। मां कालरात्रि का रंग काला है। इन्हें मां कालरात्रि इसलिए कहा जाता है, क्योंकि मां का यह स्वरूप काल का विनाश करता है। इस दिन पूजा करने वालों को मां कालरात्रि शत्रुओं पर विजय का वरदान देती हैं। कालरात्रि की पूजा करने से हमारे पापों का और दुश्मनों का नाश हो जाता है। साथ ही इस रात्रि की पूजा करने से भय और रोग का नाश होता है। मां कालरात्रि की पूजा करने से जीवन में सुख शांति का वास होता है, तनाव दूर होता है, हर तरह का संकट कम होता है तथा हम बुरी शक्तियों के प्रभाव से बच जाते हैं।

**महाअष्टमी:** इस दिन मां दुर्गा ने चंड-मुंड नामक राक्षसों का वध किया था। इस दिन जो भी मां की पूजा करता है, मां उसके जीवन के सभी तरह के दुख हर लेती हैं और उसे शत्रुओं पर विजय का वरदान देती हैं। महाअष्टमी के दिन मां भगवती की पूजा करने वालों को सभी तरह के धन व वैभव से सम्पन्नता हासिल होती है। इस दिन मां दुर्गा का महागौरी रूप पूजा जाता है। महाअष्टमी के दिन महास्नान के साथ मां दुर्गा का षोडशोपचार किया जाता है और पूजन हवन करके नौ कन्याओं को उनका मनपसंद भोजन खिलाने का चलन है।

**महानवमी:** नवरात्रि के नवें दिन महानवमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। माना जाता है यही वह दिन था जब मां दुर्गा ने महिषासुर के विरूद्ध युद्ध करते हुए अपनी समस्त दिव्यशक्तियों का इस्तेमाल किया था और मां दुर्गा ने राक्षस महिषासुर को हराया था। इस दिन मां दुर्गा का जो सिद्धिदात्री रूप है, वह उनके नवरूपों में से अंतिम रूप है। इस दिन मां की पूजा करने पर वे साहस, शक्ति और दृढ़संकल्प का वरदान देती हैं। इस दिन की पूजा से नौ दिनों की पूजा पूर्ण व सम्पन्न होती है। इसी दिन मां दुर्गा की घरों में रखी गई मूर्तियां सजाकर पंडालों में लायी जाती हैं और अगले दिन उनका विसर्जन किया जाता है।

**महादशमी:** उत्तर भारत में आमतौर पर नवें दिन ही नवरात्रि समाप्त मान लिए जाते हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल त्रिपुरा और उत्तर पूर्व में जहां दुर्गा पूजा की परंपरा है, वहां विजय दशमी या महादशमी को अंतिम पूजा का दिन माना जाता है। माना जाता है कि नवें दिन मां दुर्गा ने राक्षस महिषासुर को हरा दिया था और वह माया के बल पर गायब हो गया था। विजय दशमी को अंतिम रूप से उन्होंने उसका वध किया था। उसी दिन धरती उसके आतंक से मुक्त हुई थी, इसलिए इसे विजय दशमी का दिन माना जाता है। इसी दिन भगवान राम ने भी लंकापति रावण का वध किया था, इसलिए इस दिन दशहरा भी मनाया जाता है।

**आर. सी. शर्मा.**

## आप की बात

### परीक्षाओं में निष्पक्षता

हाल के रकारी नौकरियों, इंजीनियरिंग, मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं में पर्चा लीक होने की इतनी घटनायें हुई हैं कि प्रतियोगी परीक्षाओं पर कई बार भरोसा करना कठिन होता है। इतना अधिक पेपर लीक बिना मिली भगत के संभव ही नहीं है। ऐसे में भारत सरकार ने युवाओं के हित में भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने पर कठोर सजा और जुर्माने का प्रावधान करने की सराहनीय पहल की है। दरअसल सरकारी नौकरियों में निष्पक्षता के लिए यह जरूरी है कि सभी भर्तियां सांविधानिक संस्था द्वारा कराने और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर कठोर सजा का प्रावधान करने की जरूरत है ताकि भर्तियों में निष्पक्षता और सियासी दखलंदाजी को खत्म किया जा सके। केन्द्र सरकर ने एक कानून बनाकर इस दिशा में पहल की है लेकिन इस प्रयास को और आगे ले जाने की जरूरत है। फिलहाल भर्ती सहित दूसरी किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी अब बर्दाश्त नहीं होगी। केंद्र सरकार ने इसे सख्ती से कुचलने के लिए कड़ा कानून बनाया है। इसके तहत परीक्षाओं से जुड़ी किसी भी तरह की गड़बड़ी में शामिल होने वालों को अब सख्त सजा मिलेगी, जिसमें 10 वर्ष की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी शामिल है। यदि पेपर लीक व नकल सहित परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ी में संस्थान या परीक्षा कराने वाली एजेंसी शामिल पाई जाती है तो उससे उस परीक्षा का पूरा खर्च वसूला जाएगा। साथ ही उसकी संपत्ति भी जब्त की जा सकती है।

परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियों व पेपर लीक की घटनाओं को सख्ती से रोकने के लिए 'द पब्लिक एक्जामिनेशंस (प्रिवेंशन आफ अनफेयर मीन्स) बिल, 2024' बीते सोमवार को लोकसभा में पेश किया गया। पहले लोकसभा और फिर बीते शुक्रवार को राज्यसभा से पारित होने के साथ कानून बनने का रास्ता साफ हो गया है। नये कानून के दायरे में सभी सार्वजनिक प्रतियोगी परीक्षाओं को शामिल किया है। इनमें यूपीएससी, एसएससी, रेलवे व बैंकिंग भर्ती बोर्ड से लेकर जेईई, नीट, सीयूईटी, नेट जैसी सभी परीक्षाएं और एनटीए द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं शामिल होंगी। इन परीक्षाओं में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के मामले में दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को न्यूनतम तीन वर्ष की सजा मिलेगी। जिसे बढ़ाकर पांच वर्ष तक किया जा सकेगा, इसके साथ ही उस पर 10 लाख तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा। देश में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के ढेर सारे मामलों को देखते हुए विधेयक में इसे लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। छात्रों के साथ फर्जी वेबसाइट या फर्जी केंद्रों के जरिये परीक्षा कराने और नौकरी देने आदि का फर्जीवाड़ा भी इसके दायरे में आएगा। विधेयक के दायरे में जहां केंद्रीय स्तर की सभी प्रतियोगी परीक्षाएं आएंगी, वहीं इसके प्रावधानों को राज्य भी अपना सकेंगे। यही वजह है कि केंद्र ने इसे एक माडल ड्राफ्ट के रूप में पेश किया है। राज्य अपनी जरूरत के साथ अपने यहां इसमें बदलाव भी कर सकेंगे और नयी बातें भी जोड़ सकेंगे।

**जितेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### अपराध पर लगे लगाम

हाल के वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक के बाद एक कानून पास किये गये हैं ताकि घर से लेकर कार्य स्थलों तक महिलाओं की सुरक्षा को और पुख्ता बनाया जा सके। लेकिन देखने में आ रहा है कि दिनोंदिन महिलाओं के खिलाफ अपराध न सिर्फ बढ़ रहे हैं बल्कि अपराध क्रूर से क्रूरतम एवं नृशंस होते जा रहे हैं। दुराचार, हत्या, दहेज हत्या से लेकर घरेलू हिंसा और कार्य स्थलों तक पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। ऐसे में महिलाओं की सुरक्षा के लिए न सिर्फ कानून का स्पष्ट और कठोर होना जरूरी है बल्कि सुरक्षा लायक माहौल बनाने के लिए भी रचनात्मक प्रयास करने की जरूरत है। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न तो बहुत आम बात हो चुका है। हालांकि विशाखा गाइडलाइन से लेकर तमाम कानून बने हैं जिसमें महिलाओं को प्रसूति लाभ आदि भी शामिल है लेकिन यह सब केवल फाइलों में है।

**प्रदीप कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## उज्जीवन स्मॉल बैंक को मिली आरबीआई की मंजूरी

नई दिल्ली। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक से एडी 1 लाइसेंस प्राप्त किया है इस लाइसेंस के बाद बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय के सम्पूर्ण उत्पाद और सेवाएं प्रदान कर सकेगा। वर्तमान में मौजूदा एडी 2 लाइसेंस के अंतर्गत बैंक केवल सीमित उत्पाद प्रदान कर रहा था। इस लाइसेंस के साथ उज्जीवन अब विदेशी विनिमय बाजार में विभिन्न श्रेणियों के अपने ग्राहकों को विदेशी मुद्रा लेन-देन की व्यापक श्रेणी की सुविधा दे सकता है यह सुविधा भारत और विदेश, दोनों में परिचालन करने वाले ग्राहकों को उपलब्ध होगी, जिसमें खुदरा बैंकिंग, एमएसएमई/ट्रेड फाइनेंस और ट्रेजरी कारोबार के अंतर्गत विभिन्न विदेश विनिमय सेवाएं शामिल हैं। यह लाइसेंस प्राप्त करके खुशी हो रही है क्योंकि इससे हमें अपने उत्पादों और सेवाओं की पेशकश का विस्तार करने में मदद मिलेगी, विशेष रूप से विदेशी मुद्रा और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग से संबंधित लेन-देन के क्षेत्र में। लाइसेंस हमें सीमा पार लेन-देन और मुद्रा विप्रेषण को सरल बनाकर अपने ग्राहकों की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनाता है।

## कर विभाग ने आयकर कानून की समीक्षा के लिए लोगों से मांगे सुझाव

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने सोमवार को छह दशक पुराने आयकर (आईटी) अधिनियम की समीक्षा के लिए लोगों से सुझाव आमंत्रित किए। आयकर कानून की भाषा को सरल बनाने, कानूनी विवाद और अनुपालन में कमी तथा पुराने पड़ चुके प्रावधानों को लेकर सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इस संदर्भ में समीक्षा पर नजर रखने और अधिनियम को संक्षिप्त रूप देने, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए एक आंतरिक समिति का गठन किया था। इससे विवादों के कम होने तथा करदाता कर को लेकर निश्चिंत हो सकेंगे। सीबीडीटी ने कहा, समिति ने चार श्रेणियों में सार्वजनिक टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं। ये श्रेणियां हैं... भाषा का सरलीकरण, कानूनी विवाद और अनुपालन में कमी तथा अनावश्यकापुराने पड़ चुके प्रावधान। ई-फाइलिंग पोर्टल पर एक वेबपेज शुरू किया गया है। लोग अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर और ओटीपी के माध्यम से इसपर जा सकते हैं।

## कोयला प्रबंधन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गयी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने झारखंड में 732 करोड़ रुपये की लागत वाली दो कोयला प्रबंधन परियोजनाओं की आधारशिला रखी। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। कोयला प्रबंधन (हैंडलिंग) संयंत्र का इस्तेमाल कोयले के भंडारण, प्रसंस्करण और परिवहन के लिए किया जाता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, केंद्रीय कोयला और खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कल सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड) के बोकारो और करगली क्षेत्र में कारो कोयला प्रबंधन संयंत्र और कोनार कोयला प्रबंधन संयंत्र की आधारशिला रखी।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने की सचिन से साझेदारी

मुंबई। बैंक ऑफ बड़ौदा ने आज सचिन तेंदुलकर को बैंक के वैश्विक ब्रांड एंबेसडर के रूप में अनुबंधित किए जाने की घोषणा की। सचिन तेंदुलकर और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच यह साझेदारी बैंक के उत्कृष्टता और विश्वास जैसे बुनियादी मूल्यों पर आधारित है। यह साझेदारी एक ऐसे समय पर हुई है जब बैंक ऑफ बड़ौदा व्यवसाय विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के एक नए चरण में प्रवेश करने वाला है और सचिन की ब्रांड वैल्यू से इसे नई गति मिलेगी।

## फ्रांस, भारत मिलकर वैमानिकी संकुल विकसित करेंगे

नयी दिल्ली। भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ ने सोमवार को कहा कि फ्रांस और भारत एयरोस्पेस क्षेत्र में अपने सहयोग को बढ़ाने पर काम कर रहे हैं और उनकी एक वैमानिकी संकुल (एयरोनॉटिक्स क्लस्टर) विकसित करने की योजना है। फ्रेंच एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जीआईएफएएस) द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी न केवल रणनीतिक बल्कि सार्वभौमिक है।

# सेंसेक्स में 638 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 638 अंक और लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 219 अंक के नुकसान में रहा। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी के बीच एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 638.45 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,050 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 962.39 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 218.85 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,795.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और टेक महिंद्रा शामिल हैं। भारतीय बाजार में गिरावट का दौर जारी है...अधिक मूल्यांकन के कारण बाजार में व्यापक आधार पर गिरावट देखने को मिल रही है। निवेशक चीन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसका कारण आकर्षक मूल्यांकन और प्रोत्साहन उपाय हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.68 डॉलर प्रति बैरल रहा। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त में रहे थे। निवेशक अपने शेयरों में निवेश का मूल्यांकन कर रहे हैं और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी बढ़ गयी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच तेल की बढ़ती कीमत अल्पावधि में घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए एक और चुनौती बन गई है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 9,896.95 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 8,905.08 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की लिवाली की। सेंसेक्स शुक्रवार को 808.65 अंक का गोता लगाया जबकि एनएसई निफ्टी 235.50 अंक टूटा था।

# भारत, यूएई खाद्य गलियारा स्थापित करने पर दो अरब डॉलर का निवेश करेंगे: गोयल

मुंबई। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दो अरब डॉलर के अनुमानित निवेश से एक खाद्य गलियारा स्थापित करेंगे जो यूएई एवं अन्य खाड़ी बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगा। इससे भारत के किसानों को अधिक आमदनी एवं अधिक रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 12वीं बैठक के बारे में यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाने के लिए एक छोटा कार्यसमूह भी गठित किया गया है जिसमें केंद्र सरकार, संबंधित राज्य सरकारें और यूएई शामिल हैं। भारत में खाद्य पार्कों की स्थापना के बारे में बहुत विस्तार से चर्चा की गई। इससे जुड़ा



बुनियादी काम काफी हद तक पूरा हो चुका है। यह एक और क्षेत्र है जो किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करेगा, हमारे हजारों युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण में रोजगार देगा और यूएई की खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि यूएई ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और खाद्य पार्क लॉजिस्टिक में निवेश के लिए लगभग दो अरब डॉलर की शुरुआती प्रतिबद्धता जताई है। भारत से यूएई को खाद्य उत्पाद पहुंचाने के लिए लॉजिस्टिक सुविधाओं की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, हमने केंद्र एवं राज्य सरकारों और यूएई की भागीदारी वाले एक छोटे कार्यसमूह का गठन किया है, जो दोनों देशों के बीच एक खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाएगा। उन्होंने अगले ढाई साल में यह निवेश होने की उम्मीद जताते हुए कहा, काफी समय से चर्चा है कि यूएई भारत में खाद्य प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करने में निवेश करना चाहेगा ताकि उसके लिए उपयुक्त उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, भारतीय किसानों के उत्पादों का उपयोग किया जा सके और उन्हें यूएई में बेचा जा सके। यह मामला काफी समय से यूएई सरकार और भारत के विभिन्न राज्यों के साथ चर्चा में है।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की पुनर्गठित दर निर्धारण समिति ने सोमवार को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू किया।

यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं और पश्चिम एशिया संकट के फिर से उभरने की आशंका के मद्देनजर ब्याज दरों पर यथास्थिति का अनुमान है। विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई शायद अमेरिकी फेडरल रिजर्व का अनुसरण न करे, जिसने हाल में ब्याज दरों में आधा प्रतिशत की कमी की है। इसके अलावा कुछ दूसरे विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों ने भी ब्याज दरों में कमी की है। इस महीने की शुरुआत में सरकार ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का पुनर्गठन किया था। आरबीआई गवर्नर और एमपीसी चेयरमैन शक्तिकान्त दास बुधवार (नौ अक्टूबर) को तीन दिवसीय चर्चा के नतीजों की घोषणा करेंगे। डॉयचे बैंक के भारत और दक्षिण एशिया के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक दास ने कहा कि हमें लगता है कि आरबीआई आगामी अक्टूबर मौद्रिक नीति बैठक में नीतिगत रेपो दर (वर्तमान में 6.50 प्रतिशत) में बदलाव नहीं करेगा। डीबीएस बैंक की कार्यकारी निदेशक और वरिष्ठ अर्थशास्त्री राधिका राव ने उम्मीद जताई कि दिसंबर की समीक्षा में केंद्रीय बैंक के रुख में नरमी आएगी।

# भारत-मालदीव ने मुद्रा अदला-बदली समझौता किया

नयी दिल्ली। भारत और मालदीव ने रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने के मकसद से सोमवार को 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली को लेकर समझौता किया। इससे मालदीव को विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में रूपे कार्ड भी जारी किया। इसके अलावा हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये रनवे का उद्घाटन किया और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जतायी।

चार दिवसीय राजकीय दौरे पर आए मुइज्जू ने यहां हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत की। बातचीत के बाद, भारत ने मालदीव को 70 सामाजिक आवास भी सौंपे।



इसका निर्माण एक्जिम बैंक (भारतीय निर्यात-आयात बैक) की खरीदार कर्ज सुविधा के तहत किया गया है। मोदी ने यहां मुइज्जू के साथ संवाददाताओं से कहा, आज, हमने पुनर्विकसित हनीमाधू हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। अब ग्रेटर माले संपर्क परियोजना में भी तेजी लाई जाएगी। हम थिलाफुशी में एक नये वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास में सहायता करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मालदीव ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने मालदीव को एक घनिष्ठ मित्र बताया जिसका भारत की पड़ोस नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और वृद्धि) दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण स्थान है। भारत ने हमेशा एक पड़ोसी देश की जिम्मेदारियों को निभाया है। आज, हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी का दृष्टिकोण अपनाया है।

इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुइज्जू का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद थे।

# भारत-यूएई निवेश संवर्धन व संरक्षण संधि 31 अगस्त से लागू हो गई: वित्त मंत्रालय

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) इस साल 31 अगस्त से लागू हो गई है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि बीआईटी पर इस साल 13 फरवरी को यूएई के अबू धाबी में हस्ताक्षर किए गए थे और यह 31 अगस्त 2024 से लागू हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के साथ इस समझौते के लागू होने से दोनों देशों के निवेशकों को निरंतर निवेश संरक्षण मिलेगा। भारत और यूएई के बीच दिसंबर 2013 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संरक्षण तथा संवर्धन समझौता (बीआईपीपीए) इस साल 12 सितंबर को समाप्त हो गया था। भारत में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में तीन प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ यूएई सातवें स्थान पर है। इसमें अप्रैल 2000 से जून 2024 तक करीब 19 अरब अमरीकी डॉलर का संचयी निवेश शामिल है। भारत ने भी अप्रैल 2000 से अगस्त 2024 तक यूएई में अपने कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का पांच प्रतिशत यानी 15.26 अरब डॉलर का निवेश किया है। भारत-यूएई बीआईटी से निवेशकों के बीच सहजता का स्तर बढ़ने तथा विश्वास में वृद्धि होने की उम्मीद है, क्योंकि इसमें न्यूनतम मानक तथा गैर-भेदभाव रुख का आश्वासन दिया जाएगा। साथ ही मध्यस्थता द्वारा विवाद निपटान के लिए एक स्वतंत्र मंच भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# देश में वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट

नयी दिल्ली। देश में सुस्त मांग के कारण सितंबर में वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की गिरावट आई है। उद्योग संगठन फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सितंबर में कुल पंजीकरण घटकर 17,23,330 इकाई रह गया, जो पिछले साल इसी महीने 18,99,192 इकाई था। यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों सहित अधिकतर श्रेणियों में सालाना आधार पर गिरावट देखी गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, गणेश चतुर्थी और ओणम जैसे त्योहारों के बावजूद डीलरों ने बताया कि प्रदर्शन काफी हद तक स्थिर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले बड़े त्योहारों के मद्देनजर फाडा ने ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माताओं) से वित्तीय झटके से



बचने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह भी किया है। यात्री वाहनों की बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 2,75,681 इकाई रह गई, जो एक वर्ष पूर्व इसी महीने 3,39,543 इकाई थी। श्राद्ध और पितृपक्ष के साथ-साथ भारी वर्षा तथा सुस्त अर्थव्यवस्था ने स्थिति को और खराब कर दिया है... वहीं वाणिज्यिक वाहनों का पंजीकरण पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के 4,80,488 इकाई से मामूली रूप से घटकर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 4,77,381 इकाई रह गया।

उद्योग संगठन फाडा ने आंकड़े देश भर के।,429 आरटीओ में से।,365 से एकत्रित किए हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में 65 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर की बिक्री शुरू

नयी दिल्ली। टमाटर की बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) ने सोमवार को मंडियों से सीधे टमाटर खरीदकर उन्हें दिल्ली-एनसीआर में रियायती दर पर बेचना शुरू किया। इस पहल के तहत दिल्ली-एनसीआर के 50 स्थानों पर 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचे जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उपभोक्ताओं को टमाटर की कीमतों में वृद्धि से बचाने और बिचौलियों को अप्रत्याशित लाभ से रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कृषि भवन में मोबाइल वैन और एनसीसीएफ की खुदरा दुकानों के जरिये टमाटर की खुदरा



बिक्री शुरू की। खरे ने संवाददाताओं से कहा, हम टमाटर की कीमतों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बाजार हस्तक्षेप से अगले 3-4 दिन में टमाटर की कीमतों में कमी आएगी। बयान में कहा गया कि मंडियों में लगातार अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमतों में अनुचित वृद्धि देखी गई है। दूसरी ओर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में लंबे समय तक मानसून की बारिश के चलते गुणवत्ता संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं।

## पेज एक का शेष

### हरियाणा और

को 90 विधानसभा सीटों पर आखिरी चरण की वोटिंग पूरी हुई थी। इससे पहले 18 सितंबर को पहले और 25 सितंबर को दूसरे चरण का मतदान हुआ था। अनुच्छेद 370 हटने के बाद यहां पहली बार चुनाव हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ है। इसलिए वोटर्स को चुनाव के नतीजों का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए सभी 90 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इस बार हरियाणा में कांग्रेस ने सीपीएम के साथ मिलकर 90 सीटों पर चुनाव लड़ा है और एक सीट सीपीएम को दी है। वहीं, भाजपा ने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा है। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ा है।

### विकसित भारत

रूप से नहीं जाना जाता था। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके 13 वर्ष के कार्यकाल के दौरान, राज्य सबका साथ, सबका विकास का एक उज्ज्वल उदाहरण बनकर उभरा, जिससे समाज के सभी वर्गों के लिए समृद्धि सुनिश्चित हुई। मोदी ने कहा कि 2014 में भारत की जनता ने भाजपा को रिकॉर्ड बहुमत दिया जिससे वह प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करने में सक्षम हुए। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण था, क्योंकि 30 वर्षों में पहली बार किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला था। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में हम अपने देश के समक्ष मौजूद अनेक चुनौतियों का समाधान करने में सफल रहे हैं। पच्चीस करोड़ से अधिक लोग गरीबी के चंगुल से बाहर निकल गये हैं। भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और इससे विशेष रूप से हमारे एमएसएमई, स्टार्ट-अप क्षेत्र तथा अन्य को मदद मिली है।

### मालदीव के

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में मुइज्जू का औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद थे। तीनों सेनाओं ने मुइज्जू को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद उन्होंने यहां राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। मालदीव के राष्ट्रपति अपनी पत्नी साजिदा मोहम्मद और अपने देश के प्रतिनिधिमंडल के साथ रविवार शाम को भारत पहुंचे। पिछले वर्ष नवंबर में पदभार ग्रहण करने के बाद से यह मुइज्जू की पहली राजकीय यात्रा है। मुइज्जू जून में प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे।

### तीन आईएएस

अंजू वर्मा को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव कुलसचिव हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विवि कानपुर का अतिरिक्त प्रभार और निरंकार सिंह को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### विरोध के

संपन्न हो, यह प्रत्येक जनपद-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें। कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग और पीआरवी 112 की पेट्रोलिंग तेज की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए, इसके लिए सभी विभाग मिलकर काम करें।

### स्वास्थ्य और

स्वास्थ्य चुनौतियों के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियों जैसी स्थितियों से निपटने के लिए 2010 से एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम को लागू कर रहा है। बयान में कहा गया है कि इस पहल के कारण प्रारंभिक चरण में निवारक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 753 एनसीडी क्लीनिक, 356 डे केयर सेंटर और 6,238 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं। नड्डा ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रकाश स्तंभ देश के रूप में भारत, डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल - भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई डब्ल्यूएचओ-प्रबंधित नेटवर्क के माध्यम से तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, ई-संजीवनी, एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएचआईपी), सक्षम आदि जैसे अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान कोविन डिजिटल मंच की सफलता के बाद, भारत ने सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म-यूविन की अवधारणा तैयार की है। दक्षिण पूर्व एशियाई सदस्य देशों में पारंपरिक और पूरक चिकित्सा की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए, नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र बनाने में डब्ल्यूएचओ का समर्थन किया है, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर इन प्रणालियों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली को पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के साथ एकीकृत करने में भारत के अनुभव ने समग्र स्वास्थ्य सेवा के प्रावधान को बढ़ावा दिया है, जिससे समग्र कल्याण को बढ़ावा मिला है और स्वास्थ्य सेवाओं की सीमा का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा किहमारे आयुष्मान आरोग्य मंदिर जो सामुदायिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र हैं, हमारे नागरिकों की शारीरिक और मानसिक सेहत सुनिश्चित करते हैं।

### हम करेंगे

मिलकर चने के साग की सब्ज़ी हरभ2353]याची भाजी और बैंगन के साथ तुवर दाल बनाई। गांधी ने कहा कि दलित बहुजनों को हिस्सेदारी और अधिकार संविधान देता है, और उस संविधान की रक्षा कांग्रेस करेगी। उनके मुताबिक, खानपान के प्रति जागरूकता की कमी और इस संस्कृति के दस्तावेजीकरण के महत्व पर चर्चा की गई। राहुल गांधी ने कहा कि समाज में सभी की सच्ची समावेशिता और समानता तभी संभव होगी जब हर एक भारतीय दिल में भाईचारे की भावना के साथ प्रयास करे।

### कोयला खदान

डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे। घटनास्थल का दौरा करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं स्थानीय विधायक अनूप साहा ने कहा, कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोटक सामग्री को पर्याप्त सावधानी बरते बिना ट्रक से उतारा गया था। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पी बी सलीम ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह घटना कोयला ब्लॉक के डंप यार्ड में हुई। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। विस्फोट में मारे गए लोग खदान का संचालन कर रही एजेंसी के कर्मचारी थे। हम प्रभावित श्रमिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी डब्ल्यूबीपीडीसीएल के पास पांच बिजली संयंत्र हैं और इनकी स्थापित क्षमता 4,265 मेगावाट है। चालू वित्त वर्ष में, अतिरिक्त 660 मेगावाट तापीय क्षमता बढ़ाए जाने की संभावना है।

### लालू, तेजस्वी

रेलवे के पश्चिम-मध्य जोन में ग्रुप-डी में हुई भर्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि रेलवे में भर्ती होने वाले लोगों ने नौकरी के बदले लालू के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों को उपहार स्वरूप जमीन दी थी। वही, दूसरी ओर बिहार के पुर्व उप मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष यशस्वी यादव एक नए विवाद में घिर गए हैं। उन्होंने ने उपमुख्यमंत्री का बंगला खाली किया। बीजेपी नेता दानिश इकबाल ने उन पर सरकारी संपत्ति उठाकर ले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि तेजस्वी यादव द्वारा खाली किए गए बंग्ले से नए सोफे, एसी, हाइड्रोलिक पलंग और महंगा मिरर गायब है। बाथरूम की टोंटियां भी उखाड़ी गई हैं। सम्राट चौधरी को तेजस्वी द्वारा खाली किएगए बंगले में दशहरा के बाद शिफ्ट होना है।

### आरजी कर

अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस ने रॉय को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 10 अगस्त को गिरफ्तार किया था, जिसमें वह नौ अगस्त की सुबह सेमिनार रूम में प्रवेश करते हुए दिखा था। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 14 अगस्त को जांच का जिम्मा संभाला था। सीबीआई ने रॉय को हिरासत में लिया और उससे विस्तृत पूछताछ की, जिसके बाद पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया। रॉय ने नार्को विश्लेषण के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद सीबीआई परीक्षण पर आगे नहीं बढ़ सकी। मामले में ताला पुलिस थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल और मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है।

### इसराइल ने

दक्षिण गाजा पट्टी से मध्य इस्राइल पर रॉकेट हमले होने के बाद इस्राइली रक्षा बल ने लोगों से क्षेत्र खाली करने के लिए कहा है। आईडीएफ ने कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस क्षेत्र से मध्य इस्राइल पर रॉकेट दागे गए। इसलिए हमने क्षेत्र में रहने वाले फलस्तीनी नागरिकों से क्षेत्र को छोड़ने के लिए कहा है। द टाइम्स ऑफ इस्राइल के मुताबिक आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता कर्नल अविचार्य अद्रेई ने हमास के हमलों का अत्यधिक बल से सामना किया जाएगा। इसलिए लोगों को षेत्रों को तत्काल खाली करना होगा और मानवीय क्षेत्र में जाना होगा।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि यह वैश्विक समुदाय के लिए हमास के घृणित कारनामों की निंदा करने का दिन है। साथ ही उन्होंने सभी पीड़ितों और उनके प्रियजनों के साथ एकजुटता भी व्यक्त की। सात अक्टूबर के हमले ने इंसानों को झकझोर दिया और आज हम उन सभी को याद करते हैं जो क्रूरता से मारे गए और यौन हिंसा सहित अकथनीय हिंसा का सामना करना पड़ा क्योंकि वे बस अपना जीवन जी रहे थे।'

इस्राइल के महावाणिज्य दूत शोशानी ने कहा, 'इस तरह के हालातों में यह पहचाना जा सकता है कि कौन हमारा दोस्त है और कौन नहीं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस संयुक्त राष्ट्र के महासचिव होने के लायक नहीं हैं। इसका कारण यह है कि वह ईरान से दागी जाने वाली एंटी-बैलिस्टिक मिसाइलों की निंदा नहीं कर पा रहे हैं। कुछ यूरोपीय नेता इस्राइली सेना के काम को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

### फलस्तीनी

इजराइली हमले के सामने उग्रवादियों की दृढ़ता को रेखांकित किया है जिसमें अब तक लगभग 42 हजार फलस्तीनी मारे गए हैं। इसने गाजा के बड़े क्षेत्रों को भी नष्ट कर दिया है और इसकी लगभग 90 प्रतिशत आबादी को विस्थापित किया गया है। हमास के नेतृत्व वाले उग्रवादियों ने एक वर्ष पहले इजराइल की सुरक्षा को धता बताते हुए पास के सैन्य ठिकानों तथा काश्तकारों पर अचानक हमला कर दिया था, जिसमें लगभग।,200 लोग मारे गए थे। तब उग्रवादियों ने 250 अन्य का अपहरण कर लिया गया था। उन्होंने अब भी गाजा में करीब 100 लोगों को बंधक बनाया हुआ है, जिनमें से एक तिहाई लोगों के मारे जाने का अनुमान है। इजराइल अब गाजा में हमास और लेबनान में उसके सहयोगी हिजबुल्ला के साथ युद्ध कर रहा है।

### गोंडा में

डा. दीपक ने बताया कि सभी घायल 60 प्रतिशत से ज्यादा झुलसे हुए हैं और ऐसी दशा में उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए लखनऊ भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों क अनुसार जिस व्यक्ति के घर पर विस्फोट हुआ है।




## संक्षेप

### जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने संन्यास की घोषणा की

नयी दिल्ली। भारत की दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने सोमवार को खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। दीपा 2016 रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं थी। ओलंपिक में शिरकत करने वाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट बनी 31 साल की दीपा रियो ओलंपिक की वॉल्ट स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं थी और सिर्फ 0.15 अंक से कांस्य पदक जीतने से चूक गईं थी। दीपा ने बयान में कहा, बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी जिम्नास्टिक से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह आसान फैसला नहीं है लेकिन मुझे लगता है कि यह सही समय है। उन्होंने कहा, जब से मुझे याद है तब से जिम्नास्टिक मेरे जीवन का केंद्र रहा है और मैं उतार-चढ़ाव और बीच के हर लम्हे के लिए आभारी हूं।

### श्रीलंका ने जयसूर्या को 2026 तक मुख्य कोच किया नियुक्त

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट ने पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को सोमवार को 2026 टी20 विश्व कप तक अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का पूर्णकालिक मुख्य कोच नियुक्त किया। यह पूर्व सलामी बल्लेबाज जुलाई से श्रीलंका के अंतरिम कोच की भूमिका निभा रहा था। उनके रहते हुए टीम ने भारत और इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया जिसके बाद उनके देश के क्रिकेट बोर्ड में उन्हें पूर्णकालिक मुख्य कोच नियुक्त करने का फैसला किया। जयसूर्या के मार्गदर्शन में श्रीलंका ने 27 वर्षों में भारत के खिलाफ अपनी पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीती और फिर 10 वर्षों में पहली बार इंग्लैंड से उसकी धरती पर टेस्ट मैच जीता। श्रीलंका की टीम ने हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला 2-0 से जीती थी। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान में कहा, श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ जयसूर्या के अंतरिम मुख्य कोच रहते हुए टीम के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया। उनकी नियुक्ति एक अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2026 तक की गई है।

### राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में हिमाचल को 7-0 से रौंदा

पलक्कड़ (केरल)। गोवा ने 29 वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में सोमवार को यहां ग्रुप ए मैच में हिमाचल प्रदेश को 7-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। गोवा ने मध्यांतर से पहले 5-0 की बढ़त बना ली। टीम के लिए स्ट्राइकर पर्ल फर्नांडिस ने तीन गोल किए जबकि एनिएला बैरेटो, पुष्पा परब, सुष्मित जाधव और स्वेलेन मर्सिया फर्नांडिस भी गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। ग्रुप ए के अन्य मैच में तमिलनाडु ने केरल को 3-। से हराया।

### पाकिस्तान के चार विकेट पर 328 रन

मुल्तान (पाकिस्तान)। कप्तान शान मसूद और अब्दुल्लाह शफीक के शतक से पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन सोमवार को यहां पहली पारी में चार विकेट पर 328 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की। चार साल में पहला टेस्ट शतक जड़ते हुए मसूद ने 177 गेंद में 151 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज शफीक ने 102 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 253 रन की बड़ी साझेदारी भी की। मसूद ने अपनी पारी में 13 चौके और दो छक्के मारे जबकि शफीक की 184 गेंद की पारी में 10 चौके और दो छक्के शामिल रहे। इंग्लैंड ने हालांकि अंतिम सत्र में तीन विकेट चटकाकर मैच में वापसी करने की कोशिश की। दिन का खेल खत्म होने पर सऊद शकील 35 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि रात्रि प्रहरी नसीम शाह ने अभी खाता नहीं खोला है। विदेशी सरजमीं पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने 70 रन देकर दो विकेट चटकाए। टीम में वापसी कर रहे स्पिनर जैक लीच ने 61 रन देकर एक विकेट हासिल किया। पिच पर हल्की घास नजर आ रही है लेकिन इससे तेज गेंदबाजों या स्पिनरों को किसी तरह की मदद नहीं मिल रही। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे।

# भारत अंडर-19 टीम की अच्छी शुरुआत

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे युवा टेस्ट के शुरुआती दिन पहली पारी में पांच विकेट पर 316 रन

एजेंसी

चेन्नई। नित्य पंड्या के 94 रन की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे युवा टेस्ट के शुरुआती दिन पहली पारी में पांच विकेट पर 316 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की।



पंड्या सोमवार को अर्धशतक जड़ने वाले भारत के चार खिलाड़ियों में शामिल रहे। वह छह रन से शतक से चूक गए। पंड्या ने 135 गेंद की अपनी पारी में 12 चौके मारे। पंड्या के अलावा केपी कार्तिकेय (71), कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) और निखिल कुमार (61) ने भी अर्धशतक जड़े। दिन का खेल खत्म होने पर हर्षवंश पंगालिया सात रन बनाकर कप्तान सोहम का साथ निभा रहे थे। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मेजबान टीम ने दूसरे ओवर में ही वैभव सूर्यवंशी (03) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने हैरी होएक्स्ट्रा (29 रन पर दो विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स ली यंग को कैच थमाया। सलामी बल्लेबाजी विहान मल्होत्रा 75 गेंद में 10 रन की बेहद धीमी पारी खेलने के बाद विश्वा रामकुमार की गेंद पर बोल्ड हो गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे पंड्या और कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 112 रन जोड़कर पारी को संवारा। कार्तिकेय ने 99 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का मारा। पंड्या और कार्तिकेय दोनों हालांकि चार ओवर के भीतर आउट हो गए जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 185 रन हो गया। कप्तान सोहम और निखिल ने इसके बाद पांचवें विकेट के लिए 105 रन जोड़कर पारी को संभाला। निखिल ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया और 93 गेंद की अपनी पारी में सात चौके मारे। ोहम ने एक छोर संभाले रखा। वह 120 गेंद की अपनी पारी में अब तक छह चौके जड़ चुके हैं। भारतीय टीम पहला मैच दो विकेट से जीतकर युवा टेस्ट श्रृंखला में I-0 से आगे चल रही है।

**साइड स्पिन की बजाय ओवर स्पिन से फायदा मिला: वरुण चक्रवर्ती**

ग्वालियर। भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का मानना है कि उन्होंने साइड स्पिन करने के बजाय गेंद को अधिक टर्न कराने के लिए ओवर स्पिन पर ध्यान दिया जिससे उन्हें राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी करने में मदद मिली। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने 2021 में टी20 विश्व कप में अपने अंतराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसके कारण वह टीम से बाहर हो गए। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को यहां खेले गए मैच में तीन विकेट लेकर राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी की। भारत की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले वरुण ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं साइड स्पिन करने वाला गेंदबाज हुआ करता था, लेकिन अब मैं पूरी तरह से ओवर स्पिन करने वाला गेंदबाज बन गया हूं।

उन्होंने कहा, यह स्पिन गेंदबाजी का एक सूक्ष्म तकनीकी पहलू है, लेकिन इसमें महारत हासिल करने में मुझे दो साल से अधिक का समय लगा। मैंने तमिलनाडु प्रीमियर लीग और आईपीएल में इस तरह से गेंदबाजी शुरू की। इसके लिए मुझे मानसिक पहलू पर भी काम करना पड़ा। इस तरह की गेंदबाजी करने का सबसे प्रमुख पहलू तकनीकी पक्ष होता है। वरुण को पिछले दो सत्र में आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया जिसने उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अब जबकि टीम में उनकी वापसी हो गई है तो यह उन्हें पुनर्जन्म जैसा लग रहा है।

# जूनियर चैंपियनशिप : भारत ने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

एजेंसी

नयी दिल्ली। दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्रा (528) की भारतीय टीम ने पेरू की राजधानी लीमा में विश्व **जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप** के अंतिम दिन पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने अजरबैजान को एक अंक से हराकर कुल 1616 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। आर्मेनिया की टीम तीसरे स्थान पर रही। भारत ने इस तरह से 13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पदक सहित कुल 24 पदकों के साथ चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया। इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण सहित कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।




भारत के मुकेश नेलवल्ली ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता में उनका छठा पदक है। उन्होंने 548 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। अजरबैजान के इमरान गारायेव ने 552 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल में परिशा गुप्ता ने 540 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत रजत पदक जीता। हंगरी की मिरियम जाको ने 546 अंक बनाए जो जूनियर विश्व रिकॉर्ड है। भारत की सेजल कांबले (529), केतन (525) और कनिष्का डागर (513) ने इस स्पर्धा में टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। अजरबैजान की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में भाग ले रही पांचवीं भारतीय दिव्यांशी 523 अंक के साथ आठवें स्थान पर रहीं। अंतिम दिन की अन्य स्पर्धा में शार्दुल विहान और सबीरा हैरिस ने मिलकर जूनियर मिश्रित टीम ट्रैप स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक दिलाया। शार्दुल (71) और सबीरा (67) ने कुल 138 का स्कोर बनाया। चेक गणराज्य ने स्वर्ण और इटली ने रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में जुहैर खान और भाव्या त्रिपाठी की दूसरी भारतीय जोड़ी ने कुल 134 का स्कोर बनाकर संयुक्त छठा स्थान हासिल किया।

### त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने मुंबा मास्टर्स को हराया

लंदन। मौजूदा चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के पांचवें दिन सोमवार को यहां शुरुआती मैच में अपग्रेड मुंबा मास्टर्स पर 10-8 से जीत हासिल की। अलीरेजा फिरोजा ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए टूर्नामेंट में पांचवीं जीत हासिल की। दोनों टीमों के पहले मुकाबले में कॉन्टिनेंटल किंग्स ने सफेद मोहरों से खेलते हुए फिरोजा, वेई यी और वेलेंटीना गुनिना की जीत के साथ मुंबा को 12-3 से हराया था।

# पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद वापसी करेंगे सिंधू व सेन

एजेंसी

वंता (फिनलैंड)। पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा। इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया।



सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया। दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधू का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में हारने वाले सेन का डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू अगर पहली बाधा पर कर लेती हैं तो अगले दौर में उनका सामना 2022 की जूनियर विश्व चैंपियन 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाज़ाकी से हो सकता है जिससे वह इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन में हार गई थी। सेन के लिए भी यह गेम्के से बदला लेने का मौका होगा। वह 2023 में इंडिया ओपन में उनसे हार गए थे। अगर वह इस मैच को जीतने में सफल रहते हैं।

# पहले से बेहतर हो गई श्रीलंका टीम : शेफाली

एजेंसी

दुबई। भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि श्रीलंका की टीम पहले से बेहतर हो गई है और उसे किसी भी तरह से हल्के से नहीं लिया जा सकता क्योंकि वह अब केवल चमारी अटापट्टू पर ही निर्भर नहीं है। भारत को महिला टी20 विश्व कप के अपने अगले मैच में बुधवार को श्रीलंका का सामना करना है जिसने उसे एशिया कप के फाइनल में हराया था। भारतीय टीम को इसके बाद 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है।

शेफाली ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में 32 रन का योगदान देने के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा, इससे पहले उनकी तरफ से चमारी ही अधिक रन बनाती थी और विकेट लेती थी लेकिन एशिया कप में उनकी पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी टीम में काफी सुधार हुआ है और इसलिए वह एशिया कप जीतने में सफल रही। भारतीय टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच काफी महत्वपूर्ण है जिसमें टीम को छोटी-छोटी गलतियों को करने से भी बचना होगा। मंधाना ने




कहा, एक खिलाड़ी के लिए प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण होता है। जब आप विश्व कप में खेल रहे हों तो आपको अपना शत प्रतिशत देना होता है।

लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आप गलतियां नहीं कर सकते हैं। उसे हराने के लिए आपको उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह का लक्ष्य श्रीलंका की कप्तान को सस्ते में आउट करना है। रेणुका ने कहा, चमारी अटापट्टू बेहद दिलचस्प खिलाड़ी है। वह श्रीलंका की टीम में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है जो अपने दम पर मैच का पासा पलट सकती है। मैं जितना जल्दी संभव हो सके उसका विकेट लेने की कोशिश करूंगी क्योंकि वह अगर जम गई तो फिर मैच अपने पक्ष में कर सकती है।

# शतरंज लीग : अलास्कन नाइट्स लगातार पांचवीं जीत

एजेंसी

लंदन। पीबीजी अलास्कन नाइट्स ने यहां चल रही टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में रविवार चौथे दिन के दूसरे मैच में अल्पाइन एसजी पाइपर्स को 9-7 के करीबी अंतर से हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। अलास्कन नाइट्स ने इस टूर्नामेंट के आधे चरण तक हुए कुल 15 मैचों के बाद अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं।



अलास्कन के शीर्ष खिलाड़ी अनीश गिरी के मैग्नस कार्लसन से हारने के बावजूद उनकी टीम 58 गेम अंक हासिल करके शीर्ष पर है। वहीं गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स को पराजित कर दूसरा स्थान हासिल किया और टीम शीर्ष स्थान पर काबिज अलास्कन से केवल तीन गेम अंक पीछे है। कॉन्टिनेंटल किंग्स के तेजतर्रार खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा ने फ्रांस के शीर्ष रेटिंग वाले खिलाड़ी मैक्सिम वैचियर-लाग्रेव को हराकर प्रतियोगिता में अपना विजय क्रम बरकरार रखा। दिन के आखिरी मैच में दुनिया के नंबर एक कार्लसन (अल्पाइन एसजी पाइपर्स) और नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा (अमेरिकन गैम्बिट्स) के बीच खेला गया शानदार मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। जूनियर खिलाड़ियों के बोर्ड पर डैनियल डार्डा ने जोनास बजेर को शिकस्त देकर अल्पाइन एसजी पाइपर्स को अमेरिकन गैम्बिट्स के खिलाफ 9-7 से जीत दिलाई, जिससे वह 43 गेम अंक के साथ तीसरे स्थान पर आ गए। रविवार के मुकाबलों में एक जीत और एक हार से अमेरिकन गैम्बिट्स 33 गेम अंक लेकर चौथे स्थान पर है।

# लेवांडोव्स्की की हैट्रिक से बर्सिलोना शीर्ष पर

एजेंसी

मैड्रिड। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां खेले गए मैच में 25 मिनट के अंतराल में हैट्रिक बनाई, जिससे बार्सिलोना अलावेस को 3-0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले शीर्ष पर पहुंच गया। लेवांडोव्स्की ने सातवें, 22वें और 32वें मिनट में गोल करके लीग में नौ मैचों में अपने गोल की संख्या 10 पर पहुंचा दी। वह अभी तक वर्तमान सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 11 मैच में 12 गोल कर चुके हैं। उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में आठ गोल किए हैं। पोलैंड के स्ट्राइकर ने मंगलवार को चैंपियंस लीग में बार्सिलोना की यंग बॉयज़ पर 5-0 से जीत में भी दो गोल किए थे। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड से तीन अंक आगे हो गया है। रियाल मैड्रिड शनिवार को चौथे स्थान पर मौजूद विलारियाल को 2-0 से पराजित करके बार्सिलोना की बराबरी पर पहुंच गया था। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड रियाल सोसिदाद से I-I से ड्रा खेलकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अन्य मैचों में डोडी ल्यूकबाकियो ने 50वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर सेविला को रियाल बेटिस पर I-0 से जीत दिलाई जबकि गिरोना ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-I से हराया।



**मोहन बागान को एसीएल दो से हटा हुआ माना जाएगा: एएफसी**

नयी दिल्ली। एशियाई फुटबॉल की संचालन संस्था एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने सोमवार को कहा कि ट्रेक्टर एफसी का सामना करने के लिए ईरान की यात्रा करने के खिलाफ फैसला करने के लिए मोहन बागान सुपर जाइंट को एएफसी चैंपियन्स लीग (एसीएल) दो से हटा हुआ माना जाएगा। इस मामले में भविष्य में आगे का फैसला किया जाएगा। खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोहन बागान सुपर जाइंट ने उस समय ईरान में अस्थिर स्थिति को ध्यान में रखते हुए दो अक्टूबर को होने वाले मुकाबले के लिए इस पश्चिम एशियाई देश की यात्रा नहीं करने का फैसला किया था। एएफसी ने कहा, एएफसी लीग दो 2024I25 प्रतियोगिता नियमों के नियम 5.2 के अनुसार एशियाई फुटबॉल परिसंघ पुष्टि करता है कि भारत के मोहन बागान सुपर जाइंट को दो अक्टूबर 2024 को ट्रेक्टर एफसी के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए तबरीज पहुंचने में नाकाम रहने के बाद एसीएल दो प्रतियोगिता से हटा हुआ माना जाएगा। उन्होंने कहा, परिणामस्वरूप मोहन बागान सुपर जाइंट द्वारा खेले गए सभी मैच प्रतियोगिता के नियम 5.6 के अनुसार रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें अमान्य माना गया है। संदेह से बचने के लिए प्रतियोगिता के नियम 8.3 के अनुसार ग्रुप ए में अंतिम रैंकिंग निर्धारित करते समय क्लब के मैचों से जुड़े किसी अंक और गोल को ध्यान में नहीं रखा जाएगा। मोहन बागान सुपर जाइंट को महाद्वीप की दूसरे टीयर की क्लब प्रतियोगिता एसीएल दो के ग्रुप ए मैच में दो अक्टूबर को ट्रेक्टर एफसी का सामना करना था लेकिन खिलाड़ियों ने ईरान में नहीं खेलने की इच्छा जताई जहां इजरायल के हवाई हमले में रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक प्रमुख जनरल की मौत के बाद शोक की घोषणा की गई थी। एएफसी ने बयान में कहा, यह मामला अब संबंधित एएफसी समिति के पास उनके निर्णय के लिए भेजा जाएगा। मोहन बागान सुपर जाइंट ने ग्रुप ए के अपने पहले मैच में ताजिकिस्तान के एफसी रवशान के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला था। उस समय सात विदेशी खिलाड़ियों सहित क्लब के 35 पंजीकृत खिलाड़ियों ने क्लब को लिखा था कि वे ईरान की यात्रा नहीं करना चाहते।

### तेंदुलकर ने खेली गयी पहली शतकीय पारी को याद किया

मुंबई। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को लगभग 38 साल पहले अंडर-15 क्रिकेट में बड़ौदा में खेली गयी शतकीय पारी अच्छे से याद है क्योंकि यह मुंबई के लिए उनका पहला शतक था। क्रिकेट के सबसे महान बल्लेबाजों में शामिल 51 साल के तेंदुलकर ने सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांड दूत नियुक्त होने के बाद कहा कि उन्होंने मुंबई के लिए अपना पहला शतक बड़ौदा में ही लगाया था। तेंदुलकर ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, इस कमरे में मौजूद बहुत से लोगों को यह नहीं पता होगा कि मैंने किसी भी आधिकारिक टूर्नामेंट, किसी भी आयु वर्ग में मुंबई के लिए पहला शतक बड़ौदा में बनाया था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि 1986 का साल था। मैंने अंडर-15 टूर्नामेंट खेलते हुए अपना पहला शतक बनाया था। हम बड़ौदा में महाराष्ट्र के खिलाफ खेल रहे थे और मैंने 123 रन बनाये थे। तेंदुलकर ने कहा कि इसके कुछ समय के बाद उन्हें रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम में नामित किया गया था लेकिन वह एकादश में जगह नहीं बना सके थे और यह मैच भी बड़ौदा में ही खेला गया था। उन्होंने कहा, उस समय, मुझे वास्तव में आपके संस्थापक (बड़ौदा के महाराजा, सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय) के महल का दौरा करने का अवसर मिला। मैंने महल में रखी गयी उनकी विशेष चीजों को देखा। उन्होंने कहा, अगर मैं गलत नहीं हूं, तो मैंने समरजीत गायकवाड़ (बड़ौदा के पूर्व खिलाड़ी) के खिलाफ भी खेला है। वह गायकवाड़ परिवार से ही हैं। रिकॉर्ड 463 एकदिवसीय खेलने वाले तेंदुलकर इस मौके पर यह जिक्र करना नहीं भूले कि उन्होंने अपना 400वां वनडे बड़ौदा में ही खेला था।

# गेंद की गति हमेशा मेरे दिमाग में : मयंक

ग्वालियर। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी 20 अंतरराष्ट्रीय में यादगार पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने कहा कि तेज गति ने उन्हें हमेशा प्रभावित किया है लेकिन वह इस बात को जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिटनेस संबंधी उतार-चढ़ाव के बीच सिर्फ निरंतरता से ही अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। इस साल आईपीएल की दस सबसे तेज गेंद (सभी 150 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक) फेंकने वाले इस 22 साल के गेंदबाज ने अपनी गति से बांग्लादेश के बल्लेबाजों को भी परेशान किया।

**लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतरता जरूरी**

उनका पहला ओवर मेडन रहा। उन्होंने अपने चार ओवर के कोटे में 14 डॉट गेंद डाली और 21 रन देकर एक विकेट हासिल किया। मयंक ने अपने पदार्पण के बाद मैच के प्रसारक जियो सिनेमा से कहा, मैं उत्साहित था लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं थोड़ा नर्वस भी था क्योंकि मैं चोट से उबरने कर लगभग तीन-चार महीने बाद वापसी कर रहा था। मुझे प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिले थे और फिर अचानक मुझे मौका मिला। उन्होंने कहा, मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण कर रहा था इसलिए थोड़ा घबराया हुआ था। आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलते हुए लगातार दो मैचों में मैन ऑफ द मैच रहे मयंक को पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिहैबिलिटेशन के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में लंबा समय बिताना पड़ा। मयंक को पता है कि उन्हें पहचान तेज गेंदबाजी से मिली है लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे बने रहने के लिए लाइन लेंथ में निरंतरता जरूरी है। उन्होंने कहा, मेरी गति हमेशा मेरे दिमाग में रहती है, लेकिन अपनी आईपीएल यात्रा के दौरान मैंने सीखा है कि इस प्रारूप में और खासकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतरता महत्वपूर्ण है। दिल्ली के इस गेंदबाज ने कहा, लाइन और लेंथ महत्वपूर्ण हैं। लगातार सही लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करने से वास्तव में मदद मिलती है क्योंकि बल्लेबाज आपका सम्मान करना शुरू कर देते हैं। मैं अपनी लाइन और लेंथ को सटीक रखने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मयंक ने कहा कि उनके



लिए चोट से उबरने के दौरान पिछले चार महीने काफी चुनौतीपूर्ण थे। उन्होंने कहा, मेरी चोट के दौरान का समय वास्तव में कठिन था क्योंकि पिछले चार महीनों में मुझे कई चरणों से गुजरना पड़ा, उतार-चढ़ाव देखना पड़ा। आईपीएल के दौरान उन्होंने लेंथ और अत्यधिक गति पर ध्यान केंद्रित किया लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ इस गेंदबाज ने धीमी गेंदों का भी कारगर इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, मैंने आईपीएल के दौरान धीमी गेंदों का अधिक उपयोग नहीं किया क्योंकि उनकी वास्तव में आवश्यकता नहीं थी। मैं अपने कप्तान (लोकेश राहुल) से बात करता था, और वह मुझे अपनी स्टॉक गेंदों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहते थे। पिच से अगर मदद मिले तो मैं ज्यादा विविधता पर ध्यान नहीं देता हूं। बांग्लादेश के खिलाफ विकेट धीमा था और थोड़ी उछाल मिल रही थी। इसलिए मुझे एहसास हुआ कि गति में बदलाव से मदद मिल सकती है। मयंक ने कहा कि पदार्पण से पहले कोच गौतम गंभीर ने उन्हें ज्यादा कुछ आजमाने से बचने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा, उनकी सलाह थी।

# नक्सली मानवाधिकारों के बड़े उल्लंघनकर्ता

## सुरक्षा बल अब रक्षात्मक अभियान चलाने के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सुरक्षा बल अब नक्सलियों के खिलाफ रक्षात्मक कार्वाई के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं और हाल के समय में उन्होंने बड़ी सफलता हासिल की है। शाह ने नक्सलवाद से प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं शीर्ष अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में सुधार के कारण पिछले लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इससे पहले इस क्षेत्र में एक भी मत नहीं पड़ा था।

इस महत्वपूर्ण बैठक में नक्सल-विरोधी अभियानों और प्रभावित क्षेत्रों में की गई विकास पहलों पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा कम से कम 31 नक्सलियों को मार गिराए जाने के कुछ दिनों बाद नक्सल-प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ केंद्रीय गृहमंत्री की यह बैठक हुई है। यह मुठभेड़ हाल के दिनों में नक्सलियों के




खिलाफ सबसे सफल अभियानों में से एक है। शाह ने कहा, सुरक्षा बल अब रक्षात्मक अभियान चलाने के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं। उन्होंने नक्सलियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए कहा कि वे मानवाधिकार के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं, जो आठ करोड़ से अधिक लोगों को विकास और बुनियादी कल्याण के अवसरों से वंचित कर रहे हैं। नक्सलवाद के खतरे से प्रभावित राज्यों में छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की रणनीति के कारण नक्सली हिंसा में 72 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि 2010 की तुलना में 2023 में नक्सली हमले में मरने वालों की संख्या में 86 प्रतिशत की कमी आई है तथा नक्सली अब अपनी अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं। नक्सलवाद प्रभावित राज्यों को विकास सहायता प्रदान करने में शामिल केंद्रीय मंत्रियों ने भी बैठक में भाग लिया। साथ ही केंद्र, राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। गृह मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार मार्च, 2026 तक नक्सलवाद के खतरे को पूरी तरह से जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार नक्सलवाद से प्रभावित राज्य सरकारों को इस खतरे से लड़ने में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।

शाह ने पिछली बार छह अक्टूबर, 2023 को प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ नक्सलवाद पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी। उस बैठक में गृहमंत्री ने नक्सलवाद को खत्म करने के संबंध में व्यापक दिशानिर्देश दिए थे। वर्ष 2024 में अब तक 230 से अधिक नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। 723 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जबकि 812 को गिरफ्तार किया गया है।

# केरल के छह जिलों में आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

तिरुवनंतपुरम। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने केरल के छह जिलों के लिए सोमवार को येलो अलर्ट जारी किया है और राज्य भर में मध्यम बारिश जारी है। मौसम विभाग की ओर से रविवार को जारी जिला वर्षा पूर्वानुमान के अनुसार, सोमवार को तिरुवनंतपुरम, इडुक्की, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझीकोड और वायनाड जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। देश में मौसम संबंधी अलर्ट जारी करने के लिए मौसम विभाग चार रंगों का उपयोग करता है।

ये रंग और इनके संदेश, ग्रीन (किसी कार्वाई की जरूरत नहीं), येलो (नजर रखें और निगरानी करते रहें), ऑरेंज (तैयार रहें) और रेड (कार्वाईसहायता की जरूरत) हैं। मौसम विभाग ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा, अलपुझा और कोट्टायम जिलों के कुछ हिस्सों में



पांच से 15 मिलीमीटर प्रति घंटे की हल्की से मध्यम वर्षा होने और 40 किमी प्रति घंटा की गति से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान व्यक्त किया गया है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, रविवार शाम साढ़े पांच बजे तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। वेधशालाओं ने कन्नूर हवाई अड्डे पर 93 मिमी बारिश दर्ज की, इसके बाद पलक्कड़ में 28 मिमी, करिपुर हवाई अड्डे पर 13 मिमी और अलपुझा तथा कन्नूर में सात-सात मिमी बारिश दर्ज की गई एवं पुनालुर में पांच मिमी बारिश हुई। स्वचालित मौसम केंद्रों (एडब्ल्यूएस) और स्वचालित वर्षामापी (एआरजी) ने अनक्कयम (मलप्पुरम जिले) में 71 मिमी, पन्नियूर (कन्नूर जिले) में 64 मिमी और पनाथुर (कासरगोड जिले) में 62.5 मिमी वर्षा दर्ज की।

संक्षेप

## सूडान में संघर्ष जारी, 13 की मौत

काहिरा। सूडान के उत्तरी दारफुर में सूडानी सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के बीच जारी संघर्ष में कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने यह जानकारी दी। यूनिसेफ ने रविवार को एक बयान में कहा कि बच्चों की उम्र छह से 17 वर्ष के बीच थी। स्थानीय समाचार पत्र सूडान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सूडानी सेना ने शुक्रवार को उत्तरी दारफुर की राजधानी अल फाशिर से लगभग 70 किलोमीटर पूर्व में स्थित अल कुमा शहर के एक बाजार को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। सूडान ट्रिब्यून समाचार पोर्टल के अनुसार, मेलिट शहर में हुए हवाई हमलों में कम से कम 45 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। अप्रैल 2023 में राजधानी खार्तूम में सूडानी सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच युद्ध शुरू हुआ था और यह पूरे देश में फैल गया है। दारफुर में विशेष रूप से भीषण संघर्ष देखा गया है। सूडान में यूनिसेफ के प्रतिनिधि शेल्डन येट ने कहा, "बच्चों पर ये हमले अस्वीकार्य हैं। युद्ध या नागरिक संघर्ष में बच्चों की कोई भूमिका नहीं होती है, लेकिन सूडान में संघर्ष के चलते सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों को ही उठाना पड़ रहा है।

## नतीजों के पहले हुड्डा ने कहा : न मैं टायर्ड हूं न रिटायर्ड

एजेंसी

नयी दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने फिर कहा कि वह न तो टायर्ड (थके) हैं और न ही रिटायर्ड (सेवानिवृत्त) हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की उनकी दावेदारी से जुड़े सवाल पर यह टिप्पणी की।

हुड्डा ने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस आलाकमान के फैसले को पार्टी के सभी नेता मानेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि हरियाणा में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिलने जा रहा है क्योंकि सभी वर्गों ने उसका समर्थन किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीट पर कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ा है और भाजपा का घटा है।

यह साफ संकेत है कि हरियाणा में अबकी बार कांग्रेस की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री से जुड़े सवाल पर 77 वर्षीय हुड्डा ने कहा, मुख्यमंत्री को लेकर कोई सवाल नहीं है। विधायकों के मत जाने जाएंगे और आलाकमान फैसला करेगा। जिसके नाम पर भी फैसला होगा, सब मानेंगे।

## मोदी ने मूल्य आधारित राजनीति का उदाहरण किया पेश

एजेंसी

नागपुर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मूल्य आधारित राजनीति का उदाहरण पेश किया है और हर पार्टी के नेताओं को उनसे सीखना चाहिए कि उन्होंने स्वच्छ छवि के साथ कैसे काम किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता फडणवीस ने नागपुर में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक पद पर 23 वर्ष पूरे करने से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, मोदी जी ने हमारे सामने मूल्य आधारित राजनीति का उदाहरण पेश किया है। मुझे लगता है कि सभी नेताओं



को, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यह सीखना चाहिए कि कैसे उन्होंने इन सभी वर्षों में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में स्वच्छ छवि के साथ काम किया। मोदी ने सात अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और 2014 में प्रधानमंत्री बनने से पहले वह 13 साल तक इस पद पर बने रहे।

उन्होंने इस साल जून में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने भाजपा नेता हर्षवर्धन पाटिल के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह खबर पुरानी है। पाटिल ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह अपने समर्थकों के साथ राकांपा (एसपी) में शामिल होंगे। इससे एक दिन पहले उन्होंने राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार से मुंबई में मुलाकात की थी।

## माइक्रो आरएनए की खोज, वैज्ञानिकों को किया जायेगा नोबेल पुरस्कार से सम्मानित

एजेंसी




स्टॉकहोम। माइक्रो आरएनए की खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किये जाने की घोषणा सोमवार को की गई। माइक्रो आरएनए आनुवंशिक पदार्थ के छोटे-छोटे टुकड़े होते हैं जो कोशिका स्तर पर जीन की कार्यप्रणाली को बदल देते हैं और कैंसर के उपचार के नए तरीकों में कारगर साबित हो सकते हैं।

कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल असेंबली ने कहा कि दोनों वैज्ञानिकों की खोज जीवों के विकास और कार्यप्रणाली के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। असेंबली ने कहा, उनकी असाधारण खोज ने जीन विनियमन के एक बिल्कुल नए सिद्धांत को उजागर किया है जो मनुष्यों सहित बहुकोशिकीय जीवों के लिए आवश्यक साबित हुआ है। नोबेल समिति के महासचिव थॉमस पर्लमैन ने कहा कि एंब्रोस ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में वह शोध किया जिसके कारण उन्हें यह पुरस्कार दिया जाएगा। वह वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स मेडिकल स्कूल में प्रकृति विज्ञान के प्रोफेसर हैं। रुवकुन का अनुसंधान मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में किया गया, जहां वह जेनेटिक्स के प्रोफेसर हैं। पर्लमैन ने बताया कि उन्होंने घोषणा से कुछ समय पहले फोन पर रुवकुन से बातचीत की। उन्होंने कहा, उन्होंने काफी देर में फोन उठाया और बहुत थके हुए लग रहे थे, लेकिन जब उन्हें समझ आया कि किस बारे में बात हो रही है तो वह बहुत उत्साहित और प्रसन्न हुए। पिछले वर्ष, फिजियोलॉजी या चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार हंगरियाई-अमेरिकी नागरिक कैटालिन कारिको और अमेरिकी नागरिक ड्रू वीसमैन को उन खोजों के लिए दिया गया था, जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ एमआरएनए टीके विकसित करने में मदद की। चिकित्सा क्षेत्र में अब तक कुल 227 विजेताओं को नोबेल पुरस्कार दिया गया है जिनमें से केवल 13 महिलाओं को यह पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार जीतने वाले को एक करोड़ 10 लाख स्वीडिश क्रोना (करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर) दिए जाते हैं। यह पुरस्कार स्वीडन के वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल के नाम पर दिया जाता है।

## ईडी के छापों पर आप ने पीएम को घेरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजीव अरोड़ा के परिसरों पर सोमवार को छापों के बाद पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसे हथकंडों का सहारा ले रहे हैं क्योंकि वह चुनावों में पार्टी को हरा नहीं पा रहे हैं।

वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण छापे नहीं मारे जा रहे बल्कि यह आप तथा उसके नेतृत्व को कमजोर करने के वृहद प्रयासों का हिस्सा हैं।



ईडी ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 61 वर्षीय सांसद के, पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली गयी।

सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज, आम आदमी पार्टी, अरविंद केजरीवाल और हमारे नेताओं को बर्बाद करने की कोशिश में प्रधानमंत्री की पसंदीदा एजेंसी ईडी ने संजीव अरोड़ा के घर पर छापा मारा, जो राज्यसभा में हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मोदी पर जांच एजेंसियों का राजनीतिक हथकंडे के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। सिसोदिया ने कहा, नरेन्द्र मोदी ऐसे हथकंडे अपना रहे हैं क्योंकि वह हमें चुनावों में हरा नहीं पा रहे हैं।

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, दो चीनी नागरिकों व संदिग्ध आतंकी की मौत

एजेंसी

कराची। पाकिस्तान के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे के पास देर रात चीनी श्रमिकों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए बलूच विद्रोही समूह के आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिकों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास देर रात हुए विस्फोट में एक संदिग्ध आत्मघाती हमलावर की भी मौत हो गई। यह हमला पाकिस्तान में चीनी श्रमिकों के खिलाफ हिंसा की श्रृंखला में नवीनतम घटना है।

यह हमला राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से दो सप्ताह से भी कम समय पहले हुआ है।

प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह विस्फोट एक आत्मघाती हमला था, जिसमें जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से निकल रहे चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के काफिले को निशाना बनाया गया।

इंटरटेनमेंट...

# सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज, रामायण से प्रेरित है फिल्म

मुंबई। रोहित शेट्टी की मल्टीस्टारर फिल्म 'सिंघम अगेन' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। लगभग 5 मिनट लंबे इस ट्रेलर को देखकर लगता है कि फिल्म की कहानी 'रामायण' से प्रेरित है। फिल्म में अजय देवगन राम, करीना कपूर सीता, टाइगर श्रॉफ लक्ष्मण, रणवीर सिंह हनुमान, अक्षय कुमार जटायु और अर्जुन कपूर रावण से प्रेरित किरदारों में नजर आएंगे।

8 बड़े सितारों से सजी यह फिल्म 1 नवंबर को दिवाली पर रिलीज होगी। पड़ोसी मुल्क में




कोवर्ट ऑपरेशन करता है सिंघम कहानी बाजीराव सिंघम (अजय देवगन) से शुरू होती है जिनकी पत्नी अवनी (करीना कपूर) को श्रीलंका का खतरनाक गुंडा डेंजर लंका (अर्जुन कपूर) उठाकर ले जाता है। इसके बाद अपनी पत्नी को बचाने निकले सिंघम की मदद शक्ति शेट्टी (दीपिका पादुकोण), एसीपी सत्या (टाइगर श्रॉफ), सूर्यवंशी (अक्षय कुमार) और सिम्बा (रणवीर सिंह) करते हैं। इन सबकी मदद से सिंघम पड़ोसी मुल्क में कोवर्ट ऑपरेशन करता है। दीपिका पादुकोण एसपी शक्ति सिंह के रोल में एक्शन करती दिखेंगी। सिंघम को अपना आदर्श मानने वाले एसीपी सत्या का किरदार टाइगर श्रॉफ ने निभाया है। रणवीर सिंह एक बार फिर से एसीपी संग्राम 'सिम्बा' भालेराव के रोल में नजर आएंगे। अर्जुन कपूर फिल्म में विलेन बने हैं। उनका किरदार रावण से प्रेरित है। फिल्म में जैकी श्रॉफ भी हैं। वो आतंकवादी उमर हफीज के किरदार में नजर आएंगे।

सभी किरदारों से अच्छे से कनेक्ट करता है ट्रेलर हिंदी सिनेमा के इस सबसे लंबे ट्रेलर में सभी किरदारों को भरपूर स्पेस दी गई है। इसे अच्छी तरह से रामायण से कनेक्ट किया है। सभी किरदार और उनके रामायण से कनेक्शन को भी क्लीयरली समझाया गया है। फिल्म के 8 लीड किरदारों के अलावा श्वेता तिवारी, दयानंद शेट्टी, रवि किशन और सिद्धार्थ जाधव को भी दिखाया गया है। चर्चा तो फिल्म में सलमान खान के कैमियो को लेकर भी जारी है पर वो ट्रेलर में कहीं नजर नहीं आए। फिल्म में कई मजेदार डायलॉग्स हैं। रणवीर और दीपिका इसमें कॉमिक रोल में नजर आएंगे। फिल्म का क्लैश कार्तिक आर्यन और विद्या बालन स्टारर 'भूल भुलैया 3' से होगा। 'भूल भुलैया 3' से क्लैश होगी फिल्म यह फिल्म 1 नवंबर को दिवाली के मौके पर थिएटर्स में रिलीज होगी। इसका क्लैश कार्तिक आर्यन स्टारर 'भूल भुलैया 3' से होगा।

## बॉलीवुड में कमबैक करेंगे पाकिस्तानी एक्टर फवाद

मुंबई। पाकिस्तानी कलाकारों के भारतीय फिल्मों में काम करने को लेकर विरोध जारी है। इसी बीच इंडियन स्टोरीज प्रोडक्शन हाउस ने पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की बॉलीवुड में वापसी की घोषणा की है। फवाद की इस कमबैक फिल्म का नाम 'अबीर गुलाल' है और इसमें उनके अपोजिट बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग बीते 29 सितंबर से लंदन में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म का निर्देशक आरती एस बागड़ी करेंगी। वहीं इसे विवेक अग्रवाल, अर्वंतिका हरी और राकेस सिप्पी मिली प्रोड्यूस करेंगे। मेकर्स ने फिल्म की अनाउंसमेंट करते हुए यह फोटो शेयर किया है जिसमें फवाद खान और वाणी कपूर साथ नजर आ रहे हैं। यूके में होगी पूरी शूटिंग, भारतीय दैनिक म्यूजिक रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म को अक्टूबर और नवंबर के महीने में यूके में ही शूट किया जाएगा।

## सलमान होस्टेड बीबी-18 में वायरल भाभी की एंट्री

मुंबई। हेमा शर्मा, जिन्हें सोशल मीडिया पर 'वायरल भाभी' के नाम से जाना जाता है, अब 'बिग बॉस 18' में बतौर कंटेस्टेंट नजर आ रही हैं। बातचीत में उन्होंने कहा कि घर के अंदर वे किसी भी प्रकार का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगी। वह अपनी इज्जत के लिए हमेशा खड़ी रहेंगी।

बातचीत के दौरान, उन्होंने बताया कि इस शो में अपनी असली पहचान बनाए रखते हुए आगे बढ़ना चाहती हैं। मुझे सच में यकीन नहीं हुआ। मैं एक बहुत साधारण लड़की हूं, न कोई फिल्मी बैकग्राउंड है और न ही कोई गॉडफादर। सब कुछ रातों-रात बदल गया। मैंने सोचा था कि बस इंटरव्यू



देकर देखूंगी, लेकिन सच में ऐसा होगा, ये कभी नहीं सोचा था। 'बिग बॉस' करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। मैं यूपी के एक छोटे कस्बे से आई हूं, जहां की लड़कियां साड़ी पहनकर घूमती हैं।

## 'भूल भुलैया 3' का ट्रेलर किया पोस्टपोन

मुंबई। कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म 'भूल भुलैया 3' का ट्रेलर 7 अक्टूबर को रिलीज होने वाला था। सुनने में आया है कि मेकर्स ने इसे आखिरी मिनट में पोस्टपोन कर दिया है। हालांकि, मेकर्स ने इसकी कोई ऑफिशियल वजह नहीं बताई पर माना जा रहा है कि आखिरी मिनट में ट्रेलर में कुछ बदलाव किए गए हैं।

जिस वजह से देरी हुई। वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ऐसा रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' की वजह से हुआ है। 'भूल भुलैया 3' में कार्तिक के अपोजिट तृप्ति डिमरी नजर आएंगी। उन्होंने फिल्म में कियारा आडवाणी को रिप्लेस किया है। 4:45 मिनट का हो सकता है 'सिंघम अगेन' का ट्रेलर दरअसल,



'सिंघम अगेन' के डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने रविवार को अनाउंस किया कि वो 7 अक्टूबर को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज करेंगे।

रिपोर्ट्स की मानें तो रोहित की इस फिल्म के ट्रेलर की लेंथ 4 मिनट 45 सेकेंड रखी गई है। अगर ऐसा होता है तो यह हिंदी सिनेमा के इतिहास का सबसे लंबा ट्रेलर होगा। फिल्म 'सिंघम अगेन' के मेजर पोर्शन की शूटिंग कश्मीर में हुई है। फिल्म की कहानी आतंकवाद से जुड़ी बताई जा रही है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com